राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia @swatantramedia RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) @SwatantraPrabhatonline news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, सोमवार, 15 जून 2026
वर्ष 07, अंक 248, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

राम-जानकी मार्ग पर बड़ा हादसा होने का खतरा, बैजलपुर पुलिया के पास सड़क में पड़ी गहरी दरार...02

राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने विधायक सुरेंद्र मैथानी का कार्यालय घेरा..11

# केरलम में राजनीतिक गिरावट का दोष राहुल गांधी को न दें... कांग्रेस का CPM पर पलटवार

● कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा है कि माकपा को अपनी राजनीतिक गिरावट के लिए राहुल गांधी को दोष नहीं देना चाहिए

● उन्होंने जोर दिया कि माकपा की मौजूदा स्थिति उसकी अपनी राजनीतिक असुरक्षा और संकीर्ण सोच का नतीजा है. केरलम के बाहर माकपा कांग्रेस के समर्थन से ही बची है

● राहुल पर हमला अपनी हार की जिम्मेदारी दूसरों पर डालने जैसा है, जिससे पार्टी को भविष्य में और नुकसान होगा



कांग्रेस के महासचिव और सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा है कि माकपा का अपनी राजनीतिक नाकामियों और गिरावट के लिए राहुल गांधी की बेइज्जती करने का कोई मतलब नहीं है। वेणुगोपाल ने कहा, 'राहुल गांधी पर माकपा के हमले ऐसे हैं जैसे कोई इंसान अपनी परछाई पसंद न आने पर आईना तोड़ दे. केरलम के बाहर माकपा आज संसद में ज्यादातर कांग्रेस और उसके अलायंस पार्टनर्स के सपोर्ट की वजह से बची हुई है. ऐसे हालात में, राहुल गांधी की उसकी बुराई किसी अजीब बात से कम नहीं है।

वेणुगोपाल ने कहा कि राजस्थान और तमिलनाडु जैसे राज्यों में राहुल गांधी के नाम पर वोट मांगकर चुनाव जीतने वाले अब उन्हें 'ईडी एजेंट' कह रहे हैं. प्रजातंत्र में, सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी का नेता ही स्वाभाविक रूप से नेता प्रतिपक्ष की भूमिका निभाता है. माकपा नेता, जो अपनी राजनीतिक अहमियत बचाने के लिए भी संघर्ष कर रहे हैं, अब राहुल गांधी के नेतृत्व पर सवाल उठाने लगे हैं।

**सीपीएम की राजनीतिक हताशा का संकेत**

वेणुगोपाल ने कहा कि इससे पार्टी में गहरी राजनीतिक असुरक्षा का पता चलता है, जो केरलम में भी एक विपक्षी फोर्स बनकर रह गई है. उन्होंने आगे कहा कि माकपा की बातें केरलम में उसके निराशाजनक चुनावी प्रदर्शन की वजह से है. अपनी हार के कारणों का ऑब्जेक्टिव असेसमेंट करने के बजाय, पार्टी ने राहुल गांधी पर हमला करना चुना है. इस तरह का अप्रोच माकपा को भविष्य में और भी बड़ी पॉलिटिकल नाकामियों की ओर ले जाएगा।

वेणुगोपाल ने कहा कि इंडिया अलायंस कांग्रेस पार्टी की लीडरशिप और पहल में भारत की डेमोक्रेसी और कॉन्स्टिट्यूशन को बीजेपी की तानाशाही वाली सोच से बचाने के लिए बनाया गया था. यह अलायंस बीजेपी को हराने के साफ मकसद से बनाया गया था. माकपा के पूर्व जनरल सेक्रेटरी सीताराम येचुरी इस अलायंस के पीछे के मकसद को पूरी तरह समझते थे।

उन्होंने आगे बताया कि कांग्रेस ने चुनाव के बाद तमिलनाडु में टीवीके के साथ पावर की चाहत में नहीं, बल्कि राष्ट्रपति शासन लगने से रोकने और एक सेक्युलर सरकार बनाने में मदद करने के लिए सहयोग किया था. मजे की बात यह है कि माकपा ने बाद में राज्य में भी यही पॉलिटिकल पोजीशन अपनाई, लेकिन अब वह आसानी से इस बात को नजरअंदाज कर रही है।

**आरोप नहीं अपनी हार के कारण तलाशिए**

उन्होंने कहा कि जबकि कांग्रेस बड़े नेशनल इंटरेस्ट में काम करती रहती है, माकपा तेजी से एक छोटी और ग्रुप वाली पॉलिटिकल सोच से गाइड होती जा रही है. राहुल गांधी ने लगातार बीजेपी द्वारा पॉलिटिकल विरोधियों को टारगेट करने के लिए इन्वेस्टिगेशन एजेंसियों के गलत इस्तेमाल के खिलाफ मजबूत लड़ाई लड़ी है. वह खुद भी ऐसे कामों का शिकार हुए हैं. इसके उलट, आज माकपा के पास एक सही नेशनल पॉलिटिकल पोजीशन की कमी है और वह उन राज्यों में मुख्य रूप से रीजनल एजेंडा पर फोकस करती है जहां वह काम करती है।

वेणुगोपाल ने कहा कि इसी छोटी सोच की वजह से पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में कम्युनिस्ट मूवमेंट कम हुआ है. राहुल गांधी पर बेबुनियाद आरोप लगाने के बजाय माकपा नेताओं को अपनी पार्टी की लगातार राजनीतिक गिरावट के कारणों पर गंभीरता से सोचना चाहिए।

# अश्विनी वैष्णव की पीसी में बिजली गुल, 10 मिनट अंधेरे में रहे रेल मंत्री, 2 अफसर सस्पेंड

● जयपुर में आयोजित की गई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अचानक लाइट चली गई

● बिजली गुल हो जाने की वजह से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को 10 मिनट तक अंधेरे में ही पत्रकारों से बातचीत करनी पड़ी

● इस मौके का एक वीडियो कांग्रेस ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट करके सरकार पर निशाना साधा. अब इस मामले में कार्रवाई की गई है और दो इंजीनियर को सस्पेंड कर दिया गया है



जयपुर में 11 जून को भाजपा के ऑफिस में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे उसी दौरान अचानक बिजली चली गई। बिजली तीन बार गुल हुई, जिससे मंत्री को करीब 10 मिनट तक अंधेरे में ही पत्रकारों से बात करनी पड़ी. गुरुवार को जब केंद्रीय रेल और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 12 साल पूरे होने के मौके पर भाजपा के देशव्यापी अभियान के तहत मीडिया से बात कर रहे थे, तो उसी दौरान बिजली चली जाने की वजह से राज्य भाजपा कार्यालय में अंधेरा छा गया था. इस घटना पर काफी विवाद हुआ। अब तीन दिन बाद, 13 जून को बिजली विभाग ने इस मामले पर कार्रवाई की है। हीरापुरा के 400 केवी सब-स्टेशन पर तैनात असिस्टेंट इंजीनियर विपिन वर्मा को सस्पेंड कर दिया गया इलेक्ट्रीशियन बाबू सिंह को भी सस्पेंड कर दिया गया। सुपरिटेंडिंग इंजीनियर आर.पी. गुप्ता को चार्जशीट जारी की गई और उनसे जवाब मांगा गया. एक अधिकारी ने कहा कि अनुशासनात्मक कार्रवाई जांच रिपोर्ट में बिजली इंफ्रास्ट्रक्चर के रखरखाव में खामियां पाए जाने के बाद की गई, जिसके कारण ये रुकावट आई थी।

## जांच के लिए बनाई गई समिति

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने इस बिजली गुल होने की घटना पर सख्ती दिखाई. उन्होंने राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम (आरवीपीएनएल) और जयपुर डिस्कॉम के अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी. मामले की जांच के लिए 3 सदस्यीय समिति बनाई गई है। इस समिति में जयपुर के अतिरिक्त मुख्य अभियंता (अध्यक्ष), जयपुर ग्रामीण के अधीक्षण अभियंता (एसई), सहायक अभियंता (संरक्षण इंजीनियरिंग) हैं।

समिति बिजली ट्रिपिंग और गुल होने के सही कारण पता करना करेगी.आगे ऐसी घटनाएं आगे न हों, इसके लिए समाधान करना होगा. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के लिए बिना रुकावट और भरोसेमंद बिजली सप्लाई सबसे बड़ी प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि बिजली व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

**जांच कमेटी की रिपोर्ट के बाद गिरी गाज**

इस हाई-प्रोफाइल बिजली कटौती की घटना को ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने बेहद गंभीरता से लिया था। मंत्री के सख्त निर्देशों के बाद विभाग ने इस ग्रिड फेलियर के कारणों का पता लगाने के लिए एक उच्च स्तरीय तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया था. शनिवार को इस जांच समिति ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट आला अधिकारियों को सौंप दी. जांच रिपोर्ट में हीरापुरा स्थित 400 केवी ग्रिड सब-स्टेशन (जीएसएस) के स्तर पर बड़ी तकनीकी लापरवाही और मानवीय चूक को चिन्हित किया गया. इसी रिपोर्ट के आधार पर ट्रांसमिशन यूटिलिटी ने यह दंडात्मक कदम उठाया है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### बाजार जाने के बाद लापता हुई किशोरी, परिजनों ने दर्ज कराई गुमशुदगी

**तालबेहट।** थाना क्षेत्र के एक गांव से 13 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराते हुए तलाश की गुहार लगाई है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार किशोरी 13 जून की सुबह घर से बाजार सामान लेने जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि संभावित स्थानों पर खोजबीन की जा रही है और मामले की जांच जारी है।

### लोक सेवा आयोग की प्रवक्ता भर्ती परीक्षा का जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रवक्ता भर्ती परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा कक्षों, सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के प्रवेश एवं सत्यापन प्रक्रिया तथा परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों को आयोग के दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने तथा परीक्षा की गोपनीयता एवं शुचिता बनाए रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने केंद्र पर तैनात पुलिस बल को सतर्कता एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि भर्ती परीक्षाओं की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# टिकट के लिए भाजपा ब्राह्मण नेताओं को बसपा में दिखी 'आशा की किरण', प्रयागराज के दिग्गजों ने बसपा से किया संपर्क

» भाजपा के ब्राह्मण नेता बसपा से टिकट के लिए संपर्क में।
» प्रयागराज में विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक सक्रियता बढ़ी।
» बसपा जिलाध्यक्ष ने भाजपा नेताओं के संपर्क की पुष्टि की।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** विधानसभा चुनाव का अघोषित बिगुल बजने के साथ नेताओं की सक्रियता बढ़ गई है। टिकट के लिए नेता गोट सेट करने में जुटे हैं। सत्ता दल भाजपा में टिकट के दावेदारों की भीड़ अधिक है। भाजपा से निराश नेताओं को बसपा में आशा की किरण नजर आ रही है। इसमें ब्राह्मण नेताओं की संख्या अधिक है। कई ब्राह्मण नेता भाजपा में रहकर बसपा की टिकट के लिए दौड़ लगा रहे हैं। इसमें बसपा के कई पूर्व नेता भी घर वापसी को आतुर हैं। सत्ता जाने पर बसपा का साथ छोड़कर भाजपा का दामन थामने वाले नेता टिकट न मिलता देख पुराने घर में लौटने की जुगत भिड़ा रहे हैं।

12 विधानसभा क्षेत्रों वाले प्रयागराज में भाजपा के छह, उसकी सहयोगी पार्टी अपना दल एस व निषाद पार्टी के एक-एक तथा सपा के चार विधायक हैं। भाजपा 2017 से प्रदेश की सत्ता पर काबिज है। इसके बाद सपा और बसपा के तमाम नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। इसमें ब्राह्मण नेताओं की संख्या अधिक है। उन्हें लगा था कि भाजपा में रहने से उन्हें टिकट मिल जाएगा, लेकिन वैसा होता दिख नहीं रहा। करछना विधानसभा क्षेत्र के कभी बसपा के विधायक रहे ब्राह्मण नेता भी उसमें शामिल हैं। वह भाजपा के सदस्य हैं, लेकिन टिकट के लिए अपनी पुरानी पार्टी बसपा में दौड़ लगा रहे हैं। भाजपा यमुनापार के पूर्व उपाध्यक्ष सहित तीन ब्राह्मण नेता मेजा विधानसभा क्षेत्र से बसपा का टिकट चाह रहे हैं। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सहित तीन नेता शहर उत्तरी से बसपा में संपर्क साध रहे हैं। इसी प्रकार फाफामऊ, हंडिया, शहर दक्षिणी, फूलपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा से निराश दर्जनभर नेता बसपा में दौड़ लगा रहे हैं। बसपा जिलाध्यक्ष टीएन जैसल का कहना है कि संगठनात्मक रूप से चुनाव को लेकर हमारी तैयारी तेज हो गई है। यही वजह है कि भाजपा के कई नेताओं ने बसपा से टिकट लेने के लिए संपर्क साधा है। कई ऐसे नेता पार्टी में वापसी करना चाहते हैं जो सत्ता जाने के बाद दूसरी पार्टियों में चले गए थे। सबके नाम पर विचार चल रहा है।

## आरोग्य मेले में मरीजों का परीक्षण कर दी, निः शुल्क दवा



**सिद्धार्थनगर।** विकास खंड भनवापुर के अंतर्गत रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिस्कोहर व कोहड़ोरा कठौतिया रामनाथ में जन आरोग्य मेला आयोजित किया गया। जन आरोग्य मेले में 60 मरीज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिस्कोहर में उन्हें जाँच कर दवाएं दी गई, न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोहड़ोरा राम नाथ कठौतिया में 40 मरीज का जांच कर डाक्टर राहुल कुमार ने दवा दी। डॉक्टर ने बताया कि इस मौसम में अचानक तबियत बिगड़ जाता हैं। जिसमें खान पान में सुधार करने की जरूरत है।11लाभार्थी को एच पी वी वैक्सीन लगाया गया उनकी जांच सही मात्रा में किया गया।इस मौके पर डॉक्टर राहुल, फार्मासिस्ट राकेश कुमार चौधरी, त्रिशुल चतुर्वेदी, धीरज राय, राजू आदि लोग मौजूद रहे।

## नीट पुनर्परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी, 21 जून को है एग्जाम




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

21 जून 2026 को होने वाली नीट पुनर्परीक्षा का एडमिट कार्ड अब neet.nta.nic.in पर जारी कर दिया गया है. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने छात्रों से कहा है कि एडमिट कार्ड डाउनलोड करने से पहले रिफंड के लिए अपने बैंक खाते की जानकारी अवश्य सत्यापित कर लें. इससे पहले केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा था कि दोबारा परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड 14 जून तक जारी कर दिए जाएंगे नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) रविवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट कर बताया किरी-एग्जामिनेशन (21 जून 2026) के लिए एडमिट कार्ड अब https://neet.nta.nic.in पर उपलब्ध है. एडमिट कार्ड डाउनलोड करने से पहले, कृपया रिफंड के लिए अपने बैंक अकाउंट की जानकारी वेरिफाई कर लें. साथ ही एनटीए हेल्पलाइन 011-40759000 / 011-69227700 नंबर भी जारी किए हैं

**एनटीए ने एडवाइजरी भी की जारी**

एनटीए ने एक्स पर छात्रों के लिए एक्स पर एडवाइजरी भी जारी की है. एनटीए ने कहा कि छात्र पोर्टल पर अपने बैंक अकाउंट की जानकारी अपडेट करते समय आपको सर्वर पर ज्यादा लोड का सामना करना पड़ सकता है. इस प्रोसेस को तेज और आसान बनाने के लिए कृपया नीचे दी गई चीजें तैयार रखें

**लॉग इन करने से पहले, ये जानकारी होनी जरूरी**

» पूरा नाम (बैंक रिकॉर्ड के अनुसार)
» बैंक अकाउंट नंबर
» आईएफएससी कोड
» कैंसल किए गए चेक की स्कैन की हुई कॉपी

# कानपुर यातायात पुलिस की कार्यवाही: सड़क किनारे खड़े वाहनों को थाने पहुंचाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** आज दिनांक 14.6.26 को पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में सुगम यातायात योजना 'Reducing Traffic Congestion (RTC) Scheme' के अन्तर्गत शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर सड़क किनारे नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। यातायात पुलिस कर्मियों द्वारा लाउड हेलर के माध्यम से वाहन स्वामियों/चालकों को सूचित करते हुए अपने वाहनों को तत्काल नो पार्किंग क्षेत्र से हटाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके बावजूद भी जिन वाहन स्वामियों द्वारा अपने वाहन नहीं हटाए गए, उनके वाहनों को क्रेन के माध्यम से कुल 7 चार पहिया वाहनों को सम्बन्धित थाने में भेजा गया।




वाहन स्वामियों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु अंतिम चेतावनी देते हुए नियमानुसार उनके वाहन सुपुर्द किए गए। यातायात पुलिस कानपुर नगर द्वारा आमजन से अपील कि जाती है कि वे अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें तथा नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा कर यातायात व्यवस्था बाधित न करें। यातायात नियमों का पालन कर शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुरक्षित बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें। यातायात पुलिस ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें एवं किसी भी असुविधा की स्थिति में ट्रैफिक कण्ट्रोल/ हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें।

# नोटिस जारी होते ही हरकत में आया प्रशासन, एडीओ एजी खुली भ्रष्टाचार की पोल कार्रवाई में देरी क्यों

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

धरातल पर मिले मात्र 15 मजदूर, जबकि अभिलेखों में दर्ज थे 194 मजदूर जांच में खुली भ्ष्ट्राचार की परतेंधरातल पर मिले 15 मजदूर कागजों में 194 सचिव पंकज सिंह की तेज रफ्तार से बढ़ रही धड़कनअब जांच अधिकारी नरहरपुर भ्रष्टाचार की जिला ग्राम्य विकास अभिकरण को देंगे स्पष्ट्रीकरणयदि जांच अधिकारी ने प्रेषित किया निष्पक्ष रिपोर्ट तो नशे में चूर सचिव पंकज सिंह व रोजगार सेवक होगे सलाखों के पीछे 194 की जगह 15 मजदूर जुटाने में छूटे प्रधान के पसीने जांच में खुली कलईयदि जांच में वास्तविक तथ्यों को नजर-अंदाज किया गया, तो जिलाधिकारी से पुनः जांच की होगी मांगप्रधान, सचिव/रोजगार सेवक की आपसी मिली-भगत से नरहरपुर में भ्रष्टाचार सीमा पर पहुंचा पत्रकारिता का चोला ओठे रोजगार सुनील अपने पक्ष की खबर खुद शेयर कर लूट रहा वाह-वाही

**भ्ष्ट्राचार मे डूबे सचिव पंकज सिंह सहित अन्य के साथ किया नरहरपुर भ्रष्टाचार की जांच**

**ग्राम पंचायत नरहरपुर भटपुरवा में ललहवा पर तालाब खुदाई कार्य पर जांच में की गई भ्रष्टाचार की पुष्टि से जुड़ा मामला**

**बस्ती।** बस्तीजिलेके विकासखंड कप्तानगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत नरहरपुर का भ्रष्टाचार सोशल मीडिया पर वायरल होते ही हरकत में आया जिला प्रशासन ने नोटिस जारी कर बीडीओ से स्पष्टीकरण तलब किया है ।बीडीओ कप्तानगंज द्वारा एडीओ ऐजी अरुण कुमार पटेल को जांच अधिकारी नामित कर ग्राम पंचायत नरहरपुर में चल रहे मनरेगा कार्यो की जांच कर आख्या मांगी थी।मौके पर 15 मज़दूरों के साथ जांच अधिकारी ने फोटो खिचवाकर भ्रष्टाचार की पुष्टि कर सिस्टम की पोल खोल कर रख दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार बीते कुछ सप्ताह से ग्राम पंचायत नरहरपुर में बीना कार्य कराए तालाब खुदाई कार्य कागज में चल रहा था ।सरकार की मंशा के विपरीत 194 मजदूरों की फर्जी हाजिरी की फोटो रोजगार सेवक द्वारा पटल पर अपलोड किया था। अभिलेखों में दर्ज मजदूरों की उपस्थिति और धरातल पर कार्य शून्य से नशे में चूर सचिव पंकज सिंह द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की परतें दर परतें खुलती नजर आ रही है। वही जांच अधिकारी को




धरातल पर मात्र 15 मजदूर मिलने पर रोजगार सेवक,प्रधान,सचिव तथा टीए को भ्रष्टाचार मे संलिप्त होने का सुबूत दे रहा है।

लोकेशन फोटो जांच और सिस्टम की अपंगता जाहिर कर रहा है। वही सचिव पंकज सिंह की धड़कने तेज रफ्तार से बढ़ रहीं हैं। शिकायतकर्ता ने कहा यदि जांच में वास्तविक तथ्यों को नजर-अंदाज किया गया,तो जिलाधिकारी से पुनः जांच कराने की मांग होगी। पत्रकारिता का चोला ओठे घरोजगार सुनील कुमार अपने पक्ष की खबर सम्मानित समाचार पत्रों प्रहरी, अवध नगरी,स्पष्ट दर्पण आदि में छापवाकर सचिव द्वारा किए गए भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने व खुद शेयर कर वाह-वाही लूटने का काम किया है। सवाल यह है कि भ्रष्टाचार की जांच होने के बाद रोजगार सेवक अपनी आईडी से फर्जी तरीके हाजिरी क्यो लगा रहा था ।बड़ा सवाल यह है कि क्या बीडीओ कप्तानगंज द्वारा नरहरपुर में मस्टररोल पर लगी फर्जी हाजिरी की फाइल को जीरो कर पाएंगे। या सेवा के अंतिम पड़ाव मे पहुंचे साहब कमिशन रेट बढ़ा कर भुगतान की स्वीकृत दे कर फाईल को आगे बढ़ाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### 210 गुमशुदा मोबाइल बरामद कर मालिकों को लौटाए, चेहरों पर लौटी मुस्कान



**35.70 लाख रुपये कीमत के मोबाइल खोज निकालने में साइबर थाना और पुलिस टीम को मिली सफलता**

**उरई (जालौन)**- जालौन पुलिस ने गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद करने के अभियान में बड़ी सफलता हासिल करते हुए 210 मोबाइल फोन खोज निकाले। करीब 35 लाख 70 हजार रुपये कीमत के इन मोबाइलों को उनके वास्तविक स्वामियों को लौटाया गया। लंबे समय बाद अपने खोए हुए मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह के निर्देशन में साइबर थाना एवं जनपद के विभिन्न थानों की संयुक्त टीम ने मोबाइल गुम होने संबंधी प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर कार्रवाई करते हुए तकनीकी सहायता से खोजबीन शुरू की। अभियान के दौरान अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अलावा अन्य जनपदों और राज्यों से भी मोबाइल फोन बरामद किए गए। रविवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी ने बरामद मोबाइल उनके स्वामियों को सौंपे। मोबाइल वापस पाकर लोगों ने जालौन पुलिस और साइबर टीम का आभार व्यक्त किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आमजन की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि मोबाइल गुम होने पर तत्काल संबंधित थाना या साइबर सेल को सूचना दें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। मोबाइल बरामदगी अभियान में साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार, उप निरीक्षक एकांत सिंह, कांस्टेबल शरद कुमार, कांस्टेबल विनोद और कांस्टेबल कृष्णवीर इंदौलिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बलरामपुर में मनरेगा कार्यों में गड़बड़ी पर प्रधान समेत चार पर मुकदमा, 58.34 लाख का हुआ था घोटाला



**बलरामपुर।** पचपेड़वा विकासखंड की ग्राम पंचायत विशुनपुर टनटनवा में मनरेगा के तहत तीन तालाबों पर कराए गए कार्यों में अनियमितता के मामले में सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) ने महत्वपूर्ण कार्रवाई की है। इस मामले में ग्राम प्रधान अयूब, रोजगार सेवक जुबेर खान, पंचायत सचिव गिरिशंकर और तत्कालीन अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अतुल कुमार मिश्र के खिलाफ विजिलेंस थाना अयोध्या सेक्टर में मुकदमा दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई खंड विकास अधिकारी पचपेड़वा मोहित दुबे की तहरीर पर की गई है। इस मामले में पचपेड़वा थाने में 2025 में भी एक मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें 20 जून 2025 को छह आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था, जो वर्तमान में जमानत पर हैं। बीडीओ ने दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप लगाया है कि विशुनपुर टनटनवा गांव में मनरेगा के अंतर्गत डा. अयूब के खेत के पास, नहर के निकट तालाब और गांव के पश्चिम तालाब निर्माण में कुल 58.34 लाख रुपये खर्च दिखाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। तत्कालीन जिलाधिकारी पवन अग्रवाल के निर्देश पर हुई जांच में तीनों तालाब पानी से भरे मिले। रिपोर्ट में कहा गया है कि जिन अवधि में कार्य कराए जाने का दावा किया गया, उस समय तालाबों में पर्याप्त पानी था। जांच में भुगतान और अभिलेखों से संबंधित गड़बड़ियां भी सामने आई हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। विजिलेंस थाना अयोध्या सेक्टर के प्रभारी निरीक्षक राम पाल सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
स्वतंत्र प्रभात
www.swatantraprabhat.com
जो लिखेगा, वही टिकेगा

# राम-जानकी मार्ग पर बड़ा हादसा होने का खतरा, बैजलपुर पुलिया के पास सड़क में पड़ी गहरी दरार

**● भ्रष्टाचार की पुलिया धसी विवाह के अधिकारी के होश उड़े कभी भी हो सकती है भारी दुर्घटना विभाग मौन**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बस्ती।** बस्ती जिले में भ्रष्टाचार पर रोक लगाने में फेल नजर आ रही है सरकार कोई ऐसा विभाग नहीं बचा है जहां भ्रष्टाचार न मचा हो आम जनता भ्रष्टाचार की आग में चल रही है ना तो इनको सही न्याय मिल पा रहा है और ना ही सही कार्य ग्राम पंचायत से लेकर हरविभागों में चल रहा है सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार होने के कारण जनता को सही न्याय नहीं मिल पा रहा है इस बात पर सरकार ध्यान नहीं दे रही है कर्मचारी खुले में लूट मचा रखी है गरीब जनता की जमीनों पर अवैध कब्जे हो रहे हैं राजा मामलाकलवारी के पास राम-जानकी मार्ग पर स्थित बैजलपुर पुलिया के समीप सड़क में पड़ी गहरी दरार राहगीरों और वाहन चालकों के लिए चिंता का विषय बन गई है। सड़क और पुलिया के जॉइंट के पास बनी यह दरार लगातार चौड़ी होती दिखाई दे रही है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका जताई जा रही है।स्थानीय लोगों के अनुसार राम-जानकी मार्ग क्षेत्र का प्रमुख संपर्क मार्ग है, जहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहन गुजरते हैं। सड़क के किनारे बनी यह खतरनाक दरार धीरे-धीरे बढ़ रही है, जिससे सड़क की मजबूती और सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इसकी मरम्मत नहीं कराई गई तो सड़क का हिस्सा धंस सकता है और गंभीर दुर्घटना हो सकती है।मामले में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवक वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम त्रिपाठी द्वारा तत्काल संबंधित विभाग और प्रशासन का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और जनहित को देखते हुए इस समस्या का स्थायी समाधान जल्द कराया जाना आवश्यक है।वहीं समाजसेवी डॉ. प्रेम त्रिपाठी ने प्रशासन से मांग की कि मौके का निरीक्षण कर तत्काल मरम्मत कार्य शुरू कराया जाए। साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि जब तक मरम्मत नहीं होती, तब तक दुर्घटना की आशंका को देखते हुए चेतावनी बोर्ड और बैरिकेडिंग लगाई जाए ताकि राहगीरों और वाहन चालकों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।स्थानीय नागरिकों ने भी प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा है कि बरसात के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है। लोगों का मानना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो यह दरार किसी भी दिन बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

### बलरामपुर में सुधरेंगे रेलवे कर्मचारियों के दिन, जर्जर आवासों को ध्वस्त कर बनाए जाएंगे आधुनिक आवास

**बलरामपुर।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशन के सुंदरीकरण के बाद अब रेलवे कर्मचारियों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में भी पहल शुरू हो गई है। वर्षों से जर्जर पड़े रेलवे आवासों को ध्वस्त कर आधुनिक आवासीय परिसर के निर्माण की तैयारी शुरू कर दी गई है। ब्रिटिश काल में निर्मित रेलवे आवास समय के साथ पूरी तरह जर्जर हो चुके थे। कई आवास रहने योग्य नहीं बचे थे, जिसके कारण स्टेशन अधीक्षक, स्टेशन मास्टर एवं अन्य कर्मचारी सीमित सुविधाओं वाले भवनों में किसी तरह रह रहे थे। वहीं कुछ कर्मचारियों को किराये के मकानों में रहने को मजबूर होना पड़ रहा था। करीब छह करोड़ रुपये की लागत से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत तुलसीपुर रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया गया। स्टेशन भवन, यात्री सुविधाओं और परिसर का स्वरूप तो बदल गया, लेकिन रेलवे कर्मचारियों के आवास लंबे समय तक उपेक्षित बने रहे। कर्मचारियों द्वारा लगातार बेहतर आवास की मांग उठाई जा रही थी।

## मोहर्रम को लेकर कलवारी थाने में पीस कमेटी की बैठक, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बस्ती।** बस्ती जिले मेंआगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को कलवारी थाने पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी कलवारी प्रदीप कुमार त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, संभ्रांत नागरिकों, चौकीदारों, पत्रकारों तथा थाना क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान अधिकारियों ने सभी से मोहर्रम के दौरान आपसी भाईचारा, शांति एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। अधिकारियों ने शासन एवं उच्चाधिकारियों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए कहा कि त्योहार के दौरान कानून-व्यवस्था भंग करने, अफवाह फैलाने अथवा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न समस्याओं और व्यवस्थाओं पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने लोगों की शिकायतें एवं सुझाव सुने तथा उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने मोहर्रम पर्व को शांति, सद्भाव और भाईचारे के साथ संपन्न कराने का संकल्प लिया। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

## बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत मुसहर बस्ती में जागरूकता कार्यक्रम


**● कन्या भ्रूण हत्या महापाप, बेटियां राष्ट्र की धरोहरः पप्पू पाण्डेय**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कुशीनगर।** जिले के पडरौना विकास खंड अंतर्गत ग्राम सभा भाँगड़ा पिपरासी की मुसहर बस्ती में रविवार को 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता पप्पू पाण्डेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों एवं महिलाओं को कन्या भ्रूण हत्या रोकने, बेटियों को शिक्षित बनाने तथा महिलाओं को सम्मान देने की शपथ दिलाई गई। यह अभियान वरिष्ठ समाजसेवी दीपनारायण अग्रवाल के निर्देशन में तथा पप्पू पाण्डेय के नेतृत्व में लगातार कई वर्षों से संचालित किया जा रहा है। अपने संबोधन में पप्पू पाण्डेय ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या एक महापाप है और बेटियां राष्ट्र की धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। शिक्षा, विज्ञान, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, न्यायपालिका, प्रशासन और राजनीति सहित हर क्षेत्र में बेटियां अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं और देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति विश्व की जननी है और उनकी सुरक्षा व सम्मान करना समाज का कर्तव्य है। एक समय समाज में कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुप्रथा प्रचलित थी, लेकिन जागरूकता और शिक्षा के कारण इसमें काफी कमी आई है। इसके बावजूद समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने और महिला सम्मान को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से उन्होंने बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता देने, महिलाओं का सम्मान करने और कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विशुनपुरा मंडल मंत्री मनोज कुमार गोंड, चंदन पाण्डेय, रोशन चौधरी, अकली देवी, कलापाती देवी, जोन्हियां देवी, प्रभावती देवी, प्यारी देवी, संगीता देवी, चंचली देवी, इंद्रावती देवी, सुभावती देवी, चंदा देवी, रम्भा देवी, इसरावती देवी, गुलाबी देवी, किसनावती देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

### युवती ने डेटिंग ऐप पर दोस्ती, शादी का झांसा देकर सहायक निदेशक से 25 लाख की ठगी



**बलरामपुर।** डेटिंग एप के माध्यम से दोस्ती करने के बाद शादी का झांसा देकर हरदोई की एक युवती ने सहायक निदेशक मत्स्य दीपांशु से 25 लाख रुपये ऐंठ लिए। सहायक निदेशक वर्तमान में बलरामपुर के साथ श्रावस्ती जिले का भी प्रभार देख रहे हैं। डेटिंग एप से जुड़ी युवती उनसे वर्ष 2024 से संपर्क में थी। पहले उसने शादी का आश्वासन दिया, बाद में मुकरते हुए धमकी देने लगी। सहायक निदेशक की तहरीर पर नगर कोतवाली पुलिस ने युवती समेत उसके परिवार के सात सदस्यों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने मामले की जांच क्षेत्राधिकारी ज्योतिश्री को सौंपी है। सहायक निदेशक ने नगर कोतवाली में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि जून 2024 में डेटिंग एप के माध्यम से उसकी पहचान हरदोई निवासी एक युवती से हुई थी। बातचीत के दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और युवती ने शादी का आश्वासन दिया। इसके बाद उसने पारिवारिक और आर्थिक परेशानियों का हवाला देकर विभिन्न माध्यमों से कई किस्तों में लगभग 25 लाख 13 हजार रुपये ले लिए।

## स्वर्णिम कार्यकाल में किए गये जनहित कार्यो से भारत की तस्वीर व तकदीर दोनो बदली- सूर्य प्रताप शाही

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बस्ती।** बस्ती जिले में प्रदेश सरकार के कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री/जनपद के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सर्किट हाउस में आयोजित मीडिया संवाद कार्यक्रम के अन्तर्गत कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश की प्रगति तथा विकास के हर क्षेत्र में किए गए ऐतिहासिक एवं सराहनीय कार्यो द्वारा आम जनमानस का जीवन स्तर ऊंचा उठाने हेतु सतत् प्रयास किया गया है।उन्होने कहा कि सुशासन को समर्पित प्रधानमंत्री के द्वारा 140 करोड़ भारतीयों की निरन्तर सेवा के 12 वर्ष पूर्ण हो चुके है। इसी के उपलक्ष्य में विश्वास, विकास के जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को संतृप्त किया जा रहा है।मा0 मंत्री ने प्रेस-वार्ता के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री के इस स्वर्णिम कार्यकाल में अबतक किए गये जनहित कार्यो से भारत की तस्वीर व तकदीर दोनो बदली है। उन्होने कहा कि वर्ष 2014 में यह सरकार बनी है तब से सरकार ने सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के आधार पर जनहितकारी कार्य किया है, बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ पात्रता के आधार पर दिया जा रहा है। सुशासन के लिए जनसुझावों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सरकार ने 10 करोड़ करीब परिवारों को उज्ज्वला गैस कनेक्शन देकर उनके जीवन में खुशहाली लाने का प्रयास किया है।मा0 मंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं व शिशुओं की सुरक्षा, नियमित टीकाकरण, सुरक्षित प्रसव एवं समुचित चिकित्सा हेतु तत्परतापूर्वक कार्य किया है। पी.एम. कुशुम, पी.एम. सूर्यघर, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, सड़को एवं सम्पर्क मार्गो का विस्तारीकरण, रेलवे, बिजली उत्पादन एवं आपूर्ति, एयरपोर्ट, रक्षा एवं अनुसंधान, एक्सप्रेस-वे, आधुनिक एवं वैज्ञानिक तकनीक एआई जैसे अभिनव प्रयोग कर आम जनमानस को सामाजिक, आर्थिक रूप से विकसित करने का सतत् कार्य किया गया है। देश में भ्रष्टाचार एवं आतंकवाद को समाप्त करने के लिए अभियान चलाकर कार्य किया गया है।

मा0 मंत्री ने कहा कि जनपद में किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण व शहरी), प्रधानमंत्री मातृ वंदन, प्रधानमंत्री जनधन, पी.एम. स्वनिधि,, प्रधानमंत्री जन आरोगय, जलजीवन मिशन ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविकास मिशन, व्यक्तिगत व सामूहिक शौचलयों का निर्माण, वृद्धा, निराश्रित महिला व दिव्यांग पेंशन, कन्या सुमंगला योजनाओं सहित अन्य संचालित योजनाओं द्वारा पात्र लाभार्थियों को आच्छादित किया गया है। उन्होने कहा कि विगत 12 वर्षो में देश को नई दिशा, नई ऊर्जा और नई पहचान मिली है। भारत आज दुनिया की तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक है तथा हम वैश्विक मंच पर मजबूत नेतृत्व के रूप में उभरे हैं। मा0 प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमेशा गरीबों, मजदूरों, किसानों, महिलाओं, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों तथा सभी वर्गो के लिए कार्य किया गया है। आज हम खाद्यान्न, रक्षा, चिकित्सा, आयुध उपकरणों के निर्माण में पहले से अधिक आत्मनिर्भर हैं, आज देश में शांति एवं कानून व्यवस्था का राज स्थापित है, हम सभी निडर होकर पहले से अधिक सम्मान से राष्ट्र के निर्माण में प्रगति कर रहे है।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा विवेकानन्द मिश्रा, पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी, पूर्व विधायक दयाराम चौधरी, रवि सोनकर, चन्द्र प्रकाश शुक्ला, संजय प्रताप जायसवाल, अपना दल के विवेक चौधरी, गोपेश्वर त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी अजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल, सीआरओ कीर्ति प्रकाश भारती, एसडीएम सदर हिमांशु कुमार, डीएसटीओ मनोज कुमार श्रीवास्तव, डीपीओ राजेश कुमार, उप निदेशक कृषि, अशोक कुमार, उप निदेशक कृषि एवं रक्षा रामबचन राम तथा जिला कृषि अधिकारी डा. बी.आर. मौर्य सहित जनप्रतिनिधि एवं प्रेस प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर अमेठी में जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेलों का शुभारंभ

**● 14 से 16 जून तक सभी विकास खंडों और सीएचसी पर होंगे कार्यक्रम, जनप्रतिनिधियों ने किया उद्घाटन**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**अमेठी।** केंद्र सरकार के सफल एवं जनसेवा के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद अमेठी में 'सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान' थीम के अंतर्गत तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन 14 जून से 16 जून 2026 तक जनपद के सभी विकास खंडों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ विभिन्न जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए, जिससे अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को भी योजनाओं का लाभ मिल सके। जनकल्याण शिविरों में कृषि, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, पंचायती राज, शिक्षा, पशुपालन, उद्योग, श्रम, बैंकिंग तथा अन्य विभागों द्वारा स्टाल लगाए गए। इन स्टॉलों पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आमजन को विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की तथा पात्र व्यक्तियों के आवेदन एवं समस्याओं का निस्तारण भी किया। शिविरों में उपस्थित लाभार्थियों एवं नागरिकों से जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। साथ ही सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित स्वास्थ्य मेलों में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श देने के साथ-साथ निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। स्वास्थ्य मेले के दौरान आयुष्मान भारत योजना, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, नियमित टीकाकरण, पोषण जागरूकता, संचारी रोग नियंत्रण तथा स्वच्छता संबंधी जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने के प्रति जागरूक किया। जनकल्याण शिविरों एवं स्वास्थ्य मेलों में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, लाभार्थी, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, किसान, युवा एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए। लोगों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। ज्ञातव्य है कि 14 से 16 जून तक आयोजित होने वाले इन शिविरों का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना, पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। जनपद के सभी विकास खंडों एवं सीएचसी पर कार्यक्रमों का सफल संचालन सुनिश्चित किया जा रहा है।

## कटेहरी में राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा की संगठनात्मक बैठक, जनसमस्याओं को लेकर आंदोलन तेज करने का संकल्प


**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**अंबेडकरनगर।** राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा विधानसभा कटेहरी की संगठनात्मक बैठक रविवार को क्षेत्र के मधुपुर मीरनपुर गांव में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, क्षेत्र की प्रमुख जनसमस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने तथा विकास और जन-अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि संगठन आम जनता की समस्याओं के समाधान और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार कार्य करता रहेगा। साथ ही क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं, विकास कार्यों और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का निर्णय लिया गया।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष हरिओम तिवारी, युवा अध्यक्ष सौरभ तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सुनील तिवारी, प्रशांत तिवारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे। वक्ताओं ने संगठन के विस्तार और जनसरोकारों के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दोहराया। बैठक का संचालन एवं अध्यक्षता जिला महासचिव अंकित पाठक ने की। कार्यक्रम के अंत में संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया गया।

## विज्ञान केंद्र में मूंज हस्तकला पर पांच दिवसीय रोजगारपरक प्रशिक्षण संपन्न



**अमेठी।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज अयोध्या के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, कठौरा अमेठी में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. नवनीत कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में गृह विज्ञान अनुभाग द्वारा आयोजित पांच दिवसीय रोजगारपरक व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण का विषय 'हस्तकला शिल्पः एक जनपद एक उत्पाद (मूंज)' रहा।कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. रेनू सिंह ने बेरोजगार कृषक महिलाओं, नवयुवतियों एवं नवयुवकों को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध मूंज, कास, सरपत आदि से विभिन्न उपयोगी एवं आकर्षक उत्पाद तैयार करने का प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को चपाती बॉक्स, मेजपोश, टी-कोस्टर, गुलदस्ता, पेन होल्डर, फूलों की डलिया, टोकरी, सोफा सेट, कैश रोल सहित अनेक हस्तशिल्प उत्पाद बनाने की विधियां सिखाई गई। इस अवसर पर उद्यान वैज्ञानिक डॉ. पी.के. सिंह ने फसल अवशेष प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें नष्ट करने के बजाय बहुउपयोगी सामग्री के रूप में उपयोग करने की सलाह दी। पशु वैज्ञानिक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने धान के पैरे से चटाई एवं टोकरी जैसी उपयोगी वस्तुएं तैयार करने की जानकारी दी। वहीं फसल सुरक्षा वैज्ञानिक लाल पंकज सिंह ने कृषि उत्पादों को सुरक्षित रखकर उनसे मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करने पर बल दिया।

प्रगतिशील किसान नासिर अहमद एवं भवानी प्रसाद ने महिलाओं को समूह बनाकर हस्तशिल्प कार्य को स्वरोजगार के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्ष डॉ. नवनीत कुमार मिश्रा ने युवाओं एवं महिलाओं को हस्तकला शिल्प के महत्व, उसके बाजार मूल्य तथा अंतरराष्ट्रीय मांग के बारे में जानकारी देते हुए इसे आयवर्धन का प्रभावी माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि अमेठी जनपद में मूंज से निर्मित उत्पाद देश-विदेश में लोकप्रिय हो रहे हैं और इनके माध्यम से किसान एवं महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकती हैं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र तथा केंद्र द्वारा उत्पादित उन्नत किस्म के सामयिक बीज वितरित किए गए। प्रशिक्षण में विभिन्न विकास खंडों की साधना, पार्वती, मसहूद खान, बीनू सिंह, मंजू देवी, रामावती सहित अनेक महिलाओं एवं प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा इसे स्वरोजगार के रूप में अपनाने की इच्छा व्यक्त की।

## ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत पुलिस मुठभेड़ में लूट के अभियोग में वांछित 25,000/- रुपये का इनामियां अभियुक्त गिरफ्तार

**● कब्जे से लूट की 01 पायजेब, 01 मांग टीका, 800/- रुपये नगद व 01 तमंचा, 01 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में उपनिरीक्षक अमरेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष थाना जायस जनपद अमेठी मय हमराह व उपनिरीक्षक अनूप कुमार सिंह प्रभारी स्वाट टीम अमेठी मय हमराह द्वारा 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' अभियान के तहत संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन की चेकिंग की जा रही थी इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रानी हरवंशगंज मजरे मवई आलमपुर में घर में घुसकर महिला के साथ जो लूट की घटना हुई थी उससे संबन्धित अभियुक्त, गंगाराम पुरवा मोड़ की तरफ से नसीराबाद की तरफ जाने वाला है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा गंगाराम पुरवा मोड़ पर चेकिंग की जाने लगी कि तभी ग्राम मवई आलमपुर की तरफ से 01 संदिग्ध व्यक्ति पैदल आता हुआ दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो उसने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा फायर करने पर उक्त व्यक्ति घायल होकर गिर गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त अभियुक्त से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम इमरान पुत्र मो0 मोजीब निवासी ग्राम रानीगंज मजरे मवई आलमपुर थाना जायस जनपद अमेठी उम्र करीब 22 वर्ष बताया जिसके कब्जे से 01 पायजेब (सफेद धातु), 01 मांग टीका (पीली धातु), 800/- रुपये नगद, 01 तमंचा, 01 जिन्दा कारतूस व 02 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि दिनांक 02.06.2026 की शाम को उसने अपने अन्य 02 साथियों दुर्गेश व अरमान के साथ मिलकर अपने पड़ोसी आकाश पुत्र धर्मवीर निवासी रानी हरवंशगंज मजरे मवई आलमपुर थाना जायस जनपद अमेठी के घर योजनाबद्ध तरीके से लूट की थी। वह और दुर्गेश, आकाश के घर में छत के रास्ते घुसे थे तथा अरमान घर के बाहर देखरेख कर रहा था। घर में घुसकर उन लोगों ने घर में सिलाई कर रही महिला के हाथ-मुंह बांधकर उससे अलमारी की चाबी ले ली थी और अलमारी खोलकर सोने-चांदी के जेवरात व रुपये लेकर वहां से चले गये थे। अभियुक्त ने बताया कि बरामद रुपये व आभूषण उसी लूट के हैं। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु पुलिस टीम के साथ अस्पताल भेजा गया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना जायस पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। थाना जायस पुलिस द्वारा उक्त लूट से संबन्धित 02 अभियुक्तों 1.दुर्गेश पुत्र रमेश व 2. अरमान पुत्र बाबू निवासीगण रानी हरवंशगंज मजरे मवई आलमपुर थाना जायस जनपद अमेठी को दिनांक 03.06.2026 को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की गई थी तथा पुलिस अधीक्षक अमेठी महोदय द्वारा तीसरे अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु 25,000/- रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### कमरे में फंदे से लटकी मिली युवती, मां ने देखा तो मच गया कोहराम

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के छोटा गेगासों गांव में रविवार को एक युवती ने घर की पहली मंजिल पर बने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। गांव निवासिनी रचना निषाद (25) पुत्री हीरालाल घर की पहली मंजिल पर बने कमरे में चुन्नी के सहारे फंदे से लटकी मिली। घटना के समय उसकी मां शिवप्यारी नीचे खाना बना रही थीं। काफी देर तक बेटी के बाहर न आने पर वह उसे बुलाने कमरे में पहुंचीं। वहां का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। मां ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों की मदद से युवती को नीचे उतारा गया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की मां ने बताया कि रचना काफी समय से बीमार रहती थी। उसके पिता हीरालाल और भाई विपिन दिल्ली में मजदूरी करते हैं। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। सीएचसी के इमरजेंसी चिकित्सक डॉ. गौरव पांडेय ने बताया कि युवती को अस्पताल लाया गया था लेकिन जांच में उसकी मौत की पुष्टि हुई। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### कैंट विधानसभा में घर-घर पहुंचेगा सपा पीडीए का संदेश, 16 जून से निकलेगी जनसंदेश यात्रा



**कानपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर द्वारा 216 कैंट विधानसभा क्षेत्र में पीडीए (पिछड़ा, दलित एवं अल्पसंख्यक) जनसंदेश यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा 16 जून से प्रारंभ होगी, जो पांचो विधान सभाओ मे जायेगी, जिसका नेतृत्व समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर अध्यक्ष हाजी फज़ल महमूद करेंगे। यात्रा का शुभारंभ वार्ड 73 जाजमऊ पुरानी चुंगी से किया जाएगा। इसके बाद पीडीए जनसंदेश यात्रा मककू शहीद का भट्टा, अशरफाबाद, मोती नगर, केडीए कॉलोनी तथा डिफेंस कॉलोनी सहित कैंट विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचेगी। यात्रा के माध्यम से समाजवादी पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता घर-घर जाकर जनता से संवाद स्थापित करेंगे तथा पार्टी की नीतियों, विचारधारा और पीडीए के सामाजिक न्याय के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएंगे। महानगर अध्यक्ष हाजी फज़ल महमूद ने बताया कि पीडीए जनसंदेश यात्रा का उद्देश्य समाज के पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक, किसान, मजदूर, नौजवान और वंचित वर्गों की आवाज को मजबूत करना तथा उन्हें उनके संवैधानिक अधिकारों और सामाजिक भागीदारी के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा आम जनता के हितों की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी पूरी मजबूती के साथ जनता के मुद्दों को उठाती रहेगी। समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया है कि पीडीए जनसंदेश यात्रा के माध्यम से पार्टी का संदेश कैंट विधानसभा के प्रत्येक घर तक पहुंचेगा और सामाजिक न्याय, समानता तथा भाईचारे के विचार को और अधिक मजबूती मिलेगी। प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर,मुमताज मंसूरी, नंदलाल जयसवाल, शबाब अबरार, रजत मिश्रा,इशरत इराकी, आसिफ शाह आदि लोग प्रमुख रहे।

# लखनऊ के पूर्व डीएसपी शैलेंद्र सिंह ने बैल से बिजली बनाने का अनूठा मॉडल, एक रुपये प्रति यूनिट आ रही लागत

● लखनऊ के पूर्व डीएसपी शैलेंद्र सिंह ने बैल से बिजली बनाने का एक अनूठा मॉडल विकसित किया है, जिसकी लागत मात्र एक रुपये प्रति यूनिट है।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**लखनऊ।** ईरान, इजरायल-अमेरिका के बीच युद्ध से दुनिया ग्रीन एनर्जी के विकास को लेकर सजग हुई है। हमारे देश में भी सौर ऊर्जा को लेकर लगातार काम किया जा रहा है। इन सबके बीच लखनऊ में गोसाईगंज के सिद्धपुरा गांव में पूर्व डीएसपी शैलेंद्र सिंह ने बैल से बिजली बनाने का अनूठा मॉडल तैयार किया है। वह फ्लाईव्हील, गियरबाक्स एवं ग्रेविटी तकनीक के जरिए प्रतिदिन आठ घंटे में 80 यूनिट बिजली उत्पादन कर रहे हैं। फिलहाल वे उतनी ही बिजली बनाते हैं, जितनी उन्हें आवश्यकता है। विशेष बात यह है कि इस मॉडल से बिजली उत्पादन की लागत एक रुपये प्रति यूनिट आती है, जो सोलर से भी सस्ती है। पूर्व डीएसपी शैलेंद्र सिंह सिद्धपुरा में मई 2017 से 'श्री ग्राम धाम गोशाला' चला रहे हैं। वर्तमान में उनके पास 250 से अधिक गाएं और बैल हैं। वह गायों का दूध तो बेचते ही हैं, गोबर और मूत्र का भी सदुपयोग करते हैं। गोबर का उपयोग गोबर गैस प्लांट में करते हैं, जबकि मूत्र को शोधित कर उसकी भी बिक्री करते हैं। उनके पास कई ऐसे बैल हैं, जो सड़कों पर मारे-मारे फिरते थे। अब उनके यहां वही बैल बिजली बनाने में अहम योगदान दे रहे हैं। शैलेंद्र सिंह बताते हैं कि हमने पारंपरिक ज्ञान को नई तकनीक के साथ मिलाकर 'फ्लाईव्हील' कांसेप्ट बनाया है। यह सिस्टम फ्लाईव्हील, गियरबाक्स एवं ग्रेविटी तकनीक पर आधारित है, जिसमें बैलों की चलने की शक्ति को ऊर्जा में बदला जाता है। एक बैल से करीब पांच किलोवाट और सोलर के साथ हाईब्रिड करने पर 10 किलोवाट तक बिजली उत्पादन संभव है। इसी ऊर्जा से उनके फार्म पर सिंचाई, आटा चक्की, कोल्हू और लाइटिंग जैसी सभी जरूरतें पूरी हो रही हैं। वह दो-दो घंटे की शिफ्ट में एक बैल से औसतन आठ घंटे काम लेते हैं। इससे 80 यूनिट बिजली बनाते हैं। इस बिजली को बेचने के लिए फिलहाल ग्रिड की व्यवस्था नहीं है। भविष्य में ग्रिड होने पर वह अधिक ऊर्जा का उत्पादन कर सकते हैं।

**क्या है फ्लाईव्हील तकनीक**

पूर्व डीएसपी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि उनके संयंत्र में एक बड़ा व्हील लगा हुआ है। इससे अल्टरनेटर जोड़ा गया है। व्हील एक कोन पर लगा है।

फ्लाईव्हील को सोलर चालित मोटर और गियर बाक्स से जोड़ा गया है। फ्लाईव्हील पर बैल को खड़ा किया जाता है। उनके आगे चारा रखा रहता है। सोलर वाले मोटर से व्हील चलती है और उस पर बैल चलता है। बैल व्हील पर रखे चारे को खाता रहता है और ट्रेड मिल की तरह एक ही स्थान पर आराम से चलता रहता है। इसमें 20 प्रतिशत ऊर्जा सोलर और 80 प्रतिशत ऊर्जा बैल की लगती है। अल्टरनेटर 1500 रिवोल्यूशन पर मिनट (आरपीएम) मैकेनिकल पावर को इलेक्ट्रिकल पावर में बदल देता है।

फ्लाईव्हील जब तक गतिमान रहती है, तब तक बिजली बनती रहती है। यह पूरी दुनिया में सबसे अलग मॉडल है। इस संयंत्र में लगा गियर बाक्स का भारत और जेनेवा में 2023 में पेटेंट भी हो चुका है।

## लखनऊ में पेपर लीक के खिलाफ एनएसयूआई का प्रदर्शन, पुलिस ने कार्यकर्ताओं को रोका

● नीट समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक के विरोध में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने लखनऊ में प्रदर्शन किया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोका, कुछ को घसीटकर बस में बैठाया और बाद में छोड़ दिया।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**लखनऊ।** नीट, लेखपाल और एसआई परीक्षा सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लीक होने के विरोध में जनभवन का घेराव करने जा रहे भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के कार्यकर्ताओं को पुलिस घसीटकर ले गई। प्रदर्शनकारियों को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के पास ही पुलिस ने बैरिकेडिंग करके रोक लिया। इसके बाद जब बैरिकेडिंग फांदने वाले कार्यकर्ताओं को पुलिस ने घसीटकर बस में बैठा लिया और इको गार्डेन के पास लेकर छोड़ दिया। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ व मध्य जोन के अध्यक्ष अनस रहमान के नेतृत्व में प्रदर्शनकारी छात्रों ने पिछले दिनों गिरफ्तार किए गए अपने साथियों की रिहाई की भी मांग की। पुलिस ने कांग्रेस मुख्यालय से आने वाले चारों मार्गों पर बैरिकेडिंग कर रखी थी। दोपहर एक बजे एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने रोष मार्च शुरू किया। इसी दौरान 100 मीटर आगे लगाई गई बैरिकेडिंग पर कुछ कार्यकर्ता चढ़ गए और बैरीकेडिंग टूट गई इसके कुछ कार्यकर्ता चोटिल हो गए। कुछ कार्यकर्ता बैरीकेडिंग फांदने में कामयाब रहे उन्हें पुलिस ने घसीटकर बस में बैठा लिया। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पेपर लीक की जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पेपर लीक की वजह से जिन परिवारों ने अपने बच्चों को खो दिया है हम उन परिवारों से मिले और उनका दर्द बांटा। उन्होंने मांग की है मृतक छात्रों के परिजनों को आर्थिक मुआवजा दिया जाए।

## जीत वेलफेयर फाउंडेशन, की आवश्यक बैठक सम्पन्न, आठवें वार्षिकोत्सव की रूपरेखा पर हुई चर्चा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**लालगंज (रायबरेली)-** जीत वेलफेयर फाउंडेशन, उ0प्र0 समाजसेवी संस्था एवं डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क JWF न्यूज़ चैनल के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं संवाददाताओं की एक आवश्यक बैठक शाखा कार्यालय, लालगंज में आयोजित की गई। बैठक में संस्थान एवं न्यूज़ चैनल से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान संस्थान के आगामी आठवें वार्षिकोत्सव समारोह को लेकर विशेष विचार-विमर्श किया गया तथा कार्यक्रम की प्रारंभिक रूपरेखा तैयार की गई। पदाधिकारियों द्वारा आयोजन को भव्य एवं जनहितकारी स्वरूप प्रदान करने के लिए विभिन्न सुझाव प्रस्तुत किए गए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज में सक्रिय रूप से जनसेवा, सामाजिक जागरूकता, शिक्षा, स्वास्थ्य, पत्रकारिता एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। संस्था ने ऐसे समाजसेवियों एवं जनहित में कार्य करने वाले सक्रिय प्रहरियों को सम्मानित कर उनके कार्यों को प्रोत्साहित करने का संकल्प दोहराया। संस्थान के पदाधिकारियों ने कहा कि जीत वेलफेयर फाउंडेशन निरंतर समाजहित एवं जनकल्याण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाता रहा है और भविष्य में भी समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों के उत्थान के लिए कार्य करता रहेगा। इस अवसर पर संस्था संस्थापक/अध्यक्ष जितेंद्र सविता, रायबरेली जिला अध्यक्ष गौरी शंकर यादव, उपाध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव, महासचिव आदर्श द्विवेदी,उपसचिव सूरज कुमार, प्रभारी चंदर,विधिक सलाहकार रोशन कुमार वर्मा (अधिवक्ता),प्रवक्ता अमित कुमार, मीडिया प्रभारी विशाल मौर्य, प्रभारी कुलदीप कश्यप, सदस्य मंदीप कुमार, अनिल कुमार गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## दुकान पर चाय पी रहे दंपति को बाइक ने मारी टक्कर, चार घायल

**लालगंज (रायबरेली)।** उन्नाव हाईवे पर सैमसी गांव के पास रविवार को तेज रफ्तार बाइक ने सड़क किनारे चाय पी रहे दंपति को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दंपति समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। महिला की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। डलमऊ के इंदेमऊ निवासिनी सुमन अपने पति राम सिंह के साथ मायके सातनपुर जा रही थीं। रास्ते में सैमसी गांव के पास हाईवे किनारे एक दुकान पर दोनों चाय पीने के लिए रुके थे। इसी दौरान सातनपुर निवासी बाइक सवार धीरज और मंगल तेज गति से वहां पहुंचे और अनियंत्रित होकर दंपति को टक्कर मार दी। हादसे में सुमन व उसके पति राम सिंह, धीरज और मंगल घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सुमन की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अन्य घायलों का अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

## अखिलेश यादव की बेटी पर टिप्पणी निंदनीय, आरोपी होंगे गिरफ्तार

● भाजपा MLC शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने सुल्तानपुर में कहा, जेल भी जाएंगे

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सुल्तानपुर** - भाजपा एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की बेटी पर की गई अभद्र टिप्पणी को 'बहुत निंदनीय कार्य' बताया। उन्होंने कहा कि बेटियों का सम्मान होना चाहिए, चाहे वे किसी की भी हों। एमएलसी सिंह ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री ने इस मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है, जो दर्ज कर ली गई है। उन्होंने यह भी कहा कि आरोपी पकड़े जाएंगे और उन्हें जेल भी जाना होगा। एक अन्य सवाल के जवाब में, एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने बल्दीराय में किराए पर चल रहे रजिस्ट्री कार्यालय और अधिवक्ताओं के लिए हॉल की व्यवस्था पर बात की। उन्होंने कहा कि ये महत्वपूर्ण कार्य हैं और उम्मीद है कि यह मांग जल्द पूरी हो जाएगी। सिंह ने आश्वासन दिया कि वह इस मुद्दे को प्रभारी मंत्री के संज्ञान में लाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रभारी मंत्री मुख्यमंत्री से इस विषय पर चर्चा करेंगे ताकि समाधान निकाला जा सके। इसी दिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इसौली विधानसभा क्षेत्र के विकास खंड बल्दीराय सभागार में 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' को समर्पित एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में और भाजपा जिला उपाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के तहत बल्दीराय सभागार में एक स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया, जहाँ लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श और जांच की सुविधाएँ प्रदान की गईं। इससे पहले,



एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने अपनी विधायक निधि से 10 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए उपलब्ध कराए गए 10 हॉर्स पावर क्षमता के जनरेटर का उद्घाटन किया। इस जनरेटर से बिजली आपूर्ति बाधित होने पर भी स्वास्थ्य सेवाएँ सुचारु रूप से चल सकेंगी। इस अवसर पर वक्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के पिछले 12 वर्षों के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों, जन-कल्याणकारी योजनाओं और सुशासन की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। साथ ही, केंद्र सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का संकल्प भी दोहराया गया।

## अंतर्जनपदीय चोर गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार, लाखों के जेवरात, नकदी बरामद

●पुलिस टीम को 25 हजार इनाम

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

सुल्तानपुर पुलिस ने अपराध नियंत्रण अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना कुड़वार पुलिस, एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर अंतर्जनपदीय चोर गिरोह के चार शातिर सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी 14 जून को दोपहर करीब 03:40 बजे फिरोजपुर कलां तिराहा, थाना कुड़वार से की गई। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से भारी मात्रा में चोरी का माल बरामद किया है। इस सफलता के लिए पुलिस टीम को 25,000 रुपये का इनाम भी दिया गया है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे चोरी करने से पहले लक्ष्य वाले मकान की रेकी करते थे। कई दिनों तक आने-जाने के रास्तों और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी की जाती थी। पकड़े जाने से बचने के लिए वे घटना के समय अपने मोबाइल फोन साथ नहीं ले जाते थे या उन्हें स्विच ऑफ करके दूर रख देते थे। वे घर के सदस्यों के सो रहे होने के बावजूद अत्यंत शातिर तरीके से चोरी को अंजाम देकर फरार हो जाते थे। चोरी की गई चांदी को खपाने और सोने-चांदी को गलाने में सुल्तानपुर के पंजाबी कॉलोनी निवासी जौहरी मनीष जायसवाल उनकी मदद करता था। मनीष जायसवाल ही चोरी के आभूषणों को बेचकर अपना हिस्सा रखता था और बाकी पैसे गिरोह में बांटता था। फिलहाल कुछ चोरियों के माल के साथ मनीष जायसवाल फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। सभी मुकदमों में धाराएं बढ़ाई गई हैं। इस गिरोह की गिरफ्तारी से सुल्तानपुर और प्रतापगढ़ जिले की कई बड़ी चोरियों का खुलासा हुआ है। इनमें कोतवाली नगर (सुल्तानपुर) शाहगंज में डॉ. संजय मिश्रा के मकान में हुई चोरी, थाना जयसिंहपुर (सुल्तानपुर) के जगदीशपुर व बहली ग्राम में लगातार तीन चोरियां, और थाना कुड़वार (सुल्तानपुर) क्षेत्र में हुई दो अन्य चोरियां शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, जनपद प्रतापगढ़ (थाना कोतवाली नगर व अन्तू) के पूरे ईश्वरनाथ व डंगरी दूबेपुर में हुई चोरियां भी सुलझाई गई हैं, जिनके सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को मिले थे।




जनपद प्रतापगढ़ के थाना कोतवाली नगर व अन्तू (पूरे ईश्वरनाथ व डंगरी दूबेपुर) में हुई चोरियां भी इस गिरोह ने की थीं। प्रतापगढ़ की इन चोरियों के सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को मिले थे। पकड़े गए आरोपियों में से तीन सुल्तानपुर के नामी हिस्ट्रीशीटर हैं, जिन पर पहले से दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। जावेद अहमद निवासी घरहा कला, सुल्तानपुर (हिस्ट्रीशीटर-12) इसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट सहित कुल 34 गंभीर मामले दर्ज हैं। अजीम कुरैशी निवासी लाला का पुरवा, नॉर्मल चौराहा, सुल्तानपुर (हिस्ट्रीशीटर - 143) इसके खिलाफ 23 मुकदमे दर्ज हैं। मो0 आदिल निवासी डिहवा कला, सुल्तानपुर (हिस्ट्रीशीटर - 136) इसके खिलाफ 27 मुकदमे दर्ज हैं। अजय कुमार कोरी निवासी डिहवा राहुल चौराहा, सुल्तानपुर इसके खिलाफ 6 मुकदमे दर्ज हैं।

## 16 जून को आयोजित होगी मण्डलीय औद्यानिक उन्नयन उद्यान गोष्ठी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**रायबरेली-** जिला उद्यान अधिकारी जयराम वर्मा ने बताया है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी कार्यकाल के 12 साल एवं उ0प्र0 के मा0 मुख्यमंत्री जी के 9 साल विश्वास, विकास एवं जन-कल्याण के तथा प्रगति के पथ पर उद्यान के स्वर्णिम 51 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 16 जून 2026 दिन मंगलवार को प्रातः 10 बजे महावीर सिंह स्मारक महाविद्यालय, कठवारा, हरचन्दपुर, जनपद रायबरेली में मण्डलीय औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लखनऊ, अयोध्या तथा प्रयागराज मण्डल के क्रमशः लखनऊ, उन्नाव, रायबरेली, अमेठी, बाराबंकी, फतेहपुर, प्रतापगढ़, कौशाम्बी, जनपदों के बड़ी संख्या में किसान, निर्यातक, एफ0पी0ओ0, एस0एच0जी0, एवं महिला स्वयं सहायता समूह एवं अन्य उद्यमी प्रतिभाग करेंगें, गोष्ठी के मुख्य अतिथि के रूप में मा0 राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात, उत्तर प्रदेश सरकार दिनेश




प्रताप सिंह होगें। साथ ही इस गोष्ठी में उद्यान विभाग के शासन एवं विभाग के उच्चाधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, गोष्ठी में सम्मिलित जनपदों के सम्बन्धित अधिकारीगण भी सम्मिलित होगें। गोष्ठी में प्रदेश/जनपद में चलायी जा रही कृषक हितैषी योजनाओं से सम्बन्धित व अन्य तकनीकी जानकारी प्रदान की जायेगी। साथ ही औद्यानिक/कृषि के क्षेत्र में यथा संरक्षित खेती, सिंचाई की अत्याधुनिक विधियों एवं उर्वरक तथा पौध रक्षा रसायन, निर्माता कम्पनियों द्वारा भी प्रतिभाग कर अपने उत्पादों के सम्बन्ध के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जायेगी। उद्यान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषकों/उद्यमियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत भी किया जायेगा।

## युवक पर फावड़ा से हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**निर्माण कार्य के दौरान विवाद में युवक पर फावड़े से हमला, हालत गंभीर**

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे चंदूलाल का पुरवा मजरे अंबारा पश्चिम गांव में युवक पर फावड़ा से हमला करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया। पुलिस ने मामले में हत्या के प्रयास की धारा बढ़ाते हुए कार्रवाई की है। गांव निवासी हीरालाल घर में निर्माण कार्य करा रहे थे। इसी दौरान गांव के अमरनाथ और चंद्रकांत से विवाद हो गया। आरोप है कि दोनों ने मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान आरोपियों ने हीरालाल के बेटे सुनील के सिर पर फावड़ा से वार कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। डॉक्टरों ने सुनील की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां उसका इलाज चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले में दर्ज मुकदमे में हत्या के प्रयास की धारा बढ़ाई गई है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर मेडिकल कॉलेज गोंडा में तीन दिवसीय वृहद स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोंडा।** केंद्र सरकार के सफलतापूर्वक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मेडिकल कॉलेज गोंडा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय वृहद स्वास्थ्य शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ जनपद के प्रभारी मंत्री आशीष पटेल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया तथा पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड वितरित कर योजना के लाभों से अवगत कराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे लाखों लोगों को आर्थिक संबल मिला है।शुभारंभ के उपरांत प्रभारी मंत्री ने स्वास्थ्य मेले में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा आमजन को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, जांच सुविधाओं एवं जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं आवश्यक परामर्श उपलब्ध कराया जाए।इस अवसर पर विधायक मनकापुर रमापति शास्त्री, विधायक तरबगंज प्रेम नारायण पाण्डेय, विधायक कटरा बाजार बावन सिंह, विधायक मेहनौन विनय कुमार द्विवेदी, विधायक गौरा प्रभात वर्मा, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, सांसद गोंडा एवं केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री के प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्र, सांसद कैसरगंज के प्रतिनिधि संजीव सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष, अपना दल जिलाध्यक्ष सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। तीन दिवसीय इस वृहद स्वास्थ्य मेले में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श, विभिन्न रोगों की जांच, आयुष्मान कार्ड निर्माण एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे जिले के हजारों नागरिक लाभान्वित होंगे। वेंकटाचार्य क्लब में कृषि विभाग द्वारा आयोजित खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का प्रभारी मंत्री ने शुभारंभ किया एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। प्रभारी मंत्री ने विधायकगण के साथ गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की एवं बच्चों का अन्नप्रासन कराया। इससे पहले प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता कर सरकार की उपलब्धियां को गिनाया। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जनपद के प्रभारी मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं, जिनका व्यापक लाभ जनपद गोंडा को भी प्राप्त हुआ है।उन्होंने बताया कि वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत 14.22 लाख से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना के माध्यम से लाखों लोगों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 86 हजार से अधिक परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराए गए हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि किसान कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 4.45 लाख किसानों को ?1958 करोड़ की सहायता सीधे उनके खातों में भेजी गई है। फसल बीमा, कृषि सिंचाई, पीएम-कुसुम, किसान क्रेडिट कार्ड, मृदा स्वास्थ्य कार्ड तथा किसान पाठशाला जैसी योजनाओं से कृषि उत्पादन एवं किसानों की आय में वृद्धि हुई है। जनपद में खाद्यान्न उत्पादन 8.43 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 9.34 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गया है।उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 7.73 लाख से अधिक कार्ड बनाए गए हैं तथा लाखों लोगों को निःशुल्क उपचार का लाभ मिला है।

## डिजिटल निगरानी से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में रुका फर्जीवाड़ा, करोड़ों की बचत

● मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में आधार आधारित सत्यापन और डाटा मिलान से फर्जीवाड़े पर रोक लगी है। इससे 42,781 अपात्र आवेदन निरस्त हुए और सरकार के 427 करोड़ रुपये से अधिक बचे।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**लखनऊ।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में वर्षों से सामने आ रही अनियमितताओं और फर्जी आवेदनों पर अब तकनीक की मदद से प्रभावी अंकुश लगा है। आधार आधारित सत्यापन, बायोमेट्रिक जांच और विभिन्न सरकारी डाटाबेस के मिलान की व्यवस्था लागू होने के बाद वित्तीय वर्ष 2025-26 में 42,781 अपात्र आवेदनों को समय रहते निरस्त कर दिया गया। इससे सरकार को करीब 427.81 करोड़ रुपये के संभावित फर्जी भुगतान से बचाया जा सका। समाज कल्याण विभाग ने योजना में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए पिछले वर्ष आनलाइन सत्यापन की नई व्यवस्था लागू की थी। इसके तहत आवेदकों के आधार प्रमाणीकरण, आय प्रमाणपत्रों के आनलाइन सत्यापन और अन्य सरकारी अभिलेखों से डाटा का क्रास चेक किया गया। जांच के दौरान कई ऐसे मामले सामने आए, जिनमें पहले से विवाहित जोड़ों ने योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया था। ऐसे सभी आवेदन निरस्त कर दिए गए। विभागीय आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 76,522 पात्र जोड़ों का विवाह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कराया गया। उस समय लागू व्यवस्था के अनुसार प्रत्येक लाभार्थी दुल्हन के बैंक खाते में 60 हजार रुपये की सहायता राशि भेजी गई, जबकि 25 हजार रुपये की वैवाहिक सामग्री किट और 15 हजार रुपये आयोजन पर खर्च किए गए। वर्तमान में योजना के तहत सहायता राशि बढ़ाकर 64 हजार रुपये कर दी गई है। इसके अलावा 21 हजार रुपये के उपहार दिए जा रहे हैं, जबकि शेष राशि विवाह आयोजन पर खर्च की जाती है। इस प्रकार अब प्रत्येक जोड़े पर सरकार लगभग एक लाख रुपये व्यय कर रही है।

समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि योजना का लाभ केवल वास्तविक और जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचे, इसके लिए तकनीक का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। डिजिटल सत्यापन व्यवस्था से न केवल पारदर्शिता बढ़ी है, बल्कि जवाबदेही भी सुनिश्चित हुई है। भविष्य में भी फर्जीवाड़े पर रोक लगाने के लिए निगरानी तंत्र को और मजबूत किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रवक्ता परीक्षा के दौरान डीएम-एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



**देवरिया।** प्रवक्ता परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए, जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने रविवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने थाना कोतवाली क्षेत्र स्थित महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज तथा राजकीय इंटर कॉलेज पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम और एसपी ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, परीक्षा कक्षों की व्यवस्था, पेयजल सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों एवं ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और अनुशासन के साथ संपन्न कराई जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को परीक्षा अवधि के दौरान सतर्क निगरानी बनाए रखने तथा किसी भी संदिग्ध अथवा अवांछनीय गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करने को कहा। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि अभ्यर्थियों को शांतिपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान केंद्रों पर सुरक्षा और व्यवस्थागत तैयारियों का भी परीक्षण किया गया, ताकि परीक्षा पूरी तरह व्यवस्थित एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो सके।

( 2 ) सब रजिस्ट्रार कार्यालय बना माफियाओं और दलालों का अड्डा

जनता उठा रही है लूट खसोट का खामियाजा

चित्र- 2

खजनी गोरखपुर तहसील में सर्वाधिक राजस्व अर्जित करने वाला सब रजिस्ट्रार कार्यालय भगवान भरोसे चल रहा है। यहां तैनात सब रजिस्ट्रार के अवकाश ग्रहण करने के बाद से किसी सब रजिस्ट्रार की तैनाती नहीं हुई है। हालांकि प्रशासन ने व्यवस्था के रूप में इस पद का दायित्व बड़े बाबू को दिया गया है, परंतु बाबु के चलते रजिस्ट्री कार्यालय आकंठ भ्रटाचार में डूबा हुआ है। खजनी तहसील में रजिस्ट्री का कार्य बाधित न हो, इसके लिए प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में मुख्य निबंधक लिपिक को जिम्मेदारी सौंपी है। जिम्मेदारी के चलते वह इस पद पर पूरा समय तो दे रहे हैं परंतु कार्यालय भ्रटाचार अड्डा बन हुआ है रजिस्ट्री कराने वालों को भारी असुविधा हो रही है। लोगों का कहना है कि बीते समय से बाबु भूमाफियाओ से सेटीगं गेटीगं कर अपना पाकेट भरने में मशगूल हो गए है और माफियाओ के प्रभाव से उनके द्वारा गलत रजिस्ट्री की जांच किये वगैर बैनामा कर देते है बांगी के तौर पर रुद्रपुर गांव सभा के निवासी सुग्रीव तिवारी की मेन रोड पर स्थित जमीन को दबंग भू माफिया ने एग्रीमेंट करवाने गए और रजिस्ट्री ऑफिस से मील कर उसे रजिस्टर्ड बैनामा करवा लिए पीड़ित तहसील थाना और मुख्यमंत्री के दरबार तक दौड़ लगा रहा है

खजनी तहसील के किसानो ने मुख्य

# सीएम योगी ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को लगाई रफ्तार की लगाम, जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों पर हुई गहन समीक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने तीन दिवसीय गोरखपुर दौरे के दूसरे दिन रविवार को एनेक्सी भवन में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर विकास परियोजनाओं की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया। बैठक में गोरखपुर और आजमगढ़ मंडल के जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी ने इसे विशेष रूप से महत्वपूर्ण बना दिया। आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर इस बैठक को विकास कार्यों की दिशा तय करने वाली अहम कड़ी माना जा रहा है। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों के विकास से जुड़े प्रस्तावों का प्रस्तुतीकरण किया गया। विभागीय अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि किन परियोजनाओं को स्वीकृति मिल चुकी है, किन कार्यों पर निर्माण जारी है तथा कौन से प्रस्ताव अभी विचाराधीन हैं। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक प्रस्ताव और परियोजना की स्थिति की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लंबित कार्यों में तेजी लाने और जनता से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि सड़क, पुल, संपर्क मार्ग और अन्य आधारभूत ढांचा परियोजनाओं की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से कार्य पूर्ण कराने पर विशेष जोर दिया। जनप्रतिनिधियों ने भी अपने क्षेत्रों की आवश्यकताओं और जनता की अपेक्षाओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखते हुए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को शीघ्र स्वीकृति देने की मांग की। बैठक में शासन स्तर के वरिष्ठ पीडब्ल्यूडी अधिकारी, मंडलायुक्त और जिलाधिकारी गोरखपुर सहित कई प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए भविष्य की कार्ययोजना से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

वहीं कानून-व्यवस्था और विकास कार्यों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए। एडीजी जोन, डीआईजी रेंज तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) गोरखपुर ने मुख्यमंत्री को सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक समन्वय से जुड़ी जानकारी दी। मुख्यमंत्री की इस समीक्षा बैठक को पूर्वांचल में विकास कार्यों को नई गति देने और जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों को धरातल पर उतारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। बैठक के बाद अधिकारियों में लंबित परियोजनाओं को समय से पूरा करने को लेकर सक्रियता बढ़ गई है।

## महेन्द्रनाथ मंदिर में चढ़ावे को लेकर पुजारियों में मारपीट, छह गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद के थाना मदनपुर क्षेत्र के महेन स्थित बाबा महेन्द्रनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं से पूजा-पाठ कराने और मंदिर में चढ़ावे के बंटवारे को लेकर पुजारियों के दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में मारपीट हुई, जिससे मंदिर परिसर में कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर थाना मदनपुर में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले में छह आरोपितों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार क्षेत्र में शांति व्यवस्था पूरी तरह कायम है तथा स्थिति सामान्य बनी हुई है। क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर सत्येन्द्र राय ने बताया कि दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, पुलिसकर्मियों ने किया उत्साहपूर्वक रक्तदान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**देवरिया।** पुलिस लाइन में रविवार को रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में आयोजित इस शिविर का संचालन सावित्री हॉस्पिटल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने रक्तदान को महादान बताते हुए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वेच्छा से रक्तदान करने तथा अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से जरूरतमंद लोगों की जान बचाई जा सकती है और यह एक सामाजिक जिम्मेदारी भी है।

शिविर में चिकित्सकों की टीम ने पुलिसकर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श और जानकारी प्रदान की। बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया।

स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से अनेक पुलिसकर्मियों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। आयोजन के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आनंद पाण्डेय सहित जनपद के अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी तथा सावित्री हॉस्पिटल के चिकित्सक एवं स्टाफ मौजूद रहे। उधर, जनपदीय पुलिस ने रविवार को पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कार्यालयों, थानों, चौकियों और पुलिस लाइन परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया। पुलिसकर्मियों ने श्रमदान कर परिसर की साफ-सफाई की, पेड़-पौधों की देखभाल की तथा अभिलेखों और संसाधनों को व्यवस्थित किया। इस दौरान सभी ने स्वच्छ और सुंदर वातावरण बनाए रखने का संकल्प भी लिया।

# मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण, मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** महर्षि देवराहा बाबा स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय में रविवार सुबह मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एच.के. मिश्र ने स्वास्थ्य सेवाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, विभिन्न वार्डों, एमसीएच विंग, दवा वितरण काउंटर और मरीज पंजीकरण काउंटर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

डॉ. मिश्र ने मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर दवा, उपचार और उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को रोस्टर के अनुसार समय से ड्यूटी पर उपस्थित रहने तथा पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने सभी डॉक्टरों और कर्मचारियों को ड्रेस कोड का अनिवार्य रूप से पालन करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मरीजों को समयबद्ध उपचार और सभी अनुमन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों और तीमारदारों के साथ शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार करने तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही कहा कि किसी भी मरीज को उपचार संबंधी असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

## आजमगढ़ में प्रेम विवाह से नाराज पिता ने पुत्री का जीते जी कर दिया श्राद्ध

**आजमगढ़।** रौनापार थाना क्षेत्र के मंझरिया गांव में प्रेम विवाह से नाराज पिता ने पुत्री का प्रतीकात्मक श्राद्ध कर दिया। यह मामला गुरुवार का है, पूरे गांव में यह चर्चा का विषय बना हुआ है। गांव निवासी श्याम सुंदर भास्कर की पुत्री को पड़ोसी गांव के रहने वाले राहुल से प्रेम हो गया था। प्रेम संबंध की जानकारी होने पर श्याम सुंदर ने विरोध करते हुए पुत्री को युवक से दूर रहने की हिदायत दी, लेकिन वह नहीं मानी। 30 मई को प्रेमी से बात करते हुए अपनी पुत्री को श्याम सुंदर ने पकड़ लिया। नाराज पिता ने बेटी को डांट फटकार लगाते हुए प्रेमी से बात करने एक बार फिर मना किया, लेकिन पुत्री ने कहा कि वह राहुल से ही शादी करेगी। इसके बाद उसने 31 मई को परिवार की इच्छा के विरुद्ध उसने 31 मई को सुंदरपुर स्थित नरोत्तम ब्रह्म स्थान पर प्रेमी से हिंदू रीति रिवाज के साथ शादी कर लिया। शादी के बाद पुत्री अपने प्रेमी और उसके परिवार वालों के साथ पिता से मिलने और आशीर्वाद लेने पहुंची तो पिता ने उससे सारे रिश्ते तोड़ते हुए उसे मृत घोषित कर दिया।

# योगी निर्देश पर हिंदू युवा वाहिनी का कार्यकर्ता चुप, कमजोर नहीं छेड़ो मत वरना परिणाम गंभीर होंगे- नरसिंह पाण्डेय

● पूर्व हियुवा जिलाध्यक्ष की नसीहत का कितना होगा असर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नौतनवा, महराजगंज।** हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को छेड़ने की भूल न करें पुलिस व प्रशासन के लोग नहीं तो इसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा। कार्यकर्ता राष्ट्रवादी विचारधारा का व्यक्ति है राष्ट्र की रक्षा और सनातन धर्म की रक्षा के लिए कार्य किया है हिंदुत्व उसका प्राण तत्व है इस विचार धारा को लेकर कार्य किया है। और अपने जीवन में बहुत सारा उतार और चढ़ा समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के कार्यकाल में देखा है। विषम परिस्थितियों में कार्य करने का उसके पास अनुभव है उक्त चेतावनी हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष नरसिंह पाण्डेय ने रविवार को एक प्रेस वार्ता के माध्यम से दी उन्होंने यह भी कहा कि जिले के कुछ जिम्मेदार अधिकारी कार्यकर्ताओं का अपराधिक इतिहास पता कर रहे हैं मैं उन्हें बताना चाहता हूं। कि हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं के त्याग और तपस्या को कभी विस्तृत नहीं किया जा सकता संगठन के कार्यकर्ता त्याग की प्रतिमूर्ति हैं। संगठन के पूर्व पदाधिकारी और कार्यकर्ता उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज तथा संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के निर्देश पर चुपचाप बैठा हुआ है। उनकी चुप्पी को कमजोरी समझने की भूल न करें नहीं तो खामियाजा भुगतना पड़ेगा। शांत बैठे कार्यकर्ताओं की निगाह थाने से लेकर जिले के जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर है। अगर सरकार को बदनाम करने वाला कार्य हुआ और कार्यकर्ताओं के ऊपर अनावश्यक दबाव बनाने की भूल किये तो परिणाम गंभीर होंगे। जिले के जिम्मेदार अधिकारी मधुमिता शुक्ला और सारा के हत्यारो तथा राहुल मद्धेशिया अपहरण कांड के मुख्य अभियुक्तों से रिश्तेदारी जोड़ना बंद कर दें। रिश्तेदारी नहीं निभा पायेंगे। उन्हें चेतावनी देता हूं कि जनपद की कानून और व्यवस्था को ठीक करने तथा पेशेवर अपराधियों पर अंकुश लगाने तथा तस्करी को रोकने के लिए अपना पूरा ध्यान केंद्रित करें। जिससे जनपद की जनता सुख और शांति अपने जीवन का निर्वहन कर सके।

# सत्ता की छाया में पलता 'साम्राज्य'- अमरमणि त्रिपाठी की फाइल फिर खुली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में 'बाहुबल' शब्द का पर्याय रहे पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी का नाम आते ही शासन, सत्ता और अपराध की दुनिया की सरहदें धुंधली पड़ जाती हैं। 36 आपराधिक मुकदमों की लंबी फेहरिस्त, लूट-डकैती से लेकर हत्या, बलवा, अपहरण और गैंगस्टर एक्ट तक... ये सिर्फ आंकड़े नहीं, तीन दशक की सत्ता यात्रा की कहानी कहते हैं। बस्ती के चर्चित राहुल मद्धेशिया अपहरण कांड की फाइल फिर खुल चुकी है फरार घोषित हो चुके हैं कभी भी कानून का शिकंजा इनके ऊपर कस सकता है। आईए बताते हैं सत्ता से साम्राज्य तक का इनका सफर

**1. सत्ता से साम्राज्य तक का सफर**

आरोपों के मुताबिक, विधायक और फिर मंत्री बनने के बाद त्रिपाठी ने पूर्वी यूपी में एक समानांतर तंत्र खड़ा किया। आरोप है कि कूट रचित दस्तावेजों के सहारे शैक्षणिक संस्थानों की नींव रखी गई। मॉडर्न एकेडमी, फार्मेसी कॉलेज, राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलरामपुर - ये नाम सत्ता के संरक्षण में बने 'एजुकेशन और भू माफिया माफिया' की मिसाल के तौर पर विरोधी पेश करते रहे हैं।

**2. जमीन और संस्थानों पर कब्जे का आरोप**

रिपोर्ट्स और पुराने स्न्ढ्ढक्रके हवाले से कहा जाता है कि नौतनवा इंटर कॉलेज को कब्जे में लेना, दुर्गा ऑयल मिल नौतनवा पर नियंत्रण, केरवनिया-चिनहट-गोरखपुर में मकान/जमीन कब्जा - ये उनकी कार्यशैली का हिस्सा रहे। निचलौल के कटका में सैकड़ों एकड़ जमीन अपने नौकरों और कार्यकर्ताओं के नाम अभिलेखों में दर्ज कराने के आरोप भी फाइलों में दर्ज हैं। आरोप है कि पूरे इलाके में भय का माहौल बनाकर ये 'साम्राज्य' खड़ा किया गया।

**3. चर्चित हत्याकांड और फरारी**

मधुमिता शुक्ला हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा के बाद भी त्रिपाठी का अधिकांश समय गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में बीतना, और राहुल मद्धेशिया अपहरण कांड में फरार घोषित होने के बावजूद कई जिलों में खुलेआम घूमकर 'पुलिस के संरक्षण में सभा करना- इन घटनाओं ने कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। विरोधियों का आरोप है कि उन्हें लगातार पुलिस संरक्षण मिलता रहा।

**4. सिस्टम पर सवाल**

36 मुकदमे, सजा, फरारी... फिर भी दशकों तक सत्ता के गलियारों में पहुंच। ये केस सिर्फ एक व्यक्ति की कहानी नहीं है। ये सवाल है उस सिस्टम का जो आरोप लगने के बाद भी बाहुबल को सत्ता की चाबी सौंप देता है। शिक्षा, जमीन, कारोबार - हर जगह 'पहुंच' ही नियम बन जाए, तो प्रदेश के लिए इससे बड़ा अलार्म क्या होगा? आज जब उत्तर प्रदेश 'जीरो टॉलरेंस' की बात करता है, तब अमरमणि त्रिपाठी की फाइल उन जड़ों की तरफ इशारा करती है जो सत्ता की मिट्टी में बहुत गहरे तक धंसी हैं। उखाड़ना आसान नहीं होंगा।

# मृतक आश्रित शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने कैशलेस सुविधा व पदोन्नति की मांग उठाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोंडा।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक मृतक आश्रित शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने रविवार को मुख्यमंत्री को संबोधित दो सूत्रीय मांगपत्र क्षेत्रीय विधायक प्रेमनरायन पांडेय तथा विधान परिषद सदस्य अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह को सौंपा। इस दौरान उन्होंने अपनी मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का अनुरोध किया। प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश प्रताप मिश्र के नेतृत्व में कर्मचारियों ने ज्ञापन देकर बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग के मृतक आश्रित शिक्षणेत्तर कर्मचारियों तथा ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर कार्यरत समूह 'घ' एवं लिपिकीय संवर्ग के कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सीय सुविधा से वंचित रखा गया है। जबकि मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, कस्तूरबा गांधी विद्यालयों के शिक्षकों एवं वार्डनों, विशेष शिक्षकों तथा परिषदीय विद्यालयों के रसोइयों को यह सुविधा प्रदान की जा चुकी है।

कर्मचारी नेताओं ने कहा कि मृतक आश्रित के रूप में नियुक्त शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को सेवा अवधि के दौरान पदोन्नति का लाभ भी नहीं मिल पाता है। परिणामस्वरूप अनेक कर्मचारी एक ही पद पर कार्य करते हुए सेवानिवृत्त हो जाते हैं, जबकि अन्य विभागों में पदोन्नति की व्यवस्था लागू है। संघ ने मुख्यमंत्री से मांग की कि मृतक आश्रित शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को भी कैशलेस चिकित्सीय सुविधा का लाभ दिया जाए तथा उनके लिए पदोन्नति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे कर्मचारियों के साथ हो रहे भेदभाव को समाप्त किया जा सके।

इस अवसर पर मंडल महामंत्री अनोखी लाल भास्कर, जिलाध्यक्ष हरीश कुमार मिश्र, जिला महामंत्री प्रदीप कुमार, जिला सचिव सुनील श्रीवास्तव, बहराइच के जिला उपाध्यक्ष राहुल सिंह, गोंडा उपाध्यक्ष सुरेन्द्र श्रीवास्तव, अमरेन्द्र यादव, संजीव कुमार, दिग्विजय वर्मा, रजनी सिंह, रमेश सिंह, भोला नाथ, विजय सिंह, राजकुमार मिश्र सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आजमगढ़ में संदिग्ध परिस्थिति में घर के बरामदे में गमछे के सहारे लटका मिला युवक का शव

**आजमगढ़।** क्षेत्र के ऊसरगावा गांव में रविवार सुबह एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के टीन शेड बरामदे में लोहे की राड से गमछे के सहारे लटकते हुए मिलने से हलचल मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्रवाई की। मृतक की पहचान गांव निवासी 35 वर्षीय मोहम्मद तबरेज शेख के रूप में हुई है। तबरेज शेख अपने भाईयों के साथ मुंबई में रहकर कपड़ा बनाने की कंपनी में कार्य करता था। पत्नी निगार फातमा बानो ने बताया कि रविवार को तबरेज को मुंबई वापस लौटना था, इसलिए शनिवार की रात हम लोग बातचीत करने और खाना खाने के बाद सोने चले गए। बिजली नहीं होने की वजह से तबरेज बाहर चारपाई पर सोने चला गया, जबकि वह कमरे के अंदर सो गई। रविवार सुबह करीब पांच बजे जब उठी तो पति का शव फंदे से लटका देखकर चीखने लगीं। शोर सुनकर आसपास के लोग मौजूद हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार विधिक कार्रवाई की।

# दूध का पैसा लेने जा रहे युवक पर बीच मार्ग में हमला, पुरानी रंजिश पर घात, मुक़दमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोला गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र के फत्तेपुर गांव में दूध का बकाया पैसा लेने जा रहे एक युवक पर हुए कथित जानलेवा हमले से इलाके में सनसनी फैल गई। आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों ने युवक को घेरकर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से बेरहमी से पीटा, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आई और वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा। घायल युवक का इलाज बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में चल रहा है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार फत्तेपुर निवासी सन्नी यादव ने बताया कि उसका भाई रितेश यादव शनिवार रात दूध का बकाया भुगतान लेने के लिए जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में गांव की गुड्डी देवी ने उस पर लाठी से हमला कर दिया। इसके बाद आर्यन यादव, आदित्य, धीरज यादव, शुभम यादव, प्रवेश यादव और कौशल यादव समेत अन्य लोगों ने मिलकर रितेश को घेर लिया और लाठी-डंडों तथा लोहे की रॉड से ताबड़तोड़ प्रहार करने लगे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावरों ने रितेश को तब तक पीटा जब तक वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर नहीं गिर पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शोर मचाया। शोर सुनकर ग्रामीणों की भीड़ जुटने लगी, जिसके बाद आरोपी कथित रूप से जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घायल रितेश को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने बेहतर उपचार की आवश्यकता बताते हुए उसे बीआरडी मेडिकल कॉलेज भेज दिया। परिजनों का कहना है कि रितेश के सिर और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं तथा उसकी स्थिति अभी भी चिंताजनक बनी हुई है।

घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर बीएनएस की धारा 191(2), 115(2), 351(3) एवं 110 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गोला के कोतवाल सी.पी. पांडेय ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सभी आरोपों की गंभीरता से जांच की जा रही है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# विदेश भेजने के नाम पर करोड़ों की ठगी का आरोपी दिल्ली एयरपोर्ट से दबोचा गया, कई जिलों में दर्ज हैं मुकदमे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** विदेश भेजने के नाम पर लोगों से लाखों रुपये ऐंठकर फरार चल रहे एक शातिर ठग को कैंपियरगंज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर था और उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी किया गया था। ट्रांजिट रिमांड पर उसे गोरखपुर लाकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान राहुल कुमार सिंह उर्फ आकाश सिंह उर्फ विनय सिंह पुत्र भानु निवासी करहिया हजारी पट्टी, थाना कसया, जनपद कुशीनगर के रूप में हुई है। वह वर्तमान में कैंपियरगंज कस्बे के करमैनी रोड स्थित स्काई टूर ट्रेवल्स टेस्ट ट्रेनिंग सेंटर का संचालन करता था।

जांच में सामने आया कि आरोपी ने ट्रैवल एजेंसी की आड़ में लोगों को विदेश भेजने का झांसा देकर उनसे विभिन्न तिथियों में मोटी रकम वसूली, लेकिन न तो वीजा उपलब्ध कराया और न ही विदेश भेजने की प्रक्रिया पूरी की। पैसे लेने के बाद वह टालमटोल करता रहा और बाद में फरार हो गया। पीड़ित की तहरीर पर कैंपियरगंज थाने में धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस जांच में यह भी पता चला है कि आरोपी ने केवल गोरखपुर ही नहीं बल्कि कुशीनगर और महाराजगंज के कई लोगों को भी विदेश भेजने का सपना दिखाकर ठगी का शिकार बनाया। उसके खिलाफ विभिन्न जनपदों में धोखाधड़ी, आपराधिक धमकी और अन्य गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। यही कारण है कि पुलिस उसकी तलाश में लगातार जुटी हुई थी। काफी समय से फरार चल रहे आरोपी के विदेश भागने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी कराया था। इसी क्रम में दिल्ली एयरपोर्ट पर उसकी मौजूदगी की सूचना मिलने पर कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी के नेटवर्क, ठगी की कुल रकम और अन्य संभावित पीड़ितों के बारे में भी जांच की जा रही है। आशंका है कि उसके खिलाफ आने वाले दिनों में और भी शिकायतें सामने आ सकती हैं। इस गिरफ्तारी को कैंपियरगंज पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है, जिससे विदेश भेजने के नाम पर चल रहे फर्जीवाड़े के एक बड़े खेल का पर्दाफाश होने की उम्मीद है।

# दहेज हत्या मामले में पति, सास और ससुर गिरफ्तार, पुलिस ने 24 घंटे के भीतर की कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवां गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत सहजनवा के वार्ड नंबर 14 स्थित लुचुई मोहल्ले में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दहेज हत्या के आरोपित पति, सास और ससुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों आरोपितों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, लुचुई निवासी ममता गुप्ता की शनिवार को ससुराल में मौत हो गई थी। मृतका के पिता बिंदु गुप्ता, निवासी मठिया उर्फ अकटहा, थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर ने सहजनवा थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनकी पुत्री को विवाह के बाद से ही दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोप है कि अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर पति और ससुराल पक्ष के अन्य लोगों ने ममता की गला कसकर हत्या कर दी। पीड़ित पिता की शिकायत के आधार पर सहजनवा पुलिस ने पति शुभम गुप्ता, ससुर उदय गुप्ता और सास शकुंतला देवी के विरुद्ध दहेज हत्या सहित अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। मामला दर्ज होने के बाद से ही पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी हुई थी। रविवार की सुबह लगभग 6:30 बजे थाना प्रभारी संजय कुमार मिश्र पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। उनके साथ उपनिरीक्षक हर्षित, कांस्टेबल पारस कुमार, संजय यादव तथा महिला कांस्टेबल आराधना भी मौजूद थीं। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि दहेज हत्या मामले के नामजद आरोपित अपने घर पर मौजूद हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस उन्हें थाने लाई, जहां




आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी की गई। इसके बाद तीनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है, जबकि मृतका के परिजन आरोपितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# मतदाता सूची में नाम न होने पर बीएलओ को मिली जान से मारने की धमकी, गाली-गलौज का ऑडियो वायरल

### एसडीएम से शिकायत, मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश


**गोलाबाजार, गोरखपुर,।** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम सभा कौआडील में तैनात बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) को मतदाता सूची में नाम शामिल न होने के विवाद को लेकर कथित रूप से जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित बीएलओ ने उपजिलाधिकारी (एसडीएम) गोला को शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं आरोपी द्वारा गाली-गलौज किए जाने का एक ऑडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम कौआडील (फत्तेपुर) निवासी पवन कुमार जायसवाल, जो विकास खंड गगहा के समथान भीटी में सफाईकर्मी के पद पर कार्यरत हैं तथा वर्तमान में कौआडील ग्राम सभा के बीएलओ की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं, ने आरोप लगाया है कि गांव के ही चंदन राव पुत्र बालकिशुन उन्हें लगातार फोन पर गाली-गलौज कर रहे हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि मतदाता सूची में नाम दर्ज न होने को लेकर आरोपी उनसे नाराज है और इसी वजह से अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहा है। बीएलओ ने प्रशासन को दिए प्रार्थना पत्र में आशंका जताई है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो कोई अप्रिय घटना घट सकती है।

## संक्षिप्त खबरें

### 'नौकरी से खुश हूं मगर देश सेवा के लिए राजनीति में जाना चाहता हूं; बरेली के हेड कांस्टेबल का इस्तीफा हुआ वायरल

**बरेली।** जीआरपी जंक्शन के एक हेड कांस्टेबल मो. जमशेद का त्याग पत्र इंटरनेट मीडिया पर जमकर प्रसारित हो रहा है। जमशेद ने अपने त्यागपत्र में लिखा है कि वह पुलिस की नौकरी से संतुष्ट हैं मगर वर्तमान में देश में सांप्रदायिकता बढ़ती जा रही है। जिसे काम करने के लिए उन्हें राजनीति में जाना है। जमशेद ने ये पत्र एसएसपी बरेली किये लिखा है। हालांकि, एसएसपी अनुराग आर्य का कहना है कि अभी उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं है। इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित पत्र के अनुसार, जमशेद ने लिखा है कि उनकी पोस्टिंग फतेहगंज पूर्वी थाने में हैं मगर वर्तमान में वह जीआरपी बरेली जंक्शन पर तैनात हैं। उन्होंने लिखा है कि जब से उन्होंने पुलिस सेवा ज्वाइन की तब से वर्दी ने उन्हें बहुत सम्मान दिया, वह पुलिस की नौकरी से संतुष्ट हैं। मगर वर्तमान में देश में सांप्रदायिकता बढ़ती जा रही है। जिससे मेरे भारत मेरे प्रदेश में आदमी एक दूसरे का दुश्मन बन रहा है। उन्होंने आगे लिखा कि वह इस सांप्रदायिकता को कम करने के लिए और देश सेवा के लिए राजनीति में जाना चाहते हैं। जिसकी वजह से पुलिस सेवा से त्यागपत्र दे रहे हैं। मामले में एसपी अनुराग आर्य का कहना है कि अभी उन्हें इस तरह का कोई त्यागपत्र नहीं मिला है नहीं इस मामले की जानकारी है।

### अब देश भर में मशहूर होगी फिरोजाबाद की कचौड़ी और टिक्की चाट



**फिरोजाबाद।** एक जनपद एक व्यंजन (ओडीओसी) योजना के तहत शहर के प्रमुख व्यंजन कचौड़ी और आलू की टिक्की को देश भर पहचान मिलने जा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा 25-29 सितंबर के मध्य ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपोजीशन मार्ट में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो-2026 का आयोजन प्रस्तावित है। इसमें पहली बार ओडीओसी के तहत प्रदेश भर में चयनित प्रमुख व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। योगी सरकार ने प्रदेश के प्रमुख व्यंजनों को बढ़ावा देने के लिए ओडीओसी योजना का शुभारंभ किया। इसमें फिरोजाबाद में दुकानों और ठेलों बनने वाली कचौड़ी और आलू की टिक्की का चयन किया गया है। यह शहर वासियों के लिए सुबह के नाश्ते का प्रमुख व्यंजन है। सुबह से ही दुकानों और ठेलों पर कचौड़ी के शौकीनों की भीड़ लगी रहती है। उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय कानपुर मुख्यालय स्तर से सभी उपायुक्त उद्योग को एक पत्र भेजा गया है। इसमें अपर आयुक्त उद्योग रोहित आनंद ने कहा है कि अपने जिले के प्रमुख ओडीओसी में चयनित पारंपरिक व्यंजन, जिसका उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रदर्शन किया जाना है। ऐसे चार प्रमुख फूड वेंडर्स का चयन दो श्रेणियों में पैकेज्ड उत्पाद और लाइव किचन श्रेणी में करते हुए तत्काल सूचना मुख्यालय को उपलब्ध कराएं, जिससे चयनित फूड वेंडर्स की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यवस्थाएं निर्धारित में पूरी की जा सकें।

### शक्तिनगर पुलिस द्वारा 28 वर्षो से फरार एक हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**सोनभद्र-** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में थाना शक्तिनगर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय के हिस्ट्रीशीटर संख्या-78 को गिरफ्तार किया गया है। थाना शक्तिनगर का हिस्ट्रीशीटर संख्या-78 मुन्ना गुप्ता पुत्र मुनमुन गुप्ता उर्फ झनमुन गुप्ता निवासी बासी, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र विगत लगभग 28 वर्षो से अपने मूल निवास स्थान से फरार चल रहा था। अभियुक्त के विरुद्ध विभिन्न प्रकरणों में न्यायालय से एन.बी.डब्ल्यू. एवं अन्य न्यायालयीय प्रक्रियाएं निर्गत की गई थीं, किन्तु वह लगातार गिरफ्तारी से बचता रहा। पुलिस द्वारा की गयी गहन पतारसी, सुरागरसी एवं तकनीकी/स्थानीय सूचना संकलन के आधार पर ज्ञात हुआ कि अभियुक्त अपना मूल निवास स्थान छोड़कर ग्राम कुसहा (नई बाजार), थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र में रह रहा है। प्राप्त सूचना के आधार पर थाना शक्तिनगर पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त मुन्ना गुप्ता पुत्र मुनमुन गुप्ता उर्फ झनमुन गुप्ता निवासी : बासी, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र।

## झोलाछाप चिकित्सक के इलाज के दौरान तीन वर्षीय मासूम की मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता







**नीमगांव खीरी।** नीमगांव थाना क्षेत्र के बेहजम पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम बेहटा में शनिवार शाम एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां कथित झोलाछाप चिकित्सक के इलाज के दौरान तीन वर्षीय मासूम बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि परिजनों ने मेडिकल स्टोर संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बेहटा निवासी बलराम अपने तीन वर्षीय पुत्र को तबीयत खराब होने पर इलाज के लिए बेहजम क्षेत्र के लखनपुर चौराहे स्थित एक मेडिकल स्टोर पर ले गए थे। आरोप है कि उपचार के दौरान बच्चे की हालत अचानक बिगड़ गई और कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। बेहजम पुलिस चौकी प्रभारी संदीप यादव ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। प्रथम दृष्टया बच्चे के लिए दवा मेडिकल स्टोर से ली गई थी। हालांकि अभी तक परिजनों की ओर से कोई लिखित तहरीर नहीं दी गई है। शिकायत मिलने पर जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। रविवार सुबह परिजनों ने मासूम का अंतिम संस्कार कर दिया। क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि कथित झोलाछाप मेडिकल व्यवसायी और पीड़ित परिवार के बीच समझौता हो गया है, जिसके चलते परिजन अब कोई कानूनी कार्रवाई नहीं करना चाहते। हालांकि इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। उधर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहजम के प्रभारी डॉ. अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं है। जानकारी मिलने पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित कथित झोलाछाप चिकित्सकों और बिना मानक चिकित्सा सेवाओं पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से ऐसे मामलों की जांच कर अवैध रूप से चिकित्सा कार्य करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## जनपद की क़ानून व्यवस्था ध्वस्त

- हत्याओं का सिलसिला जारी
- जबरन विवाह रचाने की जिद पर अड़े दानिश ने ज़ीनत के पिता 45 वर्षीय सलीम को चाकू से गोद कर हत्यारा दानिश फरार
- हत्यारे को पकड़ने के लिए कई टीमें गठित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** जनपद की क़ानून व्यवस्था ध्वस्त। हत्याओं का सिलसिला जारी।दामाद बनाने से इन्कार के बाद दो बच्चों के पिता दानिश ने 45 वर्षीय सलीम को घर में घुसकर चाकू से गोद कर मार डाला। हत्यारा दानिश चाकू छोड़ कर घर से भागा । पुलिस ने मृतक सलीम के शव को पोस्टमार्टम हेतु लखीमपुर भेजा। जहां पोस्टमार्टम कर रहे चिकित्सक ने सलीम की कटी गर्दन के साथ शरीर पर पांच घाव दर्शाए हैं। जबकि पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ मंडल जनपद की क़ानून व्यवस्था का जायज़ा लेने के लिये जनपद में मौजूद हैं।घटना के सम्बन्ध में कोतवाली सदर के ग्राम शिवपुर साडा निवासी नदीम ने बताया कि दो दिन पूर्व दानिश रुड़की गया था जहां जीनत अपने परिजनों के साथ मौजूद थी।दानिश ने जबरन जीनत से मिलने का प्रयास किया तभी घर में मौजूद परिजनों ने दानिश की धुनाई कर दी थी।अपनी पिटाई से लज्जित दानिश ने बीती रात्रि सलीम के घर धावा बोल दिया और सलीम की गर्दन रेतने के बाद शरीर पर चाकू से कई वार किए थे।अफरा तफरी के बीच परिजन रक्त से लथपथ सलीम को सी एच सी ले गए जहां चिकित्सकों उसे मृत घोषित कर दिया। स्मरण रहे दानिश का पहला विवाह कोतवाली सदर के ग्राम चंदपुरा से हुआ था।

## महेवा घाट पर स्नान करने गए छात्र की डूबने से हुई मौत


**नैनी, प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के महेवा घाट पर शनिवार की सुबह स्नान करने गए कक्षा 8 के छात्र की डूबने से मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गाजीपुर जिले के मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के यूसुफपुर गांव निवासी श्याम सुंदर चौरसिया बीते कई सालों से नैनी थाना क्षेत्र के महेवा में किराए के मकान में रहते हैं । वह बाटी चोखा का ठेला लगाकर परिवार का पालन पोषण करते हैं। उनका 15 वर्षीय बेटा बिट्टू चौरसिया कक्षा आठवीं का छात्र है। बताते हैं, कि शनिवार की सुबह उनका बेटा बिट्टू चौरसिया स्नान करने के लिए महेवा घाट पर गया था। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटा, तो घर वाले घाट पर जाकर लोगों से पूछताछ शुरू की। लोगों ने बताया, वह नहाने के लिए अंदर गया था, लेकिन बाहर नहीं निकला। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को पानी में उतारा। काफी देर बाद उसका शव पानी से बरामद किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया।

## भाजपा नेता रवि गुप्ता ने भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर किया शुभारंभ

- शुभारंभ से पहले सभी लोगों ने राष्ट्रगान किया

रवि गुप्ता द्वारा शुरू की गई परंपरा का उत्साह खिलाड़ियों व युवाओं में नजर आया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पलिया कला खीरी-** व्यापार मंडल पलिया के महामंत्री एडवोकेट रविंद्र गुप्ता एवं युवा के अध्यक्ष अविरल शाह के नेतृत्व में उनकी पूरी टीम के द्वारा पलिया शहर के छोटी पलिया रोड साई बाबा मंदिर के पास ग्राउंड में एक भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया! टूर्नामेंट के शुभारंभ शुभ अवसर पर पलिया क्षेत्र के वरिष्ठ समाज सेवी, पलिया जिला बनाओ मंच के संयोजक, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रवि गुप्ता गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में पहुंचकर फीता काट कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया! आयोजक टीम द्वारा भाजपा नेता रवि गुप्ता का अंग वस्त्र ओढ़ाकर, स्मृति चिन्ह प्रदान कर एवं बैच लगाकर स्वागत सम्मान किया गया! पहला मैच कृष्णानगर पलिया एवं बेहननपुरवा पलिया के बीच खेला गया! राष्ट्रगान का गुणगान करते हुए भारत माता की जय जयकार से पूरा ग्राउंड गूंज उठा युवाओं, खिलाड़ियों व क्रिकेट प्रेमियों एवं मौजूद जन समूह में जैसे ही राष्ट्रगान प्रारंभ हुआ एक रोंगटे खड़ा कर देने वाला उत्साह युवाओं में जोश के साथ नजर आया! कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एडवोकेट जावेद अख्तर, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं सभासद मनोज गुप्ता, समाजसेवी राम प्रकाश भास्कर, समाजसेवी बंटी प्रजापति, नशा मुक्ति केंद्र के संचालक, प्रमुख रूप से शामिल हुए! क्रिकेट प्रेमियों का हुजूम एवं गणमान्य लोग इस अवसर पर मौजूद रहे!


## तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर और स्वास्थ्य मेला आयोजित



**लखीमपुर खीरी पलिया कलां :-** केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने पर विकास खंड परिसर में 14 से 16 जून तक 3 दिवसीय जन कल्याण शिविर व स्वास्थ्य मेला।सरकार की योजनाओं और लाभार्थी सुविधाओं के प्रचार के लिए लगाए गए शिविर में जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य,खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार तिवारी, ब्लॉक प्रमुख वीरेंद्र शुक्ला व विधायक रोमी साहनी शिरकत में रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य ने किया।वहीं सवाल ये भी उठ रहे हैं कि सीएम योगी आदित्यनाथ, एवं केंद्र सरकार और पीएम नरेंद्र मोदी के नाम पर कराए जा रहे इस जन कल्याण कार्यक्रम में पत्रकारों को न आमंत्रण मिला, न बैठने की जगह और यहां तक कि कुर्सियां तक नदारद मिलीं।

## सी.जी.एन. पी.जी. कॉलेज गोला में इग्नू में जुलाई 2026 में प्रवेश प्रारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोला गोकर्णनाथ- खीरी।** इग्नू अध्ययन केन्द्र-27131 में सी.जी.एन. पी.जी. कॉलेज, गोला गोकर्णनाथ जिला खीरी जुलाई-2026 सत्र में प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ है। इग्नू अध्ययन केन्द्र-27131 सी.जी.एन. पी.जी. कॉलेज गोला के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए जुलाई-2026 में ओ.डी.एल. (ODL) मोड तथा ऑनलाइन मोड में 328 से अधिक कार्यक्रमों में प्रवेश लेने हेतु अधिसूचना जारी हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी इग्न ू की आधिकारिक बेवसाइट www.ignou.ac.in पर जाकर ओ.डी.एल. (ODL) मोड तथा ऑनलाइन मोड में 15 जुलाई-2026 तक प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के द्वारा जुलाई-2026 सत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप कला स्नातक वर्ग के अन्तर्गत- अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, इतिहास, राजनीतिशास्त्र, मनोविज्ञान, लोकप्रशासन, संस्कृत, समाजशास्त्र, उर्दू, शिक्षाशास्त्र एवं सेवा प्रबन्धन, पत्रकारिता एवं डिजिटल मीडिया, पर्यटल प्रबन्धन, गृह-विज्ञान विषयों में प्रवेश लिया जा सकता है। विज्ञान स्नातक वर्ग के अन्तर्गत-मानव विज्ञान बायो- केमिस्ट्री, अनुप्रयुक्त विज्ञान ऊर्जा (एप्लाईड साईन्स एनर्जी), खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता प्रबन्धन तथा गणित विषयों में प्रवेश लिया जा सकता है। इनके अतिरिक्त सामान्य कला, विज्ञान एवं वाणिज्य विषयों में भी प्रवेश उपलब्ध है। इग्नू इसके अतिरिक्त परास्नातक, डिप्लोमा, परास्नातक डिप्लोमा, प्रमाण-पत्र एवं परास्नातक प्रमाण-पत्र कार्यक्रमों में भी प्रवेश उपलब्ध है। इग्नू के एग्रीबिजिनेस मैनेजमेण्ट, कन्स्ट्रक्शन मैनेजमेण्ट, फाईनेन्सियल मैनेजमेण्ट, हेल्थकेयर एण्ड हॉस्पिटल मैनेजमेण्ट, ह्यूम रिर्सोस मैनेजमेण्ट, मार्केटिंग मैनेजमेण्ट एवं ऑपरेशन मैनेजमेण्ट विषयों में परास्नातक प्रबन्धन के कार्यक्रमों में भी प्रवेश लिया जा सकता है। वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक एवं प्रमुख डॉ. अनिल कुमार मिश्र ने बताया कि 25 मई 2026 से इग्नू ने जुलाई 2026 सत्र के लिए प्रवेश आरम्भ की है, इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थियों को समर्थ पोर्टल पर जाकर सर्वप्रथम अपनी डिई.बी. आईडी बनानी होगी। इससे पूर्व उन्हें सबसे पहले ए.बी.सी. (ABC) आई.डी. बनाकर डि.ई.बी. आईडी के रजिस्ट्रेशन पेज पर अपने ई-मेल आई.डी. तथा मोबाईल नम्बर के माध्यम से प्रवेश के लिए आवेदन करना होगा। क्षेत्रीय निदेशक डॉ. रीना कुमारी ने बताया कि इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के बत्तीस जिलों में इग्नू के अध्ययन केन्द्र स्थापित किये गये हैं। इन अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से तथा क्षेत्रीय केन्द्र पर स्थित प्रवेश सहायता डेस्क पर जाकर प्रवेश लेने के लिए अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र, लखनऊ तथा अध्ययन केन्द्रों में प्रवेश के लिए जरूरी सहायता भी प्रदान की जाती है। अभ्यर्थी अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी एवं सहायता हेतु किसी भी कार्यदिवस में इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र, लखनऊ के वृन्दावन योजना, तेलीबाग स्थित कार्यालय या दूरभाष सं0 0522-2442832 या ई-मेल पर सम्पर्क कर सकते हैं। क्षेत्रीय निदेशक इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ के डा. अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि इग्नू अध्ययन केन्द्र पर 36 विषयों में पीएचडी कराई जाएगी। इसके लिए आधिकारिक पोर्टल पर एक जुलाई से आवेदन शुरू हो जाएंगे। डॉ. मिश्रा ने यह भी बताया कि आवेदन के लिए परास्नातक में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं जबकि आरक्षित श्रेणियों को 05 प्रतिशत छूट दी जाएगी। इसमें फुल टाइम और पार्ट टाइम के लिए आवेदन कर सकेंगे।अधिक जानकारी विश्वविद्यालय की बेवसाइट www.ignou.ac.in से प्राप्त कर सकते है। प्रवेश/परीक्षा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी हेतु समन्वयक डॉ अरूण कुमार सिंह के मोबाइल नं. 9452153002 पर संपर्क कर सकते हैं।

## हरियाली पर चला लकड़कट्टो का आरा, जिम्मेदार मौन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर खीरी-** शारदा नगर वन रेंज की जमुनिया बीट फूल बेहड़ चौकी वन रेंज हरे भरे पेड़ शीशम व जामुन काटे गए। मिल पुरवा ,बड़ा गांव ,बसहा कटान कर मीलपुरवा होटल पर जामुन की लकड़ी पड़ी हुई है। शारदा नगर वन रेंज में हरियाली पर कुल्हाड़ी लखीमपुर खीरी शारदा नगर वन रेंज क्षेत्र में हरे भरे पेड़ों के कथित अवैध कटान को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि वन विभाग से जुड़े कुछ प्राइवेट कर्मचारियों और लकडकटो की साठ गांठ के चलते लगातार पेड़ों का कटान कराया जा रहा है जिससे हरियाली पर संकट गहराता जा रहा है ग्रामीणों का कहना है कि दिन रात चल रहे कटान की जिम्मेदार अधिकारियों को नहीं लगती भनक।सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब जब क्षेत्र में पेड़ों की कटाई हो रही है तो वन विभाग की निगरानी व्यवस्था आखिर कहां है स्थानीय लोगों का आरोप है कि क ई बार वन विभाग को सूचना देने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती सूत्रों के मुताबिक जब इस संबंध में वन दरोगा से जानकारी मांगी जाती है तो उनका जवाब होता है कि उन्हें इस प्रकार की किसी भी कटान की जानकारी नहीं है ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि यदि कटान हो रहा है तो जानकारी क्यों नहीं है? और यदि जानकारी नहीं है तो निगरानी तंत्र की जिम्मेदारी कौन तय करेगा? क्षेत्र में चर्चा है कि कुछ कथित प्राइवेट कर्मचारी लकडकटो के साथ मिलकर हरियाली को नुक़सान पहुंचाने में लगे हुए हैं हालांकि इन आरोपो की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है लेकिन लगातार उठ रहीं शिकायतो ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान जरूर लगा दिए हैं । पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि एक ओर सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर वृक्षारोपण अभियान चलातीं है वहीं दूसरी ओर यदि हरे भरे पेड़ों का शीशम जामुन पेड़ों अवैध कटान नहीं रुका तो सारे प्रयास बेकार साबित होगा।लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को है बड़े सवाल क्या वन रेंज क्षेत्र में बिना संरक्षण के पेड़ों का कटान संभव है?आखिर वन विभाग को अवैध कटान की जानकारी क्यों नहीं मिल रही? क्या सरकारी कर्मचारियों और लकडकटो की मिली भगत की जांच होगी हरियाली बचाने के लिए जिम्मेदार विभाग अपनी जिम्मेदारी कब निभाएगा यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह केवल पेड़ों की कटाई का मामला नहीं बल्कि पर्यावरण और सरकारी व्यवस्था दोनों पर बड़ा सवाल होगा अब देखना यह है कि वन विभाग इन शिकायतों को गंभीरता से लेकर जांच करता है या मामला फ़ाइलों में ही दबाकर रह जाता है।

## नकहा में स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन, सीएचसी में सोलर लाइट लगवाने की घोषणा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नकहा/लखीमपुर खीरी।** मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर रविवार को नकहा ब्लॉक प्रांगण में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन विधान परिषद सदस्य एवं प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने किया। अनूप गुप्ता ने स्वच्छता पर जोर देते हुए कहा, 'हाथ से हाथ मिलेगा तो स्वच्छता का लक्ष्य पूरा होगा '। जिले में मेडिकल कॉलेज बनने को सरकार की बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा, 'मोदी है तो मुमकिन है, योगी है तो यकीन है '। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नकहा में अपनी विधायक निधि से सोलर लाइट लगवाने की घोषणा की, ताकि मरीजों और तीमारदारों को रात में बेहतर रोशनी मिल सके। नकहा ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता ने बताया कि महिला स्वयं सहायता समूहों के काम में नकहा ब्लॉक पूरे जिले में पहले स्थान पर रहा। खण्ड विकास अधिकारी संगीता यादव ने बताया कि मेला तीन दिन चलेगा। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से शिविर का लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की चाबी वितरित की गई। सभी लाभार्थियों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र साहनी, सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, जिला सह कोषाध्यक्ष संजय गुप्ता, जिला सह मीडिया प्रभारी अंकित अवस्थी, सभासद लकी गुप्ता, रानू गुप्ता, मण्डल महामंत्री धर्मेंद्र मौर्य, ओम प्रकाश सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बरेली में पुलिस मुठभेड़: बाइक-मोबाइल लूटने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**बरेली।** राहगीर से बाइक और मोबाइल लूटने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने आरोपितों के पास से लूटी हुई बाइक, मोबाइल तमंचा और कारतूस बरामद किया है। उपचार के लिए उन्हें जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। चार जून को बहेड़ी के उलेतापुर निवासी वीरपाल ने पुलिस को बताया कि वह शाम के समय अपने घर जा रहे थे। इसी बीच मिन्तरपुर गांव के पास दो बदमाशों ने उनकी बाइक रोककर मोटरसाइकिल और मोबाइल लूट लिया। मामले में बहेड़ी थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम घटना के राजफाश में लगा दी गई।शनिवार रात देवीपुरा बाजार के पास पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो युवक आते दिखे। पुलिस के रुकने के इशारे पर वे घबरा गए और बाइक गिर गई। पुलिस टीम ने जब उन्हें पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपितों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक आरोपित के पैर में गोली लग गई, जबकि दूसरा भी गिरने से घायल हो गया।

## ट्रांसफार्मर खराब होने से बड़ा चाका क्षेत्र में गहराया बिजली संकट,भीषण गर्मी में लोग परेशान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी के बड़ा चाका क्षेत्र में पिछले कई दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण स्थानीय लोगों को गंभीर बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच लगातार बिजली आपूर्ति बाधित रहने से क्षेत्रवासियों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में बिजली कभी आती है तो कुछ ही देर बाद चली जाती है। बार-बार होने वाली बिजली कटौती के कारण लोगों को गर्मी, पेयजल आपूर्ति और दैनिक कार्यों में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों की स्थिति सबसे अधिक प्रभावित हो रही है।क्षेत्रवासियों ने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने की शिकायत कई बार संबंधित विद्युत विभाग के अधिकारियों से की गई, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया है। लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद विभाग की ओर से अपेक्षित कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे उनकी परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। इस संबंध में विद्युत विभाग के एसडीओ से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाइल नंबर कवरेज क्षेत्र से बाहर बता रहा था, जिसके कारण उनसे संपर्क नहीं हो सका।स्थानीय लोगों ने विभागीय अधिकारियों से जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर की मरम्मत या बदलवाने की मांग की है, ताकि क्षेत्र में सुचारु रूप से बिजली आपूर्ति बहाल हो सके और लोगों को राहत मिल सके।


## टूंडला स्टेशन पर RPF की बड़ी कार्रवाई, 25 लाख के गांजे के साथ झारखंड का तस्कर गिरफ्तार

**टूंडला।** राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों ने शनिवार रात टूंडला स्टेशन से चेकिंग के दौरान एक युवक को लाखों रुपये कीमत के गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। उसके पास से 23.61 किलो गांजा बरामद किया गया है। जिसकी कीमत 25 लाख रुपये बताई गई है। आरोपित ट्रेन द्वारा गांजे को झारखंड से दिल्ली ले जा रहा था। शनिवार रात 12 बजे जीआरपी थानाध्यक्ष मोनू आर्य और रेलवे सुरक्षा बल के जवान प्लेटफॉर्म नंबर 1/2 पर चेकिंग कर रहे थे। तभी स्टेशन के पूर्वी छोर से झाड़ियों से एक युवक बैग लेकर निकला। जिसे पुलिस ने जांच के लिए रोक लिया। जांच में बैग से 23.61 किलो ग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपित का नाम बबलू कुमार निवासी गांव चटाईदौडा रिवर साइड सुदामाडीह, थाना सुदामाडीह, जनपद धनबाद, झारखंड बताया। पकड़े गए गांजे की कीमत करीब 25 लाख रुपये बताई गई है। आरोपित ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह गांजे को झारखंड से दिल्ली बेचने ले जा रहा था।

## 650 करोड़ का बरेली-सितारगंज हाईवे प्रोजेक्ट अटका

- एक गांव की जिद ने बढ़ाई सरकार की टेंशन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली।** सड़क मार्ग से बरेली से उत्तराखंड तक सीधे जुड़ाव के लिए निर्माणाधीन बरेली-सितारगंज हाईवे में फरीदापुर गंगा नवादा गांव बाधक बन गया है। महावट जाति के लोगों को यहां के जमींदारों ने बसाया था। अधिकांश लोगों को सरकारी आवास मिले हुए हैं। सर्वे के दौरान जिला प्रशासन ने मूल्यांकन कराकर दूसरी जगह जमीन उपलब्ध करा दी थी। अब भवन का निर्माण कराकर दिए जाने की मांग उठने लगी है। पहले प्रशासन मूल्यांकन करा चुका है, इसलिए दोबारा इसमें संशोधन हो पाने की उम्मीद कम दिख रही है। 650 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना को दो हिस्सों में बांटकर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। बरेली से पीलीभीत तक 32.50 किमी. के एरिया में तीन बाइपास रिठौरा, नवाबंज-हाफिजगंज और जहानाबाद बनाए जा रहे हैं। जबकि पीलीभीत-सितारगंज के बीच 38.30 किमी. के एरिया में छह बाइपास बनवाए जा रहे हैं। इसका फायदा यह मिलेगा कि मालवाहक वाहन कहीं जाम में नहीं फंसेंगे। कुछ घंटों में खराब होने वाला कच्चा माल भी समय से गंतव्य तक पहुंच सकेगा। बरेली से पीलीभीत के बीच निर्माण कार्य तो तेजी से चल रहा है, लेकिन फरीदापुर गंगा नवादा बड़ा अवरोध बना हुआ है। मार्ग में महावट जाति के लोगों के आवास आ रहे हैं, जिनका निर्माण प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना से मिले धन से कराया गया है। वर्षों पहले इन्हें गांव के जमींदारों ने बसाया था, इसलिए इनके पास और कहीं जमीन भी उपलब्ध नहीं है। सर्वे के दौरान राजस्व विभाग ने इनके मकानों का मूल्यांकन कराया था, बताया गया था कि इन्हें मकान बनवाने के लिए मुआवजे की धनराशि दी जाएगी और दूसरी जगह जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। बताया जा रहा है कि कुछ ग्रामीणों के खातों में मुआवजे की धनराशि पहुंच चुकी है, इसके बाद भी जगह खाली नहीं कर रहे हैं। उनकी मांग है कि मकान का निर्माण कराकर दिया जाए। एनएचएआइ के परियोजना निदेशक नवरत्न का कहना है कि राजस्व विभाग के आंकलन के अनुसार मुआवजा की धनराशि दी जा चुकी है। एनएचएआइ अब इस परियोजना में कोई परिवर्तन नहीं कर सकती। इस संबंध में नवाबगंज के उप जिलाधिकारी उदित पवार का कहना है कि हाईवे में जिनके मकान आ रहे हैं उन्हें दूसरे स्थान पर जगह उपलब्ध करा दी गई है। अधिकांश लोगों को मुआवजा भी दे दिया गया है। जल्द ही उन्हें शिफ्ट कराने के प्रयास किए जाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### फर्जी तरीके से करोड़ों रुपये हड़पने के आरोप में तीन पर केस दर्ज

**गोपीगंज।** फर्म के खाते से फर्जी लेनदेन कर करोड़ों रुपये हड़पने के आरोप में गोपीगंज पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों पर बिना वैध आधार के करीब 2.65 करोड़ रुपये निकालने का आरोप है। कौलापुर (धनापुर) निवासी सूर्यकमल तिवारी की तहरीर के अनुसार उनके पिता कृष्ण मोहन तिवारी की प्रोपराइटरशिप फर्म के खाते से पूर्व में धोखाधड़ी हुई थी। उस मामले में विजय मिश्रा, विष्णु मिश्रा, रामलली मिश्रा समेत अन्य के खिलाफ वर्ष 2020 में मुकदमा दर्ज हुआ था। हाल ही में न्यायालय ने दोषियों को सजा सुनाई है। तहरीर में आरोप है कि उक्त मामले की जांच और न्यायालय में प्रस्तुत साक्ष्यों के दौरान सामने आया कि कृष्ण मोहन तिवारी की फर्म के बैंक खाते से अन्य लोगों की मिलीभगत से बड़ी धनराशि निकाली गई। निदूरा अभया, सुरियावां निवासी भोलानाथ शुक्ल, आईडियल इम्पेक्स फर्म के संचालक तथा खानापुर मऊरामशाला निवासी राजीतराम यादव ने बिना वैध आधार के क्रमशः करीब दो करोड़ रुपये, 30 लाख रुपये और 35 लाख रुपये फर्जी तरीके से प्राप्त कर हड़प लिए। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पूरा लेनदेन सुनियोजित साजिश के तहत किया गया और फर्म को करोड़ों का नुकसान पहुंचाया गया।प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जल जीवन मिशन की इकाई में चोरी, केबल काट ले गए चोर, पेयजल आपूर्ति ठप

**चौरी, भदोही।** चौरी खास गांव में जल जीवन मिशन के तहत संचालित पेयजल आपूर्ति इकाई को चोरों ने निशाना बना लिया। अज्ञात चोर कमरे का ताला तोड़कर मोटर में लगा विद्युत केबल काटकर उठा ले गए, जिससे गांव की पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई है। जानकारी के अनुसार चौरी खास गांव की लगभग 5000 की आबादी को जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत निर्मित इकाई से पेयजल की आपूर्ति की जाती है। गुरुवार की रात चोरों ने जलापूर्ति केंद्र के कमरे का ताला तोड़ दिया और मोटर में लगा विद्युत केबल काटकर ले गए। घटना की जानकारी रविवार को होने पर प्रधान प्रतिनिधि महबूब आलम मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि केबल चोरी होने के कारण शुक्रवार से ही गांव में पानी की सप्लाई बंद है, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी चोर इसी इकाई से केबल चोरी कर चुके हैं, लेकिन सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए। प्रधान प्रतिनिधि महबूब आलम ने घटना की सूचना जल निगम के अधिशासी अभियंता को दे दी है और जल्द से जल्द केबल लगवाकर पेयजल आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा जलापूर्ति केंद्र की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

### जगरनाथपुर माइनर की सफाई के बाद नाले बंद, किसानों की बढ़ी चिंता




**हिंदू युवा वाहिनी ने डीएम से हस्तक्षेप की मांग की**

**भदोही।** राष्ट्रीय हिंदू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष संजय राय ने चौरी क्षेत्र के जगरनाथपुर माइनर की सफाई के बाद किसानों को हो रही समस्याओं को लेकर नाराजगी जताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि करीब पंद्रह दिन बीत जाने के बाद भी नहर विभाग समस्या के समाधान के प्रति उदासीन बना हुआ है। संजय राय ने बताया कि माइनर की सफाई के दौरान निकाली गई मिट्टी नहर किनारे डाल दी गई है, जिससे पानी निकासी के लिए राजस्व अभिलेखों में दर्ज नाले भी बंद हो गए हैं। ऐसे में धान की बेहन तैयार कर रहे किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अभी तक नहर में पानी नहीं आया है, लेकिन किसानों ने खेती की तैयारियां शुरू कर दी हैं। यदि समय रहते जल निकासी और नहर की व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो किसानों की परेशानी और बढ़ सकती है। हिंदू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष ने जिलाधिकारी शैलेष कुमार का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित करते हुए किसानों के हित में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। वहीं क्षेत्र के किसानों ने भी नहर विभाग से तत्काल समस्या का समाधान कराने की अपील की है।

## किसानों को सस्ती सिंचाई सुविधा देने की पहल

● पचराव के किसान जनक कुमार सिंह बने मिसाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीखड़ संवाद,** विकास खण्ड सीखड़ के ग्राम पंचायत पचराव निवासी जनक कुमार सिंह अवकाश प्राप्त इंजीनियर केंद्रीय उपक्रम ने किसानों को कम लागत पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की सराहनीय पहल शुरू की है। उन्होंने अपने निजी संसाधनों से सिंचाई व्यवस्था तैयार कर क्षेत्र के किसानों को राहत देने का निर्णय लिया है। निजी पंपसेट का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी वरिष्ठ पत्रकार शीतलेश्वर प्रसाद पाठक द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने किसान हित में उठाए गए इस कदम की प्रशंसा की।

जनक कुमार सिंह ने बताया कि किसानों की इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए कम दर पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। उनका कहना है कि इस पहल का उद्देश्य लाभ कमाना नहीं, बल्कि किसानों की खेती की लागत कम करना तथा उन्हें समय पर सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराना है।जनक कुमार सिंह की इस घोषणा से क्षेत्र के किसानों में खुशी का माहौल है। किसानों का मानना है कि इससे खेती की लागत में कमी आएगी और आर्थिक रूप से कमजोर किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने जनक कुमार सिंह की इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए इसे किसान हित में उठाया गया एक अनुकरणीय और प्रेरणादायक कदम बताया है। उक्त अवसर पर जनक कुमार सिंह आनंद प्रकाश सिंह, हिन्दुस्तान के वरिष्ठ पत्रकार गोपीनाथ मिश्रा, सुरेश सिंह, हरिश्चंद्र, राज नारायण सिंह, कैलाश सिंह, महेश सिंह, सूरज, संजय सिंह, पन्ना, बीरबल, जयकुमार सिंह, मन्नू सहित बड़ी संख्या में किसान भाई उपस्थित रहे।

## लगातार पांचवी बार MDRT -USA क्लब की सदस्यता प्राप्त करने पर ऋषभ को किया गया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार मीरजापुर।** चुनार क्षेत्र के खुन्दका ग्राम निवासी ऋषभ सिंह पुत्र राम समुझ सिंह ने अपनी मेहनत , लगन और ईमानदार कार्यशैली के बल पर एक बार फिर क्षेत्र का नाम रोशन किया,शनिवार को वाराणसी के सारनाथ स्थित होटल मुद्रा में आयोजित MDRT सम्मान समारोह में उनको प्रतिष्ठित MDRT-USA (मिलियन डॉलर राउंड टेबल) 2026 उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया, यह सम्मान भारतीय जीवन बीमा निगम के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक राजेश कुमार चौधरी एवं उनके प्रबंधन टीम द्वारा ऋषभ को स्मृति चिन्ह देकर दिया गया। प्रबंधन टीम ने उनकी उपलब्धियां की सराहना करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए उन्होंने निरंतर परिश्रम और समर्पण के बल पर बीमा क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई। उनकी सफलता से पूरा क्षेत्र गौरवान्वित है। ऋषभ केवल एक सफल बीमा सलाहकार ही नहीं बल्कि अपने ग्राहकों के भरोसेमंद साथी भी माने जाते हैं वित्तीय योजना बीमा सुरक्षा और क्लेम मामलों में उनकी सक्रिय भूमिका ने हजारों लोगों का विश्वास जीता है। उत्कृष्ट सेवाओं के लिए ऋषभ ने सबसे कम उम्र में MDRT का सम्मान प्राप्त किया इसके अलावा इन्हें कई राष्ट्रीय मंचों पर सामान प्राप्त हो चुका है। सम्मान प्राप्त करने के बाद ऋषभ ने कहा कि यह उपलब्धि उनके पॉलिसीधरको, सहयोगियों शुभचिंतकों और परिवार के सदस्यों के विश्वास का परिणाम है, उन्होंने कहा कि लोगों का भरोसा ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। उनकी सफलता यह संदेश देती है की दृढ़ संकल्प, ईमानदारी और अथक परिश्रम के बल पर अपनी पहचान बनाई जा सकती है। उनकी सफलता पर उनके शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## पीड़ितों को न्याय दिलाना पहली प्राथमिकता- प्रभारी निरीक्षक राजेश राम



**मिर्जापुर।** ड्रमंडगंज थाना के नवनियुक्त प्रभारी निरीक्षक राजेश राम ने शुक्रवार शाम को चार्ज संभालने के बाद रविवार को पत्रकारों से बातचीत की। कहा कि पीड़ितों को त्वरित न्याय उनकी प्राथमिकता में है। लेटलतीफी और हीलाहवाली कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी जिम्मेदारों को शासन की मंशा पर खरा उतरना होगा। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि सभी बीट प्रभारी व सिपाही पुलिसिग को तेज करें, जिससे अपराध नियंत्रण में रहे और अपराधियों पर नकेल कसी जा सके। संतनगर थाने में प्रभारी निरीक्षक के पद पर रहते हुए ड्रमंडगंज थाने की जिम्मेदारी मिली है। अपराध नियंत्रण और सामाजिक सौहार्द कायम रखने में पुलिस महती भूमिका निभाएगी। इसके बाद प्रभारी निरीक्षक ने अधीनस्थों के साथ गोष्ठी कर कानून व्यवस्था की समीक्षा की। साथ ही यह कहा कि कार्य में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियम कानून तोड़ने वालों को कत्तई बक्शा नहीं जाएगा।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद भदोही के पदाधिकारियों द्वारा किया गया रक्तदान

● कोषाध्यक्ष उमेश दुबे ने रक्तदान कर पत्रकार समाज का किया प्रेरित

● जनपद में किसी जरूरतमंद को भी रक्त की आवश्यकता पड़े तो सीधे संगठन से सम्पर्क करें: जिलाध्यक्ष गंगाधर पत्रकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही:** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जनपद भदोही में स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करने एवं आमजन को रक्तदान के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से रविवार 14 जून को ज्ञानपुर स्थित महाराजा चेतसिंह जिला चिकित्सालय मे स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कई समाजसेवियों, गणमान्य लोगों के साथ साथ पुलिस व प्रशासन के कर्मचारियों व अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद जिला ईकाई भदोही के जिलाध्यक्ष गंगाधर पत्रकार के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने भी रक्तदान का संकल्प लिया। जिसमें संगठन के जिला कोषाध्यक्ष उमेश दुबे ने रक्तदान करते हुए पत्रकार समाज को भी इस पुनीत कार्य में सफल भागीदारी करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष गंगाधर पत्रकार ने आमजन को संदेश देते हुए कहा कि भदोही जनपद में जब भी किसी को रक्त की आवश्यकता हो तो वह शख्स सीधे संगठन के पदाधिकारियों से सम्पर्क करे, उसकी तत्काल पूरी सहायता की जायेगी।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बताया कि विश्व रक्तदाता दिवस प्रतिवर्ष 14 जून को आधुनिक रक्त समूह प्रणाली के खोजकर्ता एवं नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक डॉ. कार्ल लैंडस्टीनर की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य स्वैच्छिक एवं निःशुल्क रक्तदान को बढ़ावा देना तथा मानव जीवन की रक्षा के लिए नियमित रूप से रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं का सम्मान करना है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवाओं में से एक है। दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों, शल्य चिकित्सा, प्रसूति एवं आपातकालीन परिस्थितियों में रक्त की आवश्यकता किसी भी समय पड़ सकती है। ऐसे में पर्याप्त एवं सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक स्वस्थ नागरिक को नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान पूर्णतः सुरक्षित प्रक्रिया है तथा इससे किसी प्रकार की शारीरिक कमजोरी नहीं आती है। जिलाधिकारी ने




बताया कि रक्तदान के माध्यम से न केवल जरूरतमंद मरीजों का जीवन बचाया जा सकता है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य की नियमित जांच भी होती है। उन्होंने युवाओं, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, शिक्षण संस्थानों एवं जागरूक नागरिकों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी शैलेष कुमार, पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी, मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संतोष कुमार चक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं में मुख्य रूप से शाहिद सिद्दीकी, मुकेश दुबे, शाहनवाज खान, भरत वर्मा, एजाज अहमद अंसारी, मिस्बाह खान, राजेश जायसवाल, वसीम आलम, विनोद कुमार यादव, एडवोकेट सभा शंकर सरोज, इम्तियाज खान, असगर अली, जुमई शेख सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दाह संस्कार में शामिल होने आए वृद्ध के गंगा में डूबने की आशंका, दूसरे दिन भी तलाश जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोपीगंज।** गोपीगंज थाना क्षेत्र के बरवा घाट पर दाह संस्कार में शामिल होने आए एक वृद्ध के गंगा नदी में स्नान के दौरान डूब जाने की आशंका से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। समाचार लिखे जाने तक स्थानीय गोताखोर उनकी तलाश में जुटे रहे, जबकि गंगा घाट पर ग्रामीणों और परिजनों की भारी भीड़ बनी रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिव सागर उर्फ मुन्ना यादव (60 वर्ष) निवासी भवनाथ पट्टी, पोस्ट खमरिया, थाना औराई, शनिवार को अपने एक मित्र के साथ बड़ा कोयलरा निवासी स्वर्गीय राजकिशोर बिंद की पुत्री के दाह संस्कार में शामिल होने बरवा घाट आए थे। बताया जाता है कि सुबह लगभग 11 बजे वह गंगा नदी में स्नान करने गए, जहां गहरे पानी में चले जाने से उनके डूबने की आशंका जताई जा रही है।

काफी देर तक बाहर नहीं आने पर मौजूद लोगों ने उनकी खोजबीन शुरू की तथा




स्थानीय गोताखोरों को बुलाया गया। शनिवार से शुरू हुई तलाश रविवार तक जारी रही, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उनका कोई सुराग नहीं मिल सका था। घटना को लेकर परिजनों में अनहोनी की आशंका बनी हुई है। मौके पर तहसीलदार औराई, अस्थानिय पुलिस व भवानीपुर एवं डेरवा के ग्राम प्रधान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और राहत एवं खोज अभियान पर नजर बनाए हुए हैं। बताया जाता है कि शिव सागर यादव अपने पीछे तीन पुत्र एवं एक पुत्री का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके पुत्रों में अरविंद यादव (26 वर्ष), धर्म यादव (23 वर्ष), अभिमन्यु यादव (21 वर्ष) तथा पुत्री रेनू यादव (20 वर्ष) हैं। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

### विश्व रक्तदान दिवस पर भदोही साइकिलिंग क्लब के सदस्यों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

**गोपीगंज।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर महाराजा चेतसिंह जिला अस्पताल द्वारा लालानगर में आयोजित रक्तदान शिविर में भदोही साइकिलिंग क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष अताउल मुस्तफा अंसारी के नेतृत्व में क्लब के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक स्वैच्छिक रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। इस अवसर पर अताउल मुस्तफा अंसारी ने लोगों से रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने और अधिक से अधिक संख्या में आगे आकर रक्तदान करने की अपील की। वहीं राष्ट्रीय सचिव प्रवीण श्रीवास्तव ने कहा कि रक्तदान संकट के समय जरूरतमंदों के लिए जीवनदान साबित होता है। क्लब सदस्य डॉ. एस.एस. यादव ने रक्तदान को सामाजिक जिम्मेदारी बताते हुए लोगों को इस पुनीत कार्य में भागीदारी के लिए प्रेरित किया। शिविर में जगदीश यादव, सरफराज अहमद, शादाब जफर, नौशीन फातमा, महमूद आलम, नुसरत बानो, अंसार अली तथा अरसलान दानिश सहित कई सदस्यों ने रक्तदान कर अभियान को सफल बनाया।

### केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष मे उपलब्धियो को गिनाया एडीओ एजी नरेंद्र कानापुरिया



**हलिया मीरजापुर।** रविवार को हलिया विकासखंड सभागार में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में उपलब्धियां को गिनाया एडीओ एजी नरेंद्र कानापुरिया वहीं मौजूद लोगों को जानकारी देते हुए नरेंद्र कानापुरिया ने बताया कि विकासखंड के 34032 किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित है। इसी तरह केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के कई योजनाओं से कैसे लाभ लिया जाए की दी जानकारी तथा जो व्यक्त किसी योजना से वंचित है उनको लाभान्वित करने हेतु इंस्टाल लगाए गए हैं फार्मर रजिस्ट्री आयुष्मान कार्ड सेनेट्री पद पशुपालन शिक्षा विभाग स्वास्थ्य विभाग स्टाल लगाए गए स्टाल लगाकर लोगों को जानकारी दिया गया।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर सीडीओ ने किया रक्तदान, 21 यूनिट रक्त हुआ संग्रहित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, भदोही शाखा द्वारा जिला चिकित्सालय ज्ञानपुर स्थित ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला ने स्वयं रक्तदान कर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, जिलाधिकारी शैलेष कुमार और पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी साबित हो सकता है। वहीं पुलिस अधीक्षक ने नियमित रक्तदान को सामाजिक सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

शिविर में 25 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 21 यूनिट रक्त का सफलतापूर्वक संग्रह किया गया। बड़ी संख्या में युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। जिला पंचायत



अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने कहा कि रक्तदान वास्तव में जीवनदान है और ऐसे आयोजन समाज में जागरूकता बढ़ाने के साथ जरूरतमंदों की मदद में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी एवं लायंस क्लब ज्ञानपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय कुमार सहित अनेक अधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों ने सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## तीन दशक का इंतजार खत्मः 320 करोड़ की लागत से गंगा पुल निर्माण का हुआ शुभारंभ

● ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे ने किया भूमि पूजन,

● भदोही-प्रयागराज की दूरी होगी कम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** भदोही और प्रयागराज जनपद की सीमा पर गंगा नदी पर बनने वाले बहुप्रतीक्षित पक्के पुल के निर्माण कार्य का रविवार को विधिवत भूमि पूजन कर शुभारंभ किया गया। तुलसीकला गंगा घाट पर आयोजित कार्यक्रम में ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन किया। करीब तीन दशक से क्षेत्र की जनता जिस पुल की मांग कर रही थी, उसके निर्माण की शुरुआत से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। करीब 320 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह पुल भदोही के धनतुलसी घाट को प्रयागराज के डेंगुरपुर घाट से जोड़ेगा। लगभग 1320 मीटर लंबा यह पुल 13 पायों पर निर्मित होगा। पुल बनने से गंगा की तीन ओर से घिरे डीघ-कोनिया क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। भूमि पूजन समारोह को



संबोधित करते हुए विधायक विपुल दुबे ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पुल केवल आवागमन का साधन नहीं बल्कि क्षेत्र के आर्थिक, व्यावसायिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य और पर्यटन विकास का नया द्वार साबित होगा। उन्होंने बताया कि पुल निर्माण के बाद भदोही और प्रयागराज के बीच यात्रा समय में कमी आएगी। साथ ही वाराणसी, मिर्जापुर, जौनपुर समेत आसपास के कई जिलों के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। मध्य प्रदेश की ओर जाने वाले मार्ग भी अधिक सुगम होंगे, जिससे व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

विधायक ने कहा कि पुल बनने से सीतामढ़ी, मां विंध्यवासिनी धाम और संगम नगरी प्रयागराज के बीच संपर्क बेहतर होगा, जिससे धार्मिक पर्यटन को भी नई पहचान मिलेगी। उन्होंने इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि बताया।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी लोगों का मन मोह लिया। गायक अतुल मिश्रा, वशिष्ठ मिश्रा एवं गायिका एकता जायसवाल ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधा। कार्यक्रम का संचालन भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष विधानचंद दुबे ने किया। इस अवसर पर प्रयागराज के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, सुरियावां नगर पंचायत अध्यक्ष विनय चौरसिया, ज्ञानपुर नगर पंचायत अध्यक्ष घनश्याम गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेश पाण्डेय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विमल मिश्रा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधान एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास और सुशासन के नए आयाम स्थापित- कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल नंदी




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मिर्जापुर।** जिले में पहुंचे प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल नंदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास और सुशासन के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने चुने हुए प्रतिनिधि के रूप में लगातार जनसेवा और विकास कार्यों का एक उल्लेखनीय रिकॉर्ड बनाया है। वह जिला पंचायत सभागार में आयोजित संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि बीते 12 वर्ष संकल्पों की सिद्धि, सुशासन की स्थापना और देश की समृद्धि को समर्पित रहे हैं। वहीं सार्वजनिक जीवन के 22 वर्ष भारतीय संस्कृति, अर्थव्यवस्था और राष्ट्र निर्माण के लिए महत्वपूर्ण साबित हुए हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना रही है। इसी का परिणाम है कि करोड़ों लोगों के जीवन स्तर में सुधार आया है और बड़ी संख्या में लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। किसानों की आय बढ़ाने, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर सृजित करने तथा निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की गई हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि आज जब विश्व के अनेक देशों के बीच युद्ध और अस्थिरता का माहौल है, तब भारत विकास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर निरंतर अग्रसर है और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की भावना के साथ विकास यात्रा को नई गति मिल रही है।

### पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने निकली विशाल साइकिल यात्रा



**गोपीगंज।** पर्यावरण संरक्षण, ईंधन बचत और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार को भदोही साइकिलिंग क्लब के तत्वावधान में विशाल साइकिल यात्रा निकाली गई। राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बड़ा चौराहा से समाजसेवी हाजी मकसूद खान ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर हाजी मकसूद खान ने कहा कि साइकिल चलाना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होने के साथ पर्यावरण संरक्षण का भी प्रभावी माध्यम है। उन्होंने लोगों से दैनिक जीवन में अधिक से अधिक साइकिल का उपयोग करने की अपील की। साइकिल यात्रा बड़ा चौराहा से शुरू होकर शहीद तिराहा, कांजी हाउस, आजाद नगर, झीलिया पुल, शिवनगर कॉलोनी, काली देवी, बड़े शिव एवं ककराही मंडी सहित विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए उत्सव लॉन, मिर्जापुर रोड पर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने 'साइकिल चलाएं, ईंधन बचाएं' और 'वृक्ष लगाओ, पर्यावरण बचाओ' जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में अताउल मुस्तफा अंसारी, सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने सहभागिता की।

## प्रवक्ता राजकीय इंटर कॉलेज प्रारंभिक परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, आधे से अधिक अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जनपद भदोही में रविवार को आयोजित प्रवक्ता (पुरुष/महिला) राजकीय इंटर कॉलेज प्रारंभिक परीक्षा-2026 शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह मुस्तैद रहा। इस दौरान जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ज्ञानपुर स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, सीसीटीवी निगरानी, कक्ष आवंटन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को परीक्षा को पूरी तरह नकलविहीन, पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल एवं प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती कर लगातार निगरानी रखी गई। वहीं क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर चमन सिंह चावड़ा एवं क्षेत्राधिकारी औराई राजीव सिंह ने भी विभिन्न केंद्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

परीक्षा के लिए जिले के सात केंद्रों पर कुल 2973 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1471 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जबकि 1502 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार कुल उपस्थिति 49.48 प्रतिशत तथा अनुपस्थिति 50.52 प्रतिशत दर्ज की गई।

जारी आंकड़ों के अनुसार विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज, ज्ञानपुर में 384 में से 204 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज, ज्ञानपुर में 480 में से 230 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।



गुलाबधर मिश्र इंटर कॉलेज, गोपीगंज में 198, श्री इंद्र बहादुर सिंह नेशनल इंटर कॉलेज, भदोही में 234 तथा एमएनपी समद इंटर कॉलेज, भदोही में 181 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। वहीं काशी नरेश स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ज्ञानपुर के ब्लॉक-ए में 243 तथा ब्लॉक-बी में 181 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान कहीं से भी किसी प्रकार की अव्यवस्था या नकल की सूचना नहीं मिली। हालांकि कुल पंजीकृत अभ्यर्थियों में आधे से अधिक के अनुपस्थित रहने की चर्चा पूरे दिन बनी रही।

# संक्षिप्त खबरें

## 12वें अंतर्राष्ट्रीय 'योग सप्ताह' का शुभारंभ कल से




ब्यूरो प्रयागराज-12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस क अवसर पर जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में 'योग सप्ताह' का आयोजन किया जा रहा है। इस योग सप्ताह का औपचारिक्क शुभारंभ कल, सोमवार दिनांक 15 जून को होगा। विधायक (फाफामऊ) गुरु प्रसाद मौर्य एवं माननीय महापौर (प्रयागराज) उमेश चंद्र गणेश केसरवानी गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। योग सप्ताह का मुख्य उद्देश्य जन-जन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करना है। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. नवीन सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला प्रशासन और आयुष विभाग द्वारा इस पूरे सप्ताह विभिन्न योगाभ्यास और स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने प्रयागराज के समस्त नागरिकों, योग प्रेमियों और प्रबुद्ध जनों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस भव्य शुभारंभ का हिस्सा बनें और योग सप्ताह को सफल बनाएं।

## हनुमान मंदिर के दानपात्र में मिले नकली नोट, केंद्रीय एजेंसियां जांच में जुटीं

### बैंक में जमा कराने के दौरान हुआ खुलासा



प्रयागराज। संगम नगरी प्रयागराज स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर के दानपात्र में नकली नोट मिलने से हड़कंप मच गया है। दानपात्र से निकाली गई धनराशि को जब बैंक में जमा कराने के लिए ले जाया गया, तब बैंक कर्मचारियों ने जांच के दौरान कई नकली नोटों की पहचान की। इनमें 200 रुपये के नोट सहित अन्य मूल्य वर्ग के नकली नोट भी शामिल बताए जा रहे हैं। मामले की जानकारी मिलते ही मंदिर प्रशासन और बैंक अधिकारियों ने संबंधित एजेंसियों को सूचित किया। नकली नोट मिलने की सूचना के बाद केंद्रीय जांच एजेंसियों ने भी मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। एजेंसियां यह जानने का प्रयास कर रही हैं कि ये नकली नोट दानपात्र तक कैसे पहुंचे और इनके पीछे कोई संगठित गिरोह तो सक्रिय नहीं है। सूत्रों के अनुसार प्रथम दृष्टया यह मानना कठिन है कि कोई श्रद्धालु जानबूझकर भगवान के चरणों में नकली नोट चढ़ाएगा। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि नकली नोट पहले से ही बाजार में प्रचलन में हैं और अनजाने में लोगों के हाथों से होते हुए मंदिर के दानपात्र तक पहुंच गए। इस घटना ने प्रयागराज के व्यापारिक और वित्तीय क्षेत्र में भी चिंता बढ़ा दी है। यदि नकली नोट बाजार में बड़ी संख्या में चल रहे हैं तो आम नागरिक, दुकानदार और व्यापारी भी इसके शिकार हो सकते हैं। जांच एजेंसियां अब इस बात की भी पड़ताल कर रही हैं कि हाल के दिनों में शहर या आसपास के क्षेत्रों में नकली नोटों का कोई नेटवर्क सक्रिय तो नहीं हुआ है।

## प्रयागराज में कब्जा मुक्त नहीं हो पाई 18 बिस्वा जमीन, फंदे से लटक गया आहत मजदूर

हनुमानगंज। सदरेपुर गांव में जमीन पर अवैध कब्जा और प्रशासन से कार्यवाही में होती लेटलतीफी से आहत मजदूर फांसी के फंदे से लटक गया। 45 वर्षीय छोटेलाल का शव फंदे से लटकता देख अन्य लोगों ने शोर मचाया। शव उतारा गया तो मृतक की जेब में एसडीएम फूलपुर को दिया गया शिकायती पत्र मिला। जिसमें उसने दबंगों के द्वारा 18 बिस्वा जमीन पर कब्जा करने की परेशानी बताते हुए मदद की गुहार लगाई थी। इस घटना से परिवार के लोगों में मातम है जबकि प्रशासनिक अनदेखी के चलते अन्य ग्रामीणों में नाराजगी है। सदरेपुर निवासी विजय बहादुर उर्फ छोटे लाल पटेल, टीनशेड वाले कमरे में अकेला रहता था। पास में ही परिवार के अन्य लोग रहते हैं। एसडीएम को दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार कुछ लोगों ने उसकी जमीन पर कब्जा कर लिया है। जमीन से कब्जा हटवाने के लिए छोटेलाल काफी परेशान था। उप जिलाधिकारी कार्यालय में शिकायती पत्र दिया। अन्य सक्षम अधिकारियों के यहां भी गुहार लगाई। कहीं से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सुबह बड़े भाई श्याम बहादुर ने छोटेलाल का शव नीम के पेड़ से लटकते हुए देखा। ग्रामीणों ने शव को फंदे से नीचे उतार लिया। तब तक छोटेलाल की मौत हो चुकी थी। थानाध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला लग रह है। मृतक की जेब से एक पत्र मिला है जिसमें जमीन के विवाद को लेकर एसडीएम फूलपुर से शिकायत है। बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। लगभग 15 साल पहले छोटेलाल, पत्नी की हत्या के मामले में जेल भी जा चुका है।

# पेपर लीक के खिलाफ कांग्रेस के देशव्यापी आंदोलन का ऐलान, राहुल गांधी 17 जून: कोटा (राजस्थान) में करेंगे छात्र सम्मेलन

**● 10 जुलाई: इलाहाबाद (उत्तर प्रदेश) में करेंगे छात्र सम्मेलन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। देश में लगातार हो रहे पेपर लीक, परीक्षाओं में गड़बड़ी और बेरोजगारी के मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी ने केंद्र सरकार के खिलाफ आर-पार की जंग का ऐलान कर दिया है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के मार्गदर्शन और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी एक बड़ा राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू करने जा रही है. इसका मकसद देश के करोड़ों युवाओं और छात्रों के साथ हो रहे धोखे के खिलाफ आवाज उठाना है. इन सम्मेलनों में परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र, युवा संगठन, शिक्षक और पेपर लीक घोटालों से पीड़ित युवा सीधे राहुल गांधी से संवाद करेंगे और अपनी परेशानियां साझा करेंगे। छात्रों और युवाओं की आवाज बुलंद करने के लिए राहुल गांधी खुद मैदान में उतर रहे हैं. वे देश के प्रमुख शिक्षा और कोचिंग हब वाले शहरों में छात्रों के बड़े सम्मेलनों को संबोधित करेंगे. इस महा-अभियान का शेड्यूल इस प्रकार तय किया गया है। 17 जून: कोटा (राजस्थान) 10 जुलाई: इलाहाबाद (उत्तर प्रदेश) 11 जुलाई: पटना (बिहार) 14 जुलाई: को दिल्ली। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा जारी बयान के मुताबिक, राहुल गांधी इस आंदोलन के जरिए युवाओं की मांग को सड़क से लेकर संसद तक उठाएंगे. कांग्रेस पार्टी की मुख्य मांगें हैं कि ह्श्ब्श्ञ परीक्षा का विकेंद्रीकरण किया जाए, सरकारी परीक्षाओं के फॉर्म की फीस पूरी तरह खत्म हो, पेपर लीक माफियाओं के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और इस नाकामी के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री तुरंत इस्तीफा दें। इस आंदोलन को देश के कोने-कोने तक पहुंचाने के लिए कांग्रेस की छात्र इकाई ह्स्ढ्ढ, यूथ कांग्रेस और सभी स्थानीय कमेटियां मिलकर काम करेंगी. इसके तहत विश्वविद्यालयों, स्कूलों, कोचिंग सेंटरों और युवा केंद्रों पर जाकर छात्रों से सीधा संपर्क किया जाएगा. सोशल मीडिया पर कैंपेन चलाने के साथ-साथ लाइव स्क्रीनिंग भी की जाएगी। कांग्रेस का कहना है कि यह लड़ाई किसी राजनीति से ऊपर उठकर देश के युवाओं के भविष्य और निष्पक्ष शिक्षा प्रणाली को बचाने की है, इसलिए पार्टी आगामी संसद सत्र में इस मुद्दे



पर व्यापक चर्चा और कड़े कानून की मांग करेगी। कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल ने स्पष्ट किया कि राहुल गांधी ने युवाओं के भविष्य, उनकी योग्यता और निष्पक्षता की रक्षा को राष्ट्रीय महत्व का मुद्दा बना दिया है.इस अभियान के जरिए कांग्रेस कुछ प्रमुख मांगों को सड़क से लेकर संसद तक उठाएगी.जिसमें NEET परीक्षा का विकेंद्रीकरण (Decentralisation) यानी नीट परीक्षा के मौजूदा ढांचे में बदलाव की मांग. छात्रों पर से परीक्षा फॉर्म की फीस का बोझ पूरी तरह हटाने की मांग.पेपर लीक रैकेट में शामिल माफियाओं और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई.पेपर लीक मामलों की जिम्मेदारी तय करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग शामिल है।

## झूंसी मे तेंदुआ माँ और उसके 2 शावक हुए सीसीटीवी मे कैद, लोगों मे दहशत का माहौल



ब्यूरो प्रयागराज। प्रयागराज के वार्ड नं 52 हवेलिया क्षेत्र स्थित लक्कड़ बाबा मंदिर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में एक तेंदुआ माँ और उसके 2 शावक दिखाई देने की सूचना सामने आने के बाद इलाके में सतर्कता बढ़ा दी गई है। कैमरे में दर्ज वीडियो में समय और तारीख भी दिखाई दे रही है। प्रशासन ने वहां के लोगों से कहा कि सभी लोग आवश्यक कार्य दिन के समय ही निपटाने का प्रयास करें तथा शाम और रात में अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें। बच्चों को अकेले बाहर न भेजें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें। क्षेत्र में फिलहाल लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

## टोंस नदी में डूबने से एक ही परिवार के दो युवकों की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित टोंस नदी में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के दो युवकों की डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही दोनों राज्यों की पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और सनसनी का माहौल है। जानकारी के अनुसार प्रयागराज के भारत नगर निवासी मिश्रा परिवार के दो युवक अपने परिचितों के साथ टोंस नदी में नहाने गए थे। भीषण गर्मी के बीच नदी में स्नान के दौरान दोनों युवक अचानक गहरे पानी में चले गए। देखते ही देखते उनका संतुलन बिगड़ गया और वे डूबने लगे। युवकों को बचाने के लिए आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाते हुए नदी में उतरकर उन्हें निकालने का प्रयास किया, लेकिन तेज बहाव और अधिक गहराई के कारण सफलता नहीं मिल सकी। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को दी। सूचना मिलते ही उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद दोनों



युवकों को नदी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की खबर मिलते ही मृतकों के परिजन और रिश्तेदार बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए। एक ही परिवार के दो युवकों की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिवार में मातम पसरा हुआ है और पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ पड़ी पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। प्रारंभिक जांच में दोनों युवकों की मौत डूबने से होना सामने आया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अल्लापुर की मलिन बस्ती पहुंचे प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क एवं जनकल्याण अभियानों के तहत उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह रविवार को प्रयागराज के अल्लापुर क्षेत्र पहुंचे। यहां उन्होंने मलिन बस्ती में आयोजित स्वच्छता एवं प्लास्टिक अपशिष्ट निस्तारण कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया तथा 'प्रशासन आपके द्वार' कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय नागरिकों के साथ चौपाल लगाकर उनकी समस्याएं सुनीं। अल्लापुर की मलिन बस्ती में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। उन्होंने क्षेत्रवासियों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने तथा प्लास्टिक कचरे के उचित निस्तारण के प्रति जागरूक किया। मंत्री ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा सामाजिक दायित्व है। उन्होंने लोगों से अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका



निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन, स्वच्छता और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। स्वच्छ भारत अभियान ने देशभर में स्वच्छता के प्रति नई चेतना पैदा की है। स्वच्छता कार्यक्रम के उपरांत जल शक्ति मंत्री ने 'प्रशासन आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत एक चौपाल का नेतृत्व किया। चौपाल में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने पेयजल, सीवर, सड़क, जल निकासी, विद्युत आपूर्ति तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं। मंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के निर्देश दिए।

## अधिकार क्षेत्र से बाहर पानी बेचते युवक को आरपीएफ ने दबोचा




गोपीगंज। बनारस-प्रयागराज रेलखंड पर चल रही हड़पसर एक्सप्रेस में अवैध रूप से पानी बेच रहे एक युवक को आरपीएफ ने पकड़ लिया। युवक के पास बनारस-चुनार रेलखंड पर वेंडिंग का लाइसेंस था, लेकिन वह निर्धारित क्षेत्र से बाहर पानी बेच रहा था। आरपीएफ इंस्पेक्टर दयाशंकर यादव ने बताया कि कानपुर देहात निवासी श्याम पुत्र चंद्रप्रकाश को ज्ञानपुर स्टेशन पर कार्रवाई के दौरान रंगे हाथ पकड़ा गया। जांच में उसके द्वारा रेलवे नियमों का उल्लंघन किए जाने की पुष्टि हुई। आरपीएफ ने युवक को हिरासत में लेकर रेलवे अधिनियम के तहत आवश्यक कार्रवाई की है।

## अधिक मास के समापन पर सोमेश्वर महादेव मंदिर में चला भव्य स्वच्छता अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नैनी प्रयागराज। 'मंदिर में झाड़ू लगाना कोई छोटा काम नहीं, यह ऐसी पूजा है जिसका कोई मोल नहीं।' इसी भावना के साथ सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान, अरैल-नैनी, प्रयागराज द्वारा रविवार को अधिक मास के समापन अवसर पर श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर, अरैल में भव्य स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था के कार्यक्रम अधिकारी धीरज राजवानी ने किया।अभियान के दौरान मंदिर परिसर के कोने-कोने में फैली गंदगी को साफ कर स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण बनाया गया। साथ ही श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को मंदिरों में स्वच्छता बनाए रखने के प्रति जागरूक करते हुए जन-जागरण अभियान भी चलाया गया।इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी ऋषि दीक्षित ने कहा कि आस्था के पवित्र मंदिरों में लोग



श्रद्धा और विश्वास के साथ पूजा-अर्चना करने आते हैं, लेकिन कई बार अपने साथ लाए गए पॉलीथीन, दूध चढ़ाने वाले फाइबर ग्लास, माचिस के खाली डिब्बे तथा अन्य सामग्री मंदिर परिसर में इधर-उधर छोड़ देते हैं। इससे परिसर में गंदगी फैलती है और समय के साथ दुर्गंध उत्पन्न होने लगती है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं और भक्तों से अपील की कि वे मंदिर की पवित्रता एवं स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें तथा कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही डालें। कार्यक्रम में कुंवर जी तिवारी, मनीष पांडेय, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, विकास मिश्रा, एडवोकेट आत्म प्रकाश यादव, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, विनोद गुरानी, बब्रुवाहन सिंह, इंदु प्रकाश सिंह, कार्तिकेय तिवारी एवं तुलसी तिवारी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि स्वच्छ मंदिर, स्वच्छ समाज और स्वच्छ भारत के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है तथा ऐसे अभियान आगे भी निरंतर चलाए जाते रहेंगे।

## फिल्मी सितारों ने किया प्रयागराज कराटे क्लब के खिलाड़ियों का सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नैनी, प्रयागराज। गोवा में आयोजित ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रयागराज का नाम रोशन करने वाले प्रयागराज कराटे क्लब के खिलाड़ियों को रविवार को क्लब कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में फिल्मी कलाकारों द्वारा सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि 17 मई 2026 को गोवा में आयोजित ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में देश के विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों के बीच हुए कड़े मुकाबलों में प्रयागराज कराटे क्लब के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण, 7 रजत और 19 कांस्य पदक अपने नाम किए। इस उपलब्धि के साथ क्लब ने प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खिलाड़ियों की इस सफलता का जश्न मनाने के लिए आयोजित सम्मान समारोह में भोजपुरी जगत की प्रसिद्ध गायिका शिल्पी राज, गीतकार, गायक एवं अभिनेता विजय




चौहान, अभिनेता राकेश बाबू तथा अभिनेता नवीन नायक ने खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के पश्चात सभी कलाकारों एवं खिलाड़ियों की उपस्थिति में एक भव्य रोड शो भी निकाला गया। रोड शो का नेतृत्व प्रयागराज कराटे क्लब के निदेशक मिथुन निषाद, अध्यक्ष रमेश कुमार, उपाध्यक्ष एवं रंगकर्मी-अभिनेता रमेश कश्यप, मिस्टर वर्सेटाइल ऋषभ चौरसिया तथा मैनेजर अभय गुप्ता ने किया।इस अवसर पर क्लब के खिलाड़ी अतुल श्रीवास्तव, मोहित गौड़, सुनील धवन, आकाश गौड़, यश सिंह, अनुराग सिंह, अभिनीत सिंह, प्रभात कुशवाहा, शांतनु प्रजापति, आराध्य जायसवाल, रुद्र केसरवानी, प्रताप केसरवानी, राजकुमार कुशवाहा, अंश शर्मा, कशिश निषाद, प्रिशा, शिवम, सार्थक जायसवाल सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।सम्मान समारोह में वक्ताओं ने खिलाड़ियों की उपलब्धि को प्रयागराज के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने किया रक्तदान

**● लोगों से की रक्तदान की अपील**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रयागराज। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रविवार को प्रयागराज के बेली अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने स्वयं रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से स्वेच्छा से रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद मरीज के जीवन को बचा सकता है। बेली अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है और गंभीर रूप से बीमार मरीजों, दुर्घटना पीड़ितों, गर्भवती महिलाओं तथा विभिन्न बीमारियों से जूझ रहे लोगों के उपचार के लिए समय-समय पर रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में स्वस्थ व्यक्तियों को नियमित रूप से रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। रक्तदान के बाद जिलाधिकारी ने



कहा कि रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित प्रक्रिया है और इससे किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती। उन्होंने युवाओं, सामाजिक संगठनों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं से रक्तदान अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवाओं में से एक है और इससे जरूरतमंदों को नया जीवन मिलता है। रक्तदान शिविर में उपस्थित लोगों ने जिलाधिकारी के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा स्वयं रक्तदान करने से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और अधिक से अधिक लोग इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित होते हैं। कार्यक्रम का समापन रक्तदान के महत्व पर जागरूकता संदेश के साथ हुआ।

## वसुधैव कुटुंबकम और विश्व शांति के लिए सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन



ब्यूरो प्रयागराज। इफको घियानगर स्थित श्री राम मंदिर में सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कॉर्डेट फूलपुर के अध्यक्ष एवं निदेशक इफको तथा सभापति यू.पी. पी.सी.एफ बाल्मीकि त्रिपाठी एवं विशिष्ट अतिथि डा. चन्द्रभूषन त्रिपाठी ( आई.ए. एस. ) एम.डी.– यू.पी. पी.सी. एफ तथा उत्तर प्रदेश कॉपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड लखनऊ के निदेशक गण पुरुषोत्तम पांडेय, आनंद किशोर द्विवेदी, अनुराग पांडे, विनोद जैन, अमरनाथ यादव (अध्यक्ष फूलपुर), बृजेश कुमार क्षेत्रीय प्रबंधक पीसीएफ प्रयागराज, पी.के. सिंह, इकाई प्रमुख इफको फूलपुर , शंभू शेखर , डॉ अरविंद कुमार इंचार्ज कोरडेट आंवला बरेली, बी.पी सिंह उर्फ मुन्ना, आर.के .गुप्ता सहित कॉर्डेट फूलपुर की टीम एवं घियानगर वासी उपस्थित रहे।

## प्रयागराज में अतीक के गुर्गो का आतंक, भूमि विवाद में फल विक्रेता को मारी गोली

प्रयागराज। जमीन के विवाद में शनिवार सुबह माफिया अतीक के गुर्गो ने फल विक्रेता विनोद सिंह को गोली मार दी। हमलावरों ने विनोद के भाई और एक वकील पर भी फायर झोंका। घायल विनोद का सीएचसी भगवतपुर में इलाज चल रहा है। एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के देवघाट झलवा निवासी विनोद सिंह फल की दुकान चलाते हैं। उनके पिता बनारसी की देवघाट में ही करीब 15 बिस्वा जमीन है। शनिवार सुबह विनोद सिंह उस जमीन पर निर्माण कार्य करवा रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान बाइक सवार बदमाश आए और विनोद को गोली मार दी। पेट के पास गोली लगते हैं वह जमीन पर गिर पड़े तो भाई और एक अधिवक्ता हमलावरों की ओर बढ़े। लेकिन तब तक बदमाशों ने उन पर भी फायर झोंक दिया और भाग निकले। घायल विनोद को काल्विन अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। इसके बाद भगवतपुर सीएससी रेफर कर दिया। पीड़ित का यह भी आरोप है कि धमकी मिलने पर पुलिस से शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। चौकी इंचार्ज पीपलगांव राहुल सिंह का कहना है कि जमीन के विवाद में घटना हुई है। मामले की जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## राजकीय बाल गृह शिशु खुल्दाबाद में सृजन लोक गायन कार्यशाला का भव्य समापन





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज- महिला कल्याण विभाग द्वारा जनपद प्रयागराज में संचालित राजकीय बाल गृह शिशु खुल्दाबाद प्रयागराज में उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान लखनऊ एवं शिव-शक्ति फाउंडेशन प्रयागराज के सहयोग से 11 दिवसीय सृजन लोक गायन की कार्यशाला 2026 का समापन रविवार को बेहद भव्य और उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रयागराज के जिलाधिकारी की धर्मपत्नी श्रीमती डॉक्टर अंकिता राज विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति रही। प्रयागराज संगीत समिति के निदेशक प्रभाकर दयाल , संस्कृति विभाग से अमित श्रीवास्तव और बाल कल्याण समिति के अध्यक् अखिलेश मिश्रा जी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी सर्वजीत सिंह महिला शरणालय की अधीक्षिका मिथिलेश पाल राजकीय बाल गृह शिशु की अधीक्षिका डॉक्टर प्रज्ञा सिंह की अगवाई में इस कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण संगीत प्रशिक्षक सूरज प्रकाश राहुल सिंह (हारमोनियम) एवं अक्षत (ढोलक) के द्वारा किया गया। मंच का सफल संचालन सुकीर्ति पाण्डेय के साथ साथ अंकुर श्रीवास्तव व राम शिरोमणि जी के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा कार्यक्रम समाप्ति पर बच्चों की प्रस्तुति को सराहा गया कार्यशाला के दौरान सीखे गए पारंपरिक लोकगीतों और संगीत की विभिन्न विधाओं को जब मंच पर उतारा गया तो पूरा प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा ।बच्चों ने कार्यशाला के दौरान सीखे विवाह गीत, सोहर, कजरी व अवधी भाषा में देशगीत गाकर पूरे माहौल को उल्लास से भर दिया। लोक गायन कार्यक्रम की प्रस्तुति के पश्चात कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कठपुतली प्रदर्शन रहा।

## नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर जनकल्याणकारी योजनाओं और सुशासन की उपलब्धियां गिनाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रयागराज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को सर्किट हाउस, प्रयागराज में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं और सुशासन के विभिन्न आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और गरीब कल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया गया है। सरकार ने गरीबों के लिए आवास, शौचालय, निःशुल्क राशन, स्वास्थ्य बीमा, किसानों को सम्मान निधि, महिलाओं को सशक्त बनाने तथा युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत वैश्विक स्तर पर एक मजबूत और निर्णायक नेतृत्व वाले राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है। देश की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है और आधारभूत संरचना के विकास में तेजी आई है। सड़क, रेल, हवाई और डिजिटल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं, जिससे आम नागरिकों को सीधा लाभ मिला है। प्रेस वार्ता के दौरान वक्ताओं ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण रही है। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से समाज के सभी वर्गों तक विकास की रोशनी पहुंचाने का दावा किया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि बीते



12 वर्षों में देश में विकास की नई इबारत लिखी गई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की जनहितकारी योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रेस वार्ता में सांसद प्रवीण पटेल, विधायक दीपक पटेल,विधायक हर्ष वर्धन वाजपेई, विधायक गुरु प्रसाद, प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रयागराज में संगम स्नान को आए छत्तीसगढ़ के बुजुर्ग की संदिग्ध मौत, जांच में जुटी पुलिस



प्रयागराज। छत्तीसगढ़ से संगम स्नान के लिए आए 70 वर्षीय गुर्दा साहू पुत्र कोंडा साहू की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। उसका शव दारागंज थाना क्षेत्र के परेड मैदान में सड़क के किनारे मिला। जेब में मिले बस के टिकट के आधार पर पुलिस ने मृतक की पहचान कराई। छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले के चितली थाना क्षेत्र स्थित लीलापुर गांव निवासी गुर्दा साहू शुक्रवार को एक प्राइवेट बस से संगम क्षेत्र पहुंचा। इसके बाद वह अकेले घूमने के लिए निकल गया। इसी दौरान उसकी संदिग्ध दशा में मौत हो गई। जेब से बस का टिकट मिला जिसके जरिए बस चालक से बात की गई। इंस्पेक्टर दारागंज ज्ञानेश्वर मिश्र का कहना है कि शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं था। पोस्टमार्टम के बाद मौत के कारण साफ होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## हजारीबाग बार एसोसिएशन को बड़ा झटका, वरीय अधिवक्ता विश्वंभर नाथ सहाय का निधन

**हजारीबाग, झारखण्डः-** हजारीबाग बार एसोसिएशन के वरीय अधिवक्ता अखौरी विश्वंभर नाथ सहाय का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से बार एसोसिएशन समेत पूरे विधि जगत में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, विश्वंभर नाथ सहाय का इलाज रांची के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। शनिवार, 13 जून को उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन के बाद उनका पार्थिव शरीर रांची से हजारीबाग स्थित आवास लाया गया, जहां सैकड़ों अधिवक्ताओं, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने अंतिम दर्शन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। बताया जाता है कि वे पहले सरकारी सेवा में कार्यरत थे। सेवानिवृत्ति के बाद वर्ष 1997 में बार एसोसिएशन से जुड़कर वकालत शुरू की और लंबे समय तक न्यायिक क्षेत्र में अपनी सेवाएं दीं। बार एसोसिएशन के सदस्यों ने उन्हें एक नेक, मृदुभाषी और मिलनसार व्यक्ति बताते हुए कहा कि उनका निधन अधिवक्ता समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि उनके अनुभव, व्यवहार और मार्गदर्शन को हमेशा याद किया जाएगा। बार एसोसिएशन के प्रभारी संयुक्त सचिव कुणाल कुमार ने बताया कि स्वर्गीय विश्वंभर नाथ सहाय की स्मृति में 15 जून को बार एसोसिएशन परिसर में शोक सभा का आयोजन किया जाएगा। शोक सभा के बाद सभी अधिवक्ता सम्मान स्वरूप न्यायिक कार्य से स्वयं को अलग रखेंगे। उनके निधन से अधिवक्ता समुदाय के साथ-साथ सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में भी शोक का माहौल है।

## बकतरपा में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** गोविंदपुर साहिबगंज हाईवे पर नारायणपुर थाना क्षेत्र के बकतरपा के पास सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायल का प्राथमिक उपचार सीएचसी नारायणपुर में किए जाने के बाद बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया है। घायल की पहचान नारायणपुर थाना क्षेत्र के शहरपुर के साठ वर्षीय कसिम मियां के रूप में हुई है।वे मोपेड बाइक पर सूप डलिया लेकर कहीं जा रहें थे, इसी क्रम में बकतरपा के पास एक ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने ट्रक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सूचना मिलने के बाद नारायणपुर पुलिस मौके पर पहुंची थी। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने थोड़ी देर के लिए गोविंदपुर साहिबगंज हाईवे को जाम भी कर दिया था। प्रशासन की पहल पर जाम हटा। इस क्षेत्र में आए दिन कहीं ना कहीं सड़क दुर्घटना होती है तथा जानमाल को नुकसान हो जाता है। वहीं एक अन्य सड़क दुर्घटना में बाइक से गिरकर दो लोग घायल हुए हैं। दोनों बादलपुर के रहने वाले हैं। दोनों घायलों का उपचार सीएचसी में हुआ है।

## फुलवारीशरीफ और परसा में दो युवकों की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**फुलवारीशरीफ।** फुलवारीशरीफ एवं परसा बाजार थाना क्षेत्र में रविवार को दो युवकों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। दोनों मामलों में पुलिस जांच में जुटी है। मृतकों के परिजनों के अनुसार दोनों युवक नशे के आदी थे। वहीं फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र के एक मामले में परिजनों ने गांव के कुछ लोगों पर गर्म पानी डालकर हत्या करने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र के मंजौली गांव निवासी 40 वर्षीय एनी राम रविवार सुबह करीब आठ बजे घर से निकला था। दोपहर में उसका शव गांव में ही मिला। परिजनों ने शव पर जलने के निशान होने की बात कहते हुए गांव के कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष गुलाम शहबाज आलम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस मामले की सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। उधर परसा बाजार थाना क्षेत्र के सुइथा गांव निवासी लड्डू रविदास का शव गांव के बाजार के समीप मिला। शव पर चोट के निशान पाए गए हैं। आशंका जताई जा रही है कि वह किसी चारदीवारी से गिर गया, जिससे गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि लड्डू रविदास भी नशे का आदी था। इन दोनों घटनाओं के बाद पुलिस ने नशे और अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

# अपने ही भाई की हत्या एवं साक्ष्य छुपाने के जुर्म में मृतक के भाई सहित मां की गिरफ्तारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बेतिया।** कल दिनांक 13 जून, शनिवार की रात्रि समय लगभग 8:30 बजे थानाध्यक्ष मनुआपुल को डायल 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुइ कि मनुआपुल थाना अंतर्गत खैरटिया गांव के निवासी शैलेश तिवारी की हत्या करके शव को गायब कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक को सूचना के संबंध अवगत कराते हुए सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु थानाध्यक्ष सशस्त्र बल के साथ खैरटिया स्थित शैलेश तिवारी के घर जाते हैं तो जाने पर यह पाया जाता है कि घर पर कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं है एवं घर खुला पड़ा है। संदेह होने पर शैलेश तिवारी के भाई सोनू तिवारी को दूरभाष के माध्यम से संपर्क किया जाता है किंतु उनका फोन बंद आता है। आसपास के लोगों के द्वारा बताया जाता है कि संध्या से ही सभी लोग घर से फिरार हैं। इस संबंध में शैलेश तिवारी की सास के लिखित आवेदन पर मनुआपुल कांड संख्या 103/ 26 दिनांक 13 जून, धारा 103(1)/238/3(5) भारतीय न्याय संहिता में दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, बेतिया के निर्देशन एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में घटना के उद्भेदन, शव की बरामदगी एवं घटना में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु एक विशेष टीम का गठन किया गया जिसमें थानाध्यक्ष मनुआपुल एवं थानाध्यक्ष कालीबाग शामिल थे। तत्पश्चात विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी करते हुए प्राथमिकी अभियुक्त मृतक के भाई सोनू तिवारी को मझौलिया थाना अंतर्गत चैलाभार गांव से गिरफ्तार किया गया एवं प्राथमिकी अभियुक्त मृतक की मां नन्दवनी देवी को छावनी स्थित प्रजापति हाल्ट से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त सोनू तिवारी से मृतक शैलेश तिवारी के शव के बारे में पूछने पर सोनू तिवारी द्वारा अपने अपराध स्वीकृति बयान में बताया गया कि साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से मृतक शैलेश तिवारी के शव को अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर अपने बाइक से ले जाकर जला दिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त सोनू तिवारी के निशानदेही पर मृतक शैलेश तिवारी के जले हुए शव के अवशेष को छापेमारी दल द्वारा शांति माई स्थित श्मशान घाट से बरामद किया गया। एफएसएल टीम के द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन करते हुए विधिवत प्रदर्श को जप्त किया गया है। घटना में सन्लिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है। वही गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान सोनू तिवारी पिता स्वर्गीय बलि पांडे ग्राम खैरटिया थाना मनुआपुल एवं नंदवानी देवी पति स्वर्गीय बली पांडे गांव खैरटिया थाना मनुआपुल बताया गया हैं, पुलिस ने छपामारी क्रम में स्प्लेंडर मोटरसाइकिल(शव को ले जाने में प्रयुक्त), मृतक शैलेश तिवारी के जले हुए शव के अवशेष, इस छापामारी टीम में शामिल सदस्यों में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1, रवि कुमार पु.अ.नि. सह -थानाध्यक्ष मनुआपुल थाना, अजय कुमार पु.अ.नि. सह -थानाध्यक्ष काली बाग थाना, पु.अ.नि. लालजी पंडित मनुआपुल थाना, स.अ.नि. सुभाष कुमार मनुआपुल थाना, सशस्त्र बल मनुआपुल थाना शामिल रहें।

## नया बाजार चौक से नौ लीटर विदेशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार



**बेतिया।** पश्चिम चम्पारण जिले के कालीबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत नया बाजार चौक स्थित एक झोपड़ीनुमा घर में पुलिस ने छापेमारी कर करीब नौ लीटर विदेशी शराब बरामद की है। इस दौरान पुलिस ने शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान नया बाजार निवासी उपेन्द्र कुमार उर्फ दीपू, पिता स्वर्गीय शंभू प्रसाद के रूप में हुई है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में उसके घर से विभिन्न ब्रांड की कुल 17 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई। बरामद शराब में 750 मिलीलीटर क्षमता वाली बीयर की 12 बोतलें, व्हिस्की की 3 बोतलें तथा 750 मिलीलीटर क्षमता वाली वोडका की 2 बोतलें शामिल हैं। जब्त शराब की कुल मात्रा लगभग नौ लीटर बताई गई है। पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया है तथा उसके विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत आवश्यक विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। थाना पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## ट्रैक्टर से टेंपो की आमने-सामने की टक्कर में चालक की मौत, जीएमसीएच में हुआ पोस्टमार्टम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण जिले में सड़क हादसे में एक टेंपो चालक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना रविवार की अहले सुबह करीब तीन बजे की बताई जा रही है। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, बैरिया थाना क्षेत्र के मथौली वार्ड संख्या-7 निवासी राजा महतो (30 वर्ष) शनिवार की रात करीब नौ बजे टेंपो लेकर सवारी ढोने के लिए घर से निकले थे। बताया जाता है कि रात करीब दो बजे उन्होंने फोन पर अपनी पत्नी से बातचीत कर जल्द घर लौटने की बात कही थी। इसी दौरान कुमारबाग के समीप उनकी टेंपो और एक ट्रैक्टर के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि टेंपो चालक राजा महतो की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना डायल-112 पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम और स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल (जीएमसीएच), बेतिया भेज दिया।



पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक राजा महतो अपने परिवार के तीन भाइयों में सबसे बड़े थे। उनकी शादी 20 मई 2023 को पूर्वी चंपारण जिले के तुरकौलिया थाना क्षेत्र स्थित बेलवा बिशुनपुर निवासी कैलाश महतो की पुत्री रानी देवी के साथ हुई थी। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो छोटी बेटियां हैं, जिनमें बड़ी पुत्री सृष्टि (2 वर्ष) तथा छोटी पुत्री अनमोल (1 वर्ष) शामिल हैं। राजा महतो की असमय मौत से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के बाद पत्नी और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक का माहौल व्याप्त है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है तथा दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर की पहचान और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सीएम सम्राट चौधरी ने किसान जागरूकता वाहनों को दिखाई हरी झंडी; खरीफ महाभियान 2026 शुरू

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सीएम आवास 01 अणे मार्ग से किसान जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर शारदीय (खरीफ) महाभियान-2026 का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने शारदीय (खरीफ) महाभियान-2026 से संबंधित 2 कृषि ज्ञान वाहन सहित सभी जिलों के लिए किसान जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस किसान जागरुकता वाहन द्वारा किसानों को खरीफ मौसम से संबंधित सभी योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया जाएगा। किसानों को खरीफ फसलों की तकनीकी जानकारी दी जाएगी। शारदीय (खरीफ) मौसम में कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं तथा खरीफ में अनुदानित दर पर उपादान वितरण की जानकारी दी जाएगी गृहमंत्री। किसानों का आय बढ़ाने, डिजिटल क्रॉप सर्वे/फार्मर रजिस्ट्री के बारे में अवगत कराने के साथ-साथ कृषि उपकरण की भी जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण एवं विस्तार सेवाओं के बारे में किसानों को अवगत कराया जाएगा। साथ ही खेत बचाओ अभियान, प्रकृति तथा संतुलित उर्वरक की जानकारी एवं फसल अवशेष प्रबंधन के प्रति किसानों को जागरुकता किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्षों की उपलब्धियां गिनाई, विकसित भारत के संकल्प को बताया जन-जन का अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बेतिया।** नगर स्थित सर्किट हाउस में विधायक सह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री राणा रणधीर सिंह द्वारा मीडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन 14जून, रविवार को किया गया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों को विस्तार से रखा। उन्होंने कहा कि यह देशवासियों के लिए गर्व का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेवा, सुशासन और जनकल्याण को समर्पित अपने 12 वर्षों का कार्यकाल पूरा किया है। इस अवधि में सरकार ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया है। राणा रणधीर सिंह ने कहा कि आज भारत और बिहार विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विकास कार्यों की गति तेज हुई है तथा सरकार की योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार के कार्यकाल में नए इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण, रेलवे कनेक्टिविटी का विस्तार,




शिक्षा के क्षेत्र में आईटीआई एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना, महाविद्यालयों का ग्रामीण क्षेत्रों तक विस्तार जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि आयुष्मान भारत योजना, छात्र-छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, बिजली आपूर्ति में सुधार, औद्योगिक विकास तथा कृषि क्षेत्र को प्रोत्साहन देने जैसे अनेक कदमों से आम लोगों को सीधा लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के सर्वांगीण विकास का संकल्प तेजी से साकार हो रहा है। मीडिया संवाद कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष रवि सिंह, मनोज कुमार सहित पार्टी के दर्जनों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सहायक आचार्यों की संयुक्त बैठक संपन्न

**● जीपीएफ एवं प्रमाण-पत्र सत्यापन के मुद्दे पर डीएसई से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल**

**बरही, चौपारण और पदमा प्रखंड के शिक्षकों ने लंबित समस्याओं के समाधान के लिए बनाई रणनीति**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय, बरही में रविवार को सहायक आचार्यों की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मिथिलेश कुमार इंद्रगुरु ने की, जबकि संचालन संदीप कुमार ने किया। बैठक में बरही, चौपारण एवं पदमा प्रखंड के सहायक आचार्य प्रतिनिधियों ने भाग लेकर शिक्षकों की लंबित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में मुख्य रूप से जीपीएफ कटौती, शपथ-पत्र के आधार पर लंबित वेतन भुगतान तथा प्रमाण-पत्र सत्यापन प्रक्रिया में हो रही देरी के मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। चर्चा के बाद सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि सहायक आचार्यों के जीपीएफ कटौती एवं शपथ-पत्र आधारित लंबित वेतन भुगतान के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) कार्यालय से आवश्यक पत्र शीघ्र निर्गत कराने की दिशा में पहल की जाएगी। शिक्षकों का कहना था कि लंबे समय से लंबित भुगतान के कारण कई सहायक आचार्यों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।बैठक में यह भी बताया गया कि प्रमाण-पत्र सत्यापन के लिए भेजे गए कुछ डिमांड ड्राफ्ट (डी.डी.) संबंधित बोर्डों और संस्थानों से वापस लौट आए हैं। ऐसे मामलों में डी.डी. को पुनः तैयार कर जिला कार्यालय के माध्यम से जल्द अग्रसारित करने का निर्णय लिया गया, ताकि नियुक्ति एवं वेतन संबंधी प्रक्रियाओं में अनावश्यक विलंब न हो। बैठक में दोनों प्रमुख मांगों को प्रभावी ढंग से जिला शिक्षा अधीक्षक के समक्ष रखने के लिए एक प्रतिनिधि समिति का गठन किया गया। समिति के सदस्य 15 जून 2026 को जिला शिक्षा अधीक्षक से मुलाकात कर लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन की मांग करेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए संजय कुमार दुबे ने कहा कि संगठन बरही, चौपारण और पदमा के सभी सहायक आचार्यों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जीपीएफ एवं शपथ-पत्र के आधार पर भुगतान में हो रही देरी अब असहनीय हो चुकी है और जिला शिक्षा अधीक्षक के साथ होने वाली वार्ता में प्रमाण-पत्र सत्यापन प्रक्रिया को तेज करने की मांग प्रमुखता से उठाई जाएगी। दीपक कुमार मेहता ने कहा कि यह बैठक संगठन की एकजुटता और सामूहिक प्रयासों का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि वापस लौटे डी.डी. की प्रक्रिया को तत्काल पूरा किया जाना चाहिए तथा प्रतिनिधिमंडल जिला शिक्षा अधीक्षक से मिलकर स्पष्ट समय-सीमा तय करने का आग्रह करेगा, ताकि किसी भी सहायक आचार्य का वेतन आगे न रुके। वहीं प्रमोद कुमार दांगी ने कहा कि संगठन की शक्ति उसकी एकजुटता में निहित है। उन्होंने विश्वास जताया कि समिति जिला शिक्षा अधीक्षक के समक्ष तीनों प्रखंडों की सामूहिक समस्याओं को मजबूती से रखेगी और शीघ्र समाधान सुनिश्चित कराने का प्रयास करेगी। बैठक में संजय कुमार दुबे, संदीप कुमार, अरुण कुमार भारती, प्रमोद कुमार दांगी, पंकज कुमार रजक, नौशाद आलम, अजय कुमार यादव, संदीप कुमार रवि, सुरेंद्र कुमार पाण्डेय, चंद्रशेखर कुमार, सीताराम साव, मोहम्मद अफरोज आलम, सुनील कुमार पाण्डेय, ओम प्रकाश, दीपक कुमार मेहता एवं अनिरुद्ध राणा सहित बड़ी संख्या में सहायक आचार्य उपस्थित थे। बैठक के अंत में संगठन की ओर से विश्वास व्यक्त किया गया कि जिला प्रशासन सहायक आचार्यों की जायज मांगों पर सकारात्मक एवं त्वरित कार्रवाई करेगा, जिससे लंबित मामलों का समाधान हो सके और शिक्षकों को राहत मिले।

## सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के फैसले से कलाकारों में उत्साह, सुबोध सिन्हा का भव्य सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग कला एवं संस्कृति जगत से जुड़े कलाकारों ने कला एवं संस्कृति विभाग के विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर सुबोध सिन्हा का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा के नेतृत्व में क्वालिटी रेस्टोरेंट में आयोजित सम्मान समारोह में कलाकारों ने उन्हें माला और बुके भेंट कर शुभकामनाएं दीं। सुबोध सिन्हा हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट के संस्थापक हैं और लंबे समय से जिले के संगीत एवं कला क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे कलाकारों के सहयोग और प्रोत्साहन के लिए सदैव तत्पर रहते हैं तथा समय-समय पर बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर स्थानीय प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराते रहे हैं। हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद द्वारा कला एवं संस्कृति विभाग के लिए विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर कलाकारों में खुशी का माहौल है। समारोह में मौजूद कलाकारों ने इस निर्णय के लिए विधायक प्रदीप प्रसाद का आभार जताते हुए कहा कि इससे जिले की कला और संस्कृति को नई दिशा मिलेगी। कलाकारों ने कला क्षेत्र के प्रति विधायक की सकारात्मक सोच और कार्यों की सराहना भी की।

सम्मान समारोह में ट्रस्ट के अध्यक्ष राम किशोर सावंत, सचिव एवं मंच संचालक प्रदीप पाठक, उपाध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, तरंग ग्रुप के अमित गुप्ता, संरक्षक मनोज सिन्हा, दीपक सिन्हा, जानू राज फिल्म के डायरेक्टर हंसराज लोहार,रैंबो ऑर्केस्ट्रा के संस्थापक राजू वर्मा, ज्ञान कल्याण ऑर्केस्ट्रा के निदेशक ज्ञान सागर, डॉ. रवि कपूर, डॉ. रंजन, डॉ. पंकज सहाय, माथुर साहब, बबलू सिन्हा, शशिकांत सिन्हा, विभा




मिश्रा,अंजू सिन्हा, ब्रज लता देवी, मंजू मिश्रा, आरती सहाय, अनामिका कपूर, नमिता माथुर, अविनाश कुमार गुप्ता, मेघा गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कलाकार एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट के सचिव प्रदीप पाठक ने किया। समारोह के दौरान कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल को संगीतमय बना दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया और कार्यक्रम देर तक उत्साहपूर्ण वातावरण में चलता रहा।

## का. अजीत सरकार की श्रद्धांजलि सभा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बेतिया।** अजीत सरकार की श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए बिहार राज्य किसान सभा के उपाध्यक्ष प्रभुराज नारायण राव ने बताया कि अजीत सरकार का जन्म पूर्णिया के एक प्रभावशाली बंगला भाषी परिवार में 23 नवंबर 1947 को हुआ था। उनके पिता का नाम जितेंद्र चंद्र सरकार तथा माता का नाम प्रीतिरानी सरकार था।वे उच्च विद्यालय कसवा से मैट्रिक, डी एस कॉलेज कटिहार से इंटर तथा छपरा महाविद्यालय से स्नातक किये।वे ब्रजमोहन ठाकुर विधि महाविद्यालय से कानून की डिग्री ली। का. अजीत सरकार भूमि आंदोलन के प्रतीक थे। का. अजीत सरकार अपने राजनीति की शुरुआत एस एफ आई के नेतृत्व में छात्र आंदोलन से की थी ।उनका पूरा जीवन संघर्ष का जीवन रहा। उसके बाद वह किसान सभा में शामिल हुए और भूमिहीनों को जमीन दो के संघर्ष को पूर्णिया की धरती पर आगे बढ़ाया। उनके नेतृत्व में 10 हजार एकड़ से ज्यादा जमीन पर आंदोलन खड़ा हुआ। जलालगढ़, कसबा तथा पूर्णिया के गरीबों, आदिवासियों को जमीन दिलाने का काम किया। अजीत सरकार गरीबों के




मसीहा के रूप में जाने जाते थे। 1980 में प्रथम बार भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के चुनाव चिन्ह पर पूर्णिया से विधानसभा चुनाव जीते।वे चार बार पूर्णिया से विधायक रहे। अजीत सरकार अब जन जन के नेता बन चुके थे। उनके एक आह्वान पर दसियों हजार लोग जमा हो जाते थे। उनको हरा पाना संभव नहीं देख पप्पू यादव जैसे अपराधियों ने पैसे खर्च करके उनकी हत्या करा दी। अजीत सरकार का संघर्षमयी जीवन इतिहास के पन्नों में हमेशा अमर रहेगा। श्रद्धांजलि सभा को सीपीआईएम के जिला सचिव चाँदसी प्रसाद यादव, किसान सभा के जिला सचिव प्रकाश कुमार वर्मा, सीटू के राज्य कमिटी सदस्य नीरज बरनवाल ने संबोधित किया तथा जयनाथ प्रसाद, मनौव्वर अंसारी, बेचुराम,भिखारी यादव, म. गुड्डू,छोटेलाल प्रसाद, आस महमद आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## 'एक भाई जेल में बंद है, दूसरे की हत्या', रौशन आनंद के भाई की मौत पर भड़के सांसद पप्पू यादव

**पटना।** पटना के प्रसिद्ध ज्ञानबिंदु कोचिंग संस्थान के संचालक रोशन आनंद के भाई, प्रिंस यादव का शव नेपाल के एक होटल में रहस्यमय परिस्थितियों में मिला है। फिलहाल नेपाल पुलिस इस पूरे मामले की तफ्तीश में जुट गई है। मृतक प्रिंस यादव का नाम हाल ही में चर्चा में आया था, जब पटना में खान सर के कोचिंग संस्थान पर हमला हुआ था। इस मामले में प्रिंस के खिलाफ प्राथमिकी (FIR) दर्ज की गई थी, जिसके बाद से ही वे गिरफ्तारी से बचने के लिए नेपाल में रह रहे थे। घटनाक्रमः प्राप्त जानकारी के मुताबिक, प्रिंस यादव अपने 6 से 7 दोस्तों के साथ नेपाल के एक होटल में ठहरे हुए थे। इसी दौरान देर रात संदिग्ध हालातों में उनकी जान चली गई पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने इस घटना पर गहरा दुख जताते हुए इसे सामान्य मौत नहीं बल्कि एक सोची-समझी हत्या करार दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए उन्होंने लिखा कि ज्ञानबिंदु कोचिंग के डायरेक्टर रोशन आनंद के भाई प्रिंस की नेपाल के विराटनगर में हत्या कर दी गई है, जो बेहद दुखद है। बिहार सरकार को इस मामले में तुरंत संज्ञान लेना चाहिए और नेपाल प्रशासन से तालमेल बिठाकर पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाना चाहिए।

## बारातियों से भरी बस ट्रेलर से टकराई

**● 14 घायल, 4 गंभीर रेफर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखण्डः-** बरही थाना क्षेत्र के देवचंदा मोड़ के समीप रविवार को बारातियों से भरी एक बस सड़क हादसे का शिकार हो गई। चलकुशा जा रही बस अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रेलर से टकरा गई। दुर्घटना में बस में सवार 14 लोग घायल हो गए, जिनमें चार की स्थिति गंभीर होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बारातियों से भरी बस मँझगावां से चलकुशा जा रही थी। इसी दौरान देवचंदा मोड़ के पास बस अचानक अनियंत्रित हो गई और सामने चल रहे ट्रेलर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस में बैठे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और कई लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को एंबुलेंस तथा अन्य वाहनों की सहायता से बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। एक साथ बड़ी संख्या में घायलों के अस्पताल




पहुंचने से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों का उपचार शुरू किया। घायलों में मो. जमील 18 वर्ष, इमरान रजा 14 वर्ष, गुलाम हसन 17 वर्ष, सनाउल्लाह अंसारी 18 वर्ष, नूर मोहम्मद 70 वर्ष, सोहेल अंसारी 16 वर्ष, अब्दुल्ला अंसारी 18 वर्ष, सरफुद्दीन 70 वर्ष, मो. हकीम अंसारी 60 वर्ष, मो. आदिल 10 वर्ष, मरफज अंसारी 22 वर्ष, मो. ताजुद्दीन 19 वर्ष, ईशा 60 वर्ष तथा उजमा परवीन 12 वर्ष शामिल हैं। अधिकांश घायल मँझगावां निवासी बताए गए हैं। चिकित्सकों के अनुसार नूर मोहम्मद, सरफुद्दीन, मरफज अंसारी और उजमा परवीन की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया, जबकि अन्य घायलों का इलाज बरही अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया।

## बरही चौक से दो मोटरसाइकिल चोरी, प्राथमिकी दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

**बरही, हजारीबाग, झारखण्डः-** बरही थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े दो मोटरसाइकिलों की चोरी का मामला सामने आया है। घटना के संबंध में बरही थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तारबंगला निवासी मो. उमर फारुक (56 वर्ष) पिता स्व. रमजान अली, 12 जून 2026 को दोपहर करीब 1:30 बजे अपनी हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल संख्या- जेएच 02 एएन 7307 से बरही चौक गए थे। उन्होंने तिलैया रोड स्थित मां दुर्गा पान दुकान के सामने अपनी बाइक खड़ी कर कुछ सामान खरीदने चले गए। लगभग 10 मिनट बाद लौटने पर उनकी मोटरसाइकिल वहां से गायब मिली। उन्होंने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक का कोई पता नहीं चल सका। इसी दौरान जानकारी मिली कि बेलाल उद्दीन अंसारी पिता स्व. भोली मियां ग्राम धनवार, पोस्ट बरसोत, थाना बरही निवासी की मोटरसाइकिल संख्या जेएच 02 जेड 6375 भी धनबाद रोड स्थित लवली फैशन के सामने से चोरी हो गई है। दोनों वाहन मालिकों ने आशंका जताई है कि उनकी मोटरसाइकिलें अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए बरही थाना में कांड संख्या 192/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# चौपारण के दो प्रमुख ग्रामीण पथों का हुआ शिलान्यास

**● पीएम-जनमन योजना से दूरस्थ इलाकों को मिलेगी नई राह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** चौपारण प्रखंड के अति पिछड़े एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विकास की दिशा में शनिवार को एक महत्वपूर्ण पहल की गई। ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल हजारीबाग द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएम जन मन) के तहत दो महत्वपूर्ण सड़क निर्माण योजनाओं का शिलान्यास किया गया। शिलापट्ट में अंकित विवरण के अनुसार पहली योजना के तहत पैकेज संख्या जेएच-11- पीएम जन मन -एच ए जेड-01 (2025-26) अंतर्गत एलओ-21 दुरागढा पीएमजीएसवाई पथ से ढोढिया तक लगभग 5.134 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। वहीं दूसरी योजना में एलओ-22 चतरा-चौपारण रोड (बीघा बाजार) से बीघा मुंडा टोला तक लगभग 1.180 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई।दोनों योजना करोड़ों रुपये की बताई गई। दोनों योजनाओं का शिलान्यास विधायक मनोज कुमार यादव की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख चौपारण पूर्णिमा देवी, जिला परिषद सदस्य राकेश रंजन, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। मौके पर विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि विकास केवल घोषणाओं से नहीं बल्कि जमीन पर उतरने वाले कार्यों से दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता का विश्वास काम से जीता जाता है और इन सड़कों के निर्माण से लंबे समय से आवागमन की समस्या झेल रहे ग्रामीणों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से ऐसे गांवों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है जहां अब तक बुनियादी सड़क सुविधा सीमित रही है।

सड़क निर्माण पूर्ण होने के बाद शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार और रोजगार तक पहुंच अधिक आसान होगी। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य राकेश रंजन, सांसद प्रतिनिधि रामस्वरूप पासवान, विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव, सह सांसद प्रतिनिधि आशीष सिंह, मुखिया पिंकी देवी, प्रतिनिधि विनोद सिंह, पूर्व मुखिया अरबिंद सिन्हा,रामचंद्र सिंह, राकेश पांडे, सुमन सिंह,भाजपा नेता विकास यादव, सियाराम सिंह, सतेंद्र सिंह, अशोक केशरी,पवन सिंह, छोटु यादव, सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### संजीव तिवारी बने क्षेत्रीय वनाधिकारी



**कोंच (जालौन)-** संजीव कुमार तिवारी को कोंच का नया क्षेत्रीय वनाधिकारी नियुक्त गया है। उन्होंने यहां आकर कार्यभार भी ग्रहण कर लिया है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड को हरा भरा बनाया जाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उप्र शासन ने उरई वन प्रभाग की कोंच रेंज में संजीव कुमार तिवारी की क्षेत्रीय वनाधिकारी के पद पर तैनाती की है। मूलरूप से बरेली निवासी तिवारी ने यहां आकर पदभार ग्रहण कर लिया है। इससे पूर्व वह क्षेत्रीय वनाधिकारी बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, लखीमपुर के रूप में तैनात रह चुके हैं। वह अपने विभाग में एक तेजतर्रार वन अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण अभियान के तहत प्राप्त लक्ष्य को शत प्रतिशत पूरा करने के लिए किए जा रहे कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग करते हुए वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पेड़ों की अवैध कटान नहीं होने दी जाएगी।

### आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न



**कोन/सोनभद्र-** आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को कोन थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक कोन की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, पीस कमेटी के सदस्यों तथा गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा ने उपस्थित लोगों से मुहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे एवं शांति के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा कोई संदिग्ध गतिविधि या विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा।

बैठक में ताजिया जुलूस के मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया तथा क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस दौरान थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान, पीस कमेटी के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं अन्य सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

### तालबेहट में अवैध शराब मयखानों से रहवासियों को मुश्किलें

#### 24 घण्टे चलते अवैध शराब के मयखाने

**तालबेहट।** क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री और कथित मयखानों के संचालन को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कोतवाली क्षेत्र के कई स्थानों पर खुलेआम अवैध रूप से शराब बेची जा रही है, जहां दिनभर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। इससे राहगीरों, दुकानदारों और ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार कस्बे के खांदी टेक चौराहे के समीप सड़क किनारे कथित रूप से लंबे समय से अवैध शराब बिक्री का कारोबार संचालित हो रहा है। आरोप है कि यहां सुबह से देर रात तक शराब उपलब्ध रहती है और शाम होते ही आसपास के चबूतरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर लोगों की भीड़ जुटने लगती है। इसी प्रकार तरगुवां समेत अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी अवैध शराब बिक्री के ठिकाने संचालित होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायतें किए जाने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। उनका आरोप है कि आबकारी विभाग की कार्रवाई सीमित क्षेत्रों तक ही सिमटकर रह जाती है, जबकि अन्य स्थानों पर कथित अवैध कारोबार जारी है। वहीं, लोगों ने यह भी मांग की है कि स्कूलों और प्रमुख मार्गों के आसपास स्थित शराब दुकानों की निगरानी बढ़ाई जाए। उनका कहना है कि शाम के समय शराबियों की भीड़ लगने से आमजन, विशेषकर महिलाओं और छात्रों को असुविधा होती है। नागरिकों ने जिला प्रशासन और आबकारी विभाग से क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाने तथा शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

## बड़ा और सफल आयोजन क्षेत्रवासियों के सहयोग से ही है संभव- विधायक

● युवाओं के प्रोत्साहन हेतु नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट की सफलता पर बार संघ के वकीलों ने विधायक का किया अभिनंदन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** आमजन के सरोकार से जुड़ा कोई भी बड़ा और सफल आयोजन एक अकेले व्यक्ति के प्रयास से संभव नहीं है, बल्कि सभी के सामूहिक सहयोग से ही संभव है और क्षेत्रवासियों द्वारा जो सहयोग किया गया उसी की देन है कि माधोगढ़ विधानसभा प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का इतना भव्य और सफल आयोजन हो सका, यह बात विधायक मूलचंद्र निरंजन ने बार संघ कोंच द्वारा आयोजित अपने सम्मान समारोह में कही। बीती 20 मई से लेकर 7 जून तक तीतरा स्थित एमएसडी महाविद्यालय के मैदान में विधायक मूलचंद्र निरंजन द्वारा आयोजित कराए गए माधोगढ़ विधानसभा प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट की सफलता पर बार संघ कोंच द्वारा रविवार को मुंसिफ कोर्ट परिसर में विधायक का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। बार संघ अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में संजोये गए समारोह में विधायक मूलचंद्र निरंजन मुख्य अतिथि एवं पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, सीओ अयोध्या अनिरुद्ध सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। बार संघ अध्यक्ष सहित उपस्थित अधिवक्ताओं ने विधायक सहित सभी अतिथियों का माल्यार्पण और पगड़ी पहनाकर स्वागत सम्मान किया। सर्वप्रथम विधायक ने मुंसिफ कोर्ट के गेट किनारे पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया। वहीं समारोह में विधायक ने कहा कि पीएम मोदी एवं सीएम योगी द्वारा खेलकूद के माध्यम से युवाओं की प्रतिभा निखारकर युवा देश की संरचना गढ़ने का जो काम किया जा रहा है उसी परिकल्पना को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने यह क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कराया है। इस आयोजन में समूची टीम के साथ ही विधानसभा क्षेत्रवासियों का हर कदम पर पूरा सहयोग रहा है जिसकी बदौलत ही टूर्नामेंट इतना भव्य और सफल हो सका है। विधायक ने कहा कि जनप्रतिनिधि का दायित्व और कर्तव्य विकास कार्यों को कराने के साथ ही क्षेत्र की युवा प्रतिभाओं को मंच/मैदान उपलब्ध





कराकर उनकी प्रतिभा निखारना भी होता है और वह क्षेत्रवासियों के सहयोग से इस प्रकार के खेलकूद के आयोजन प्रतिवर्ष कराते रहेंगे। इस दौरान बार संघ अध्यक्ष सहित सभी अधिवक्ताओं की मांग पर विधायक ने अधिवक्ताओं के बैठने की जगह पर नया पक्का फर्श जल्द ही डलवाए जाने का आश्वासन दिया। पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता एवं तहसील क्षेत्र के ग्राम सुलखना में जन्मे सीओ अयोध्या अनिरुद्ध सिंह ने भी क्रिकेट टूर्नामेंट के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की और अधिवक्ताओं के हित में सदैव सहयोग के लिए तत्पर रहने का भरोसा दिलाया। अधिवक्ताओं ने पालिकाध्यक्ष से मुंसिफ परिसर में पेयजल हेतु वॉटर कूलर स्थापित कराए जाने की मांग की जिसको लेकर पालिकाध्यक्ष ने शीघ्र ही कार्यवाही पूरी करने की बात कही। अंत में अधिवक्ताओं द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन नरसिंह गहरवार एड. ने किया जबकि आभार बार संघ महामंत्री अभिनीत श्रीवास्तव ने व्यक्त किया।। इस मौके पर कोषाध्यक्ष सुधीर दुबे, पूर्व बार संघ अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल, संजीव तिवारी, रविंद्र खरे, संतोष खरे, अबधेश द्विवेदी, रामकुमार खरे, पीडी रिछारिया, पूर्व महामंत्री विनोद निरंजन, गोविंद सिंह, शहजाद सिद्दीकी, राघवेंद्र निरंजन, विपिन पटेल, अरुण मिश्रा, सत्येंद्र श्रीवास्तव, उमेश व्यास, अवनीश बुटौलिया आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## मोदी ने देश को समृद्ध और सशक्त बनाया : डॉ. रमापति राम त्रिपाठी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विशेष संपर्क अभियान के तहत पूर्व सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रमापति राम त्रिपाठी ने उमानगर स्थित प्रधानाचार्य मिथिलेश सिंह के आवास पर प्रबुद्धजनों के साथ संवाद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि केंद्र सरकार ने समाज के सभी वर्गों के लिए बिना किसी भेदभाव के कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन योजना तथा आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं के माध्यम से करोड़ों लोगों को लाभ पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सुरक्षा और वैश्विक प्रतिष्ठा दोनों मजबूत हुई हैं। सेना द्वारा किए गए अभियानों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत



ने अपनी सैन्य क्षमता का परिचय दुनिया को कराया है। पूर्व सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। उनके अनुसार, बीते 12 वर्षों में देश विकास, विश्वास और जनकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ा है तथा भारत पहले की तुलना में अधिक सशक्त और समृद्ध बना है। इस अवसर पर मिथिलेश सिंह, माधव सिंह, दुर्गा कौशिक, गिरिजेश सिंह, अजय कुमार दूबे, अजय शाही, गंगा कुशवाहा, अम्बिकेश पाण्डेय, रामानंद सिंह, गंगा पाण्डेय, सीपी सिंह और दीपक श्रीवास्तव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## घोरावल में सुशासन प्रदर्शनी एवं संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ, विकास योजनाओं की उपलब्धियां प्रदर्शित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश-** विकास खण्ड घोरावल परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 14 से 16 जून 2026 तक आयोजित संवाद एवं विकास प्रदर्शनी कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि घोरावल विधायक डॉ. अनिल कुमार मौर्य रहे, जबकि अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख श्री दीपक कुमार पटेल ने की। कार्यक्रम का संचालन श्री आनंद प्रकाश पटेल ने किया। इस अवसर पर विधायक सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्धजनों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, बाल विकास परियोजना, स्वास्थ्य, कृषि विभाग तथा स्वयं सहायता समूहों की योजनाओं एवं उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी।

मुख्य अतिथि डॉ. अनिल कुमार मौर्य ने



आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को मोबाइल हैंडसेट वितरित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सुशासन, पारदर्शिता और समावेशी विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सभी की प्राथमिकता है। कार्यक्रम में लालजी तिवारी, सबल सिंह, जय सिंह एडवोकेट, गिरीजेश मौर्य, दिनेश कुमार, किसानू, नंदलाल, अमरेश कुमार उमर, सीमा गुप्ता, राजेश कुमार उमर सहित समूह सखी, लखपति दीदी, विकास खण्ड के सचिव, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## देवी मंदिर परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश-** केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर पालिका क्षेत्र स्थित देवी मंदिर परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री हंसराज विश्वकर्मा, सदर विधायक भूपेश चौबे, नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद तथा भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता ने स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

### वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने वृक्षारोपण भी किया तथा नागरिकों से स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाए रखने में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण जनभागीदारी से ही सफल हो सकते हैं। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह सहित अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधि जनमानस उपस्थित रहे।

## जनकल्याण जागरूकता मेला और स्वास्थ्य शिविर का विधायक ने किया शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच/नदीगांव (जालौन)-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के लगातार 12 वर्ष पूर्ण होने पर केंद्र एवं प्रदेश सरकार के निर्देशन में आयोजित किए जा रहे जनकल्याण एवं जनजागरूकता अभियान तथा स्वास्थ्य शिविर के अंतर्गत तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ रविवार को खंड विकास कार्यालय कोंच एवं नदीगांव में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन ने दीप प्रज्वलन कर किया। दोनों ब्लॉकों में आयोजित किए गए अलग-अलग मेले में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए जहां आमजन को सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई और आवेदन प्रक्रिया से भी उन्हें अवगत कराया गया।

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित पशुपालन, होम्योपैथी, बाल विकास पुष्टाहार सहित अन्य तमाम विभागों से जुड़ी योजनाएं आमजन को इन स्टॉल पर बताई गई। विधायक ने इन सभी स्टॉलों का अवलोकन कर विभागीय कर्मियों से जानकारी ली। इस मौके पर विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से






### प्रधान प्रतिनिधि ने ब्लॉक के अधिकारियों पर लगाए आरोप

**कोंच(जालौन)-** ब्लॉक कोंच में आयोजित किए गए मेले में संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों पर उदासीनता और लापरवाही का आरोप ग्राम सतोह के प्रधान प्रतिनिधि ने लगाया है। प्रधान प्रतिनिधि हरिकिशोर निरंजन ने आरोप लगाते हुए कहा कि मेले के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई है, मेला शुरू होने के कुछ देर बाद ही निर्धारित समय से पहले मेला खत्म कर दिया गया और तमाम विभागों के स्टॉल वहां से हटा लिए गए। जिससे सुदूर गांवों से आए ग्रामीणों को मेले के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ ही नहीं मिल सका। उन्होंने कहा है कि शासन की योजनाओं का लाभ धरातल पर ग्रामीणों को देने में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी कर्मचारियों पर कार्यवाही की जाए।

संचालित की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रमों से आमजन को योजनाओं की सही जानकारी मिलती है और वह बगैर किसी परेशानी दौड़धूप के ही योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में मेले में पहुंचकर योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। ब्लॉक कोंच में आयोजित मेले में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में विधायक ने खुद भी अपनी शुगर की जांच कराई। शिविर में चिकित्सकों ने कई लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें औषधि के साथ ही आवश्यक परामर्श दिया। इससे पहले ब्लॉक कर्मियों ने विधायक सहित ब्लॉक प्रमुख कोंच रानी देवी, ब्लॉक प्रमुख नदीगांव अर्जुन सिंह, भाजपा कोंच ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सोनू पटेल, अनुराग खरे नदीगांव, नामित सभासद कोंच सुनील शर्मा, बीडीओ कोंच प्रशांत यादव, बीडीओ नदीगांव आदि का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर ब्लॉक कर्मियों सहित भाजपा नेता, कार्यकर्ता, प्रधान, बीडीसी सदस्यों सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## अनपरा तापीय परियोजना में चला वृहद स्वच्छता अभियान

● अधिकारियों, कर्मचारियों व खिलाड़ियों ने हाथी पार्क में किया श्रमदान

स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण ही सच्ची उन्नति का आधार- सीजीएम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अनपरा/सोनभद्र-**अनपरा तापीय परियोजना प्रबंधन द्वारा भारत सरकार के 'स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत अभियान' के अंतर्गत कॉलोनी परिसर में प्रत्येक रविवार को व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को कॉलोनी स्थित हाथी पार्क में सुबह सात बजे से परियोजना प्रमुख एवं मुख्य महाप्रबंधक इं. अजय कुमार कटियार के नेतृत्व में वृहद श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान में बड़ी संख्या में अधिकारियों, कर्मचारियों, उनके परिवारजनों, श्रावणी मेला समिति के पदाधिकारियों तथा स्थानीय खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक इं. अजय कुमार कटियार ने स्वयं श्रमदान कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता का संदेश दिया।उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य प्लांट एवं कॉलोनी परिसर को स्वच्छ,सुंदर एवं रोगमुक्त बनाना तथा नागरिकों को साफ सफाई के प्रति जागरूक करना है। विदित हो कि परियोजना प्रमुख द्वारा तापीय परियोजना के विभिन्न कार्य स्थलों तथा संवेदनशील स्थानों पर लगातार निरीक्षण कर स्वच्छता का जायजा लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों को उचित दिशा निर्देश दिया जा रहा रहा है जिससे की इस भीषड़ गर्मी में किसी प्रकार की आग की दुर्घटना से बचा जा सके।

स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत आगामी रविवार को गांधी उपवन एवं हाथी पार्क में भी विशेष श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। परियोजना प्रबंधन ने अधिक से अधिक लोगों से अभियान में सहभागिता



करने की अपील की है। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता इं उत्पल शंकर, अधिशासी अभियंता इं बीआर पटेल,इं ज्ञानेंद्र सिंह, इं वृजेंद्र सिंह यादव, इं अरुण कुमार, सहायक अभियंता इं वेद प्रकाश विश्वकर्मा, इं अजय सिंह,इं पंकज पांडेय,इं कमलेश कुमार,इं उपेंद्र यादव,इं त्रियुगी नारायण, अवर अभियंता अनिल पटेल अन्य कार्मिकों में वीके आनंद,श्यामबिहारी सिंह, अभिषेक सिंह, सीलियम मसीह,इंद्रेश सिंह, अभय सिंह, सूरज गुप्ता, प्रमोद कुमार मिश्रा, जितेंद्र जायसवाल, राजकुमार यादव, सतेंद्र मौर्या, सुशील यादव, निजामुद्दीन सहित बड़ी संख्या में अधिकारी,कर्मचारी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## लिधौरा में कृषक गोष्ठी आयोजित

» किसानों को दी गई आधुनिक खेती और मृदा संरक्षण की जानकारी

» विकसित कृषि संकल्प अभियान एवं खेत बचाओ अभियान के तहत कृषि विभाग ने योजनाओं से कराया अवगत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** विकसित कृषि संकल्प अभियान एवं खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत ग्राम लिधौरा में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने किसानों को आधुनिक खेती, मृदा संरक्षण तथा विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। गोष्ठी में न्याय पंचायत प्रभारी संजय दुबे (एटीएम), वरिष्ठ प्राविधिक सहायक (एसएमएस) युवराज यदुवंशी, सहायक विकास अधिकारी कृषि (एडीओ एजी) संजीव शर्मा, मथुरा प्रसाद (टीएसी), स्वेच्छा सोनी (टीएसी), संतोष चौहान (बीटीएम), अखलेश राय एवं सौरभ यदुवंशी (एटीएम) सहित ग्राम प्रधान एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी किसानों को विस्तार से दी गई। अधिकारियों ने किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराने, विभागीय योजनाओं का लाभ लेने तथा आगामी फसल सीजन को ध्यान में रखते हुए समय से बीज बुकिंग कराने के लिए प्रेरित किया। खेत बचाओ अभियान के तहत कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। उन्होंने मृदा की उर्वरता बनाए रखने, जैविक एवं संतुलित उर्वरकों के प्रयोग को बढ़ावा देने तथा भूमि संरक्षण के विभिन्न उपायों पर प्रकाश डाला। किसानों को बताया गया कि मृदा स्वास्थ्य बेहतर होने से उत्पादन क्षमता में वृद्धि के साथ खेती की लागत भी कम की जा सकती है। गोष्ठी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के संबंध में भी जानकारी दी गई। जिन किसानों की सम्मान निधि किसी कारणवश रुकी हुई है, उन्हें आवश्यक दस्तावेजों एवं प्रक्रियाओं की जानकारी देकर समस्याओं के समाधान के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने कृषि विशेषज्ञों से खेती संबंधी समस्याओं और जिज्ञासाओं पर चर्चा की, जिनका मौके पर ही समाधान किया गया। कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों से वैज्ञानिक पद्धति से खेती अपनाने तथा सरकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।

### तीन खोए मोबाइल बरामद, पुलिस ने स्वामियों को लौटाए

**तालबेहट।** थाना तालबेहट की साइबर हेल्प डेस्क टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सौंप दिए। मोबाइल वापस मिलने पर लाभार्थियों ने पुलिस की कार्यशैली की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में साइबर हेल्प डेस्क द्वारा यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार मोबाइल गुम होने की शिकायत मिलने पर संबंधित प्रार्थना पत्रों में गुमशुदगी दर्ज कर भारत सरकार के सीईआईआर पोर्टल पर मोबाइल के आईएमईआई नंबर अपलोड किए गए। प्राप्त तकनीकी जानकारी और विश्लेषण के आधार पर तीन मोबाइल फोन बरामद कर लिए गए। बरामद मोबाइलों में एक रियलमी सी-25, एक ओप्पो के-12 और एक वीवो वाई-75 मोबाइल शामिल हैं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत करीब 44,500 रुपये बताई गई है। पुलिस ने बरामद मोबाइल कृपाल यादव निवासी तेरई मजरा जिगनव, अर्पित तिवारी निवासी धमकना तथा विकास वाल्मीकि निवासी चौबयाना, तालबेहट को सुपुर्द किए। मोबाइल वापस मिलने पर सभी ने पुलिस टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## औद्योगिक क्षेत्र की नाली-पुलिया तोड़ने का आरोप

● फैक्ट्रियों में भर रहा नाली का पानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट।** औद्योगिक क्षेत्र तालबेहट में मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर उद्यमियों की नाराजगी लगातार बढ़ रही है। उद्यमियों का आरोप है कि औद्योगिक विभाग के जिम्मेदार अधिकारी उनकी समस्याओं के समाधान में गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। ताजा मामला औद्योगिक क्षेत्र में बनी सरकारी पक्की नाली और पुलिया से जुड़ा है, जिसे एक प्लॉट धारक द्वारा तोड़कर बंद किए जाने का आरोप लगाया गया है।

उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र में स्थित प्लॉट धारक रामजीलाल ने क्षेत्र की एकमात्र पक्की नाली एवं पुलिया को क्षतिग्रस्त कर मिट्टी डालकर बंद कर दिया है। आरोप है कि इसी नाली के माध्यम से पूरे औद्योगिक क्षेत्र का वर्षा एवं अन्य जल बाहर निकलता था। नाली बंद होने से अब पानी की निकासी प्रभावित हो गई है और कई फैक्ट्रियों के



परिसर में जलभराव की स्थिति बनने लगी है।

उद्यमियों का कहना है कि जहां वर्तमान में लाल मिट्टी दिखाई दे रही है, वहां पहले पक्की नाली और पुलिया बनी हुई थी। पुलिया का एक हिस्सा अभी भी मौजूद है, जबकि दूसरे हिस्से पर कब्जा कर उसे बंद कर दिया गया है। उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी रामपाल झा ने बताया कि मामले की शिकायत तहसील दिवस में भी की जा चुकी है। शिकायत के बाद औद्योगिक केंद्र के कर्मचारी मौके पर पहुंचे जरूर, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई किए बिना लौट गए। इससे नाली और पुलिया पर कथित कब्जा यथावत बना हुआ है।

### चुरावनी में युवक से मारपीट, चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**तालबेहट।** थाना क्षेत्र के ग्राम चुरावनी में एक युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। ग्राम चुरावनी निवासी मीना पत्नी नीतेश लोधी द्वारा पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका दामाद धर्मेन्द्र 10 जून की सुबह करीब नौ बजे उनके घर से अपने गांव जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में मंदिर के पास गांव के ही चार लोगों ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से मारपीट कर दी। तहरीर में पुष्पेन्द्र, संजू, सुरेन्द्र और नीलेश पर मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। घटना के बाद आरोपी मौके से चले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मानसरोवर झील को संवारने में जुटे प्रकृति प्रेमी, स्वच्छता अभियान लगातार जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट।** नगर की ऐतिहासिक मानसरोवर झील को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरणीय दृष्टि से समृद्ध बनाने के लिए प्रकृति प्रेमियों का अभियान लगातार जारी है। स्वयंसेवक नियमित रूप से झील में फैली जलकुंभी और अन्य गंदगी को निकालकर जलाशय के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उनके इस प्रयास से झील की स्थिति में सकारात्मक बदलाव दिखाई देने लगा है।

प्रकृति रक्षक दल के नेतृत्वकर्ता विक्रम सिंह गौर ने बताया कि मानसरोवर झील में वर्षों से फैली जलकुंभी जल स्रोत के अस्तित्व के लिए चुनौती बन गई थी। इसी को देखते हुए स्वयंसेवकों ने झील को पूरी तरह जलकुंभी मुक्त करने का संकल्प लिया है। उनका कहना है कि जिस समस्या को पनपने में कई वर्ष लगे हैं, उसका समाधान भी समय लेगा, लेकिन लगातार प्रयासों के अच्छे परिणाम सामने आने लगे हैं।

उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास ही बड़े बदलाव का आधार बनते हैं। इसी सोच के साथ प्रकृति प्रेमी बिना किसी स्वार्थ के झील की सफाई में जुटे हुए हैं। बीते लंबे समय से चल रहे इस अभियान के दौरान बड़ी मात्रा में जलकुंभी और कचरा बाहर निकाला जा चुका है, जिससे झील का स्वरूप निखरने लगा है।

स्वच्छता अभियान के साथ-साथ प्रकृति रक्षक दल द्वारा झील के किनारों पर वृक्षारोपण अभियान भी चलाया जा रहा है। स्वयंसेवकों का मानना है कि जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे के पूरक हैं, इसलिए झील की सफाई के साथ हरियाली बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है।

स्थानीय नागरिकों ने भी प्रकृति प्रेमियों के इस जनहितकारी प्रयास की सराहना की है। लोगों का कहना है कि यदि समाज इसी प्रकार आगे आकर सार्वजनिक जल स्रोतों के संरक्षण में भागीदारी निभाएं, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़े बदलाव संभव हैं।





स्वच्छता अभियान में मौजूद स्वयंसेवक

प्रकृति रक्षक दल ने नगरवासियों से अपील की है कि वे मानसरोवर झील को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें और जलस्रोतों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाएं।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने देवली गौशाला एवं पंचायत भवन का किया निरीक्षण



**प्रतापगढ़।** जनपद के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने जनपद के भ्रमण के दौरान शनिवार को विकासखंड लक्ष्मणपुर क्षेत्र की देवली गौशाला एवं देवली ग्राम सभा स्थित पंचायत भवन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।प्रभारी मंत्री ने सबसे पहले देवली गौशाला पहुंचकर गौवंश के स्वास्थ्य, पोषण एवं देखभाल संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला में मौजूद गायों को गुड़ एवं चना खिलाकर गौसेवा का संदेश दिया तथा गौवंश के बेहतर संरक्षण एवं संवर्धन के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने देवली ग्राम सभा स्थित पंचायत भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पंचायत भवन में संचालित लाइब्रेरी का अवलोकन कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पंचायत भवन परिसर की नियमित साफ- सफाई, सुव्यवस्थित रखरखाव एवं जनसुविधाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय, मुख्य विकास अधिकारी राम मोहन मीणा, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर किया विरोध प्रदर्शन, मुस्तैद दिखा प्रशासन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के भुवन का पुरवा मोठिन में हाल ही में घर गिराये जाने की घटना को लेकर रविवार को सियासत गर्म हो उठी दिखी। लखनऊ से आये स्वजातीय नेताओं ने घटना को लेकर सरकार एवं स्थानीय प्रशासन के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। हालांकि धरना प्रदर्शन को लेकर पूर्व प्रशासनिक अनुमति न होने के बावजूद पुलिस व प्रशासन का भारी जमावड़ा दिखा।धरना स्थल पर अमरेन्द्र सिंह, सनी सिंह पटेल व रंजना सैनी ने सरकार व प्रशासन की सह पर पिछड़े वर्ग के पीड़ित के उत्पीड़न की बात कही। नायब तहसीलदार ने यह माना कि विवादित घर गिराने की प्रक्रिया गलत थी। वहीं प्रशासनिक अफसर पहले कार्यक्रम की अनुमति न होने की बात कहकर बात चीत से मना कर दिया। सीओ कुण्डा धरनास्थल पर पहुंच कर बताया कि घटना को लेकर केस दर्ज हुआ है। उन्होने बताया कि दो आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं। प्रदर्शनकारियों ने शेष आरोपियो की गिरफ्तारी तथा पीड़ित परिवार की सुरक्षा की मांग प्रमुखता से रखते हुए अफसरों को ज्ञापन सौंपा। अफसरों के आश्वासन पर करीब चार घंटे तक चला धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ।

### युवक की मौत पर पत्नी समेत ससुरालीजनों पर गंभीर धाराओं में केस

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जहर निगलने से युवक की इलाज के दौरान हुई मौत को लेकर लालगंज कोतवाली पुलिस ने आरोपिता पत्नी समेत एक अज्ञात व ससुरालीजनों के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के अगई दुर्गा का पुरवा निवासिनी तारा देवी पत्नी संतलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दस जून को उसके पुत्र बबलू ने फोन पर पत्नी रीता से बात की। इसके बाद वह खेत में चारपाई पर जाकर लेट गया। इस बीच बारह वर्षीया पौत्री साक्षी ने अपने पिता को उलटी करते देखा। मृतक की हालत बिगड़ती देख परिजन रायबरेली के सलोन सीएचसी उसका इलाज कराने ले गये। वहाँ से बबलू को रायबरेली जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

अगले दिन ग्यारह जून को सुबह आठ बजे बबलू की मौत हो गयी। मृतक के पास मिले सुसाइड नोट में उसने अपनी मौत का जिम्मेदार पत्नी रीता तथा एक अज्ञात व ससुरालीजनों को ठहराया है। मृतक की मां की तहरीर पर पुलिस ने पत्नी रीता समेत आरोपितों के खिलाफ आत्महत्या के उकसावे, प्रताड़ना का केस दर्ज किया है। एसएचओ आलोक कुमार का कहना है कि जांच कर आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने विधायक सुरेंद्र मैथानी का कार्यालय घेरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर ग्रामीण।** राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने आज विधायक सुरेंद्र मैथानी का कार्यालय घेर लिया, और भ्रष्टाचार के खिलाफ जमकर नारे लगने लगे, विधायक सुरेंद्र मैथानी के कानपुर से बाहर होने के कारण टेलीफोन से वार्ता कर सभी मामलों में कार्रवाई का भरोसा दिया, दिव्यांगो ने जमकर नारेबाजी की,नारे ऐसे जो दिल को चुभने लगे, दिमाग गरम कर दे, दिव्यांग नारा लगा रहे थे भ्रष्टाचारी भ्रष्टाचार मुर्दा बाद मुर्दा बाद, भिक्षा नहीं रोजगार चाहिए।

जीने का अधिकार चाहिए, हम अपना अधिकार मांगते नहीं किसी से भीख मांगते, दिव्यांग जन अधिनियम 2016 लागू करो, दिव्यांगो की रिपोर्ट दर्ज करो, राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने विधायक सुरेंद्र मैथानी से कहा कि अधिकारियों को मौके पर बुलाईये और समस्याओं का समाधान करवाइये,तभी हम यहां से हटेंगे , वीरेंद्र कुमार ने कहा कि प्रशासन और सरकार दिव्यांगो के प्रति संवेदन हीन है, प्रशासन दिव्यांग जनों के लिए बने कानून दिव्यांग जन अधिनियम 2016 का अनुपालन नहीं कर रहीं हैं दिव्यांग न्याय के लिए दर दर भटक रहा है, राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी सड़कों पर उतर कर दिव्यांग जनों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष कर रही है, लेकिन कोई अधिकारी मांग पत्रों पर हस्ताक्षर नहीं करता,, अधिकारी मात्र आश्वासन भर देता है, और मांग पत्रों को रद्दी की टोकरी में डाल देते हैं,, मांग नहीं पूरी हुई तों नींद हराम कर देंगे, आंदोलन की होंगी शुरुआत, आज के घेराव में अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार राहुल कुमार अल्पना कुमारी आनन्द तिवारी, वैभव दीक्षित, अशोक कुमार, गुड्डी दीक्षित, गौरव, गोमती, ओमप्रकाश सरला, राम-जानकी, एसपी शुक्ला, आदि लोग मौजूद रहे।

### विकासखंड सदर में जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का किया शुभारंभ

● राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का किया अवलोकन



**प्रतापगढ़।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 'सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान' थीम के अंतर्गत जनपद के विभिन्न विकास खंडों में 14 जून से 16 जून 2026 तक आयोजित किए जा रहे जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेला विकासखंड सदर में तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की।शिविर में पशुपालन विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, कृषि विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन को प्रदान की गई।सांसद ने स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल पर स्वयं अपना ब्लड प्रेशर एवं शुगर परीक्षण कराया तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य मेले का व्यापक प्रचार-प्रसार गांव-गांव तक किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

कार्यक्रम में सदर विधायक राजेंद्र मौर्य, पूर्व विधायक धीरज ओझा, जिला प्रभारी कौशलेंद्र, उपाध्यक्ष पवन गौतम, सांसद प्रतिनिधि राय साहब सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ए.एन. प्रसाद, परियोजना निदेशक दयाराम यादव, समाज कल्याण अधिकारी नागेंद्र कुमार मौर्य, खंड विकास अधिकारी जितेंद्र त्रिपाठी, एडीओ (एसटी) प्रदीप पांडेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ट्रेन की चपेट में आई युवती की हुई पहचान, मानसिक रूप से थी अस्वस्थ

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र में शनिवार सुबह रेलवे ट्रैक के किनारे मिली अज्ञात युवती के शव की पहचान हो गई है। मृतका कोइरौना थाना क्षेत्र के शिवसेवक पट्टी निवासी दिनेश कुमार मिश्रा की 20 वर्षीय इकलौती पुत्री राधा मिश्रा है। पिता दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि राधा पिछले तीन-चार माह से मानसिक रूप से अस्वस्थ थी। उसका भदोही के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। शुक्रवार देर शाम वह अचानक घर से कहीं निकल गई थी। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका पता नहीं चला। रविवार को सुबह सूचना मिला की गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र में रेलवे ट्रैक के पास अज्ञात युवती का शव मिला है।सूचना पर परिजन कोतवाली पहुंचे और शव की फोटो देखने के बाद मृतका की पहचान राधा मिश्रा के रूप में की। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रथम दृष्टया ट्रेन की चपेट में आने से मौत की आशंका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी भेजा गया जेल

स्वतंत्र प्रभात पुलिस 112 आपात सेवाएं

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली लालगंज के एक गांव में युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म तथा धमकी को लेकर पुलिस ने केस दर्ज किया है। वहीं पुलिस ने आरोपी को दबोचकर जेल भेज दिया। पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि गाँव के एक युवक से फोन पर बातचीत होने लगी। युवक ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर करीब दो माह पहले दुष्कर्म किया। इस बीच युवती की शादी कहीं तय हो गयी। आरोपी युवक ने तब पीड़िता के अश्लील फोटो लड़के घर वालों को वायरल कर दिया। इससे शादी टूट गयी। पीड़िता व उसकी मां ने उलाहना दिया तब आरोपी ने जानलेवा धमकी दी। तहरीर पर पुलिस ने गोंसाई का पुरवा अमांवा निवासी सौरभ वर्मा पुत्र हरीलाल के खिलाफ केस दर्ज किया। रविवार को दरोगा बनवारी लाल फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। पुलिस ने गाँव के समीप घुइसरनाथ रोड के तिराहे से आरोपी को दबोच लिया। दोपहर बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया।

## महत्वपूर्ण शासकीय कार्यक्रम में कर्मचारियों की अनुपस्थिति बनी चर्चा का विषय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**उन्नाव।** भारत सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विकासखंड परिसर में जन कल्याण दिवस एवं स्वास्थ्य मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उन्नाव के सांसद, मोहान विधानसभा के विधायक तथा जिला पंचायत अध्यक्ष की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन को दी गई तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराई गई। क्षेत्रीय नागरिकों ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। हालांकि, कार्यक्रम में विकासखंड के कई कर्मचारियों की अनुपस्थिति चर्चा का विषय बनी रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि शासन एवं उच्चाधिकारियों के निर्देशों के बावजूद कुछ कर्मचारी कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हुए, जिससे कार्यक्रम के प्रभावी संचालन पर असर पड़ सकता है।

अनुपस्थित बताए गए कर्मचारियों में सहायक विकास अधिकारी (महिला) मोनिका सिंह, सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता) जयसिंह राजपूत, बीओपीआरडी शिवा तिवारी, अवर अभियंता लघु सिंचाई आकाश सिंह, वरिष्ठ सहायक मंजीत वर्मा, लेखाकार रोहित सिंह, कनिष्ठ सहायक अनीता तिवारी, ग्राम विकास अधिकारी शिव दत्त तिवारी, शैलेंद्र भारतीय, धीरज यादव तथा ग्राम पंचायत अधिकारी रोहित राणा एवं राव विक्रम सिंह शामिल बताए गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जनपद के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति वाले इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में कर्मचारियों की अनुपस्थिति उनके दायित्वों के प्रति उदासीनता को दर्शाती है। अब यह देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है तथा अनुपस्थिति के कारणों की क्या जांच की जाती है।

## कानपुर में नशे में नहर में उतरा पल्लेदार, बेटे की आंखों के सामने डूब कर मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर ग्रामीण।** दादा नगर में नशे में धुत्त एक पल्लेदार नहर में नहाने के दौरान गहरे पानी में जाकर डूब गया, उसके बेटे के सामने हुई इस घटना में दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने शव को बरामद किया, आपको बताते चलें कि गोविंद नगर थाना क्षेत्र के दादा नगर नौरैयाखेडा स्थिति नहर में रविवार सुबह नहाने के दौरान एक पल्लेदार की डूब कर मौत हो गई, घटना के समय उसका बेटा किनारे पर मौजूद था, सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव को नहर से बाहर निकाला, हरदोई के पाली निवासी अश्वनी तिवारी 55 दादा नगर नौरैयाखेडा में अपने बेटे हिमांशु के साथ रहकर पल्लेदारी का काम करते थे, बेटे के अनुसार अश्वनी को शराब पीने की लत थी और रविवार सुबह भी उन्होंने शराब पी रखी थी, आग इसके बाद वह नहर में नहाने उतर गए, जबकि हिमांशु किनारे पर कपड़े धो रहा था, हिमांशु ने बताया कि नहाते समय पिता अचानक गहरे पानी में जानें लगें, उन्हें डूबता देख उसने शोर मचाया, लेकिन अश्विनी ने हाथ हिलाकर सब ठीक होने का इशारा किया, कुछ ही देर बाद वह पानी लापता हो गए, घटना की सूचना मिलते ही गोविंद नगर पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों को तलाश में लगाया, करीब दो घंटे की



खोजबीन के बाद गोताखोरों ने अश्विनी का शव नहर में बरामद कर लिया, गोविंद नगर थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला नशे की हालत में नहर में नहाने के दौरान डूबने से मौत हुई है, फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है,, मामले की जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएंगी।

## प्रभारी मंत्री ने कलेक्ट्रेट सभागार में एक पेड़ माँ के नाम बृक्षारोपण कर दिया हरित पर्यावरण का संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उन्नाव।** प्रभारी मंत्री/ राज्य मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 रजनी तिवारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी घनश्याम मीना, सांसद उन्नाव डॉक्टर सच्चिदानंद हरि साक्षी जी महाराज की उपस्थिति में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मीडिया बंधुओं के साथ 'मीडिया संवाद' कर केंद्र सरकार उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा सुशासन विकास जनकल्याण विषय पर उपलब्धियां बताई गई। मंत्री ने कहा कि चार जातियों गरीब युवा किसान महिला को ध्यान में रखकर विकास किया गया है। आज विश्व में भारत ने अपनी पहचान बनाई है इंफ्रास्ट्रक्चर में बहुत अधिक काम हुआ है बहुत बड़ी राशि में निवेश किया गया है। हमने सीमाओं को सुरक्षित करने का काम किया है। बदला हुआ भारत आज दिखाई दे रहा है। सड़के शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार हर क्षेत्र में विकास दिखाई दे रहा है। कानून व्यवस्था को सुद्रढ़ किया गया है। हमारी सेनाएं आज मजबूत स्थिति में हैं। देश की सीमाएं भी पूरी तरह सुरक्षित हैं। वही देश आगे बढ़ सकता है जिसका नेतृत्व प्रभावशाली हो। कहा यह 12 वर्ष का कार्यकाल देश की तकदीर और तस्वीर को बदलने वाला है। गरीबों के जीवन को आसान बनाने के लिए पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ से ज्यादा परिवारों को पक्के मकान दिए गए हैं। उज्ज्वला योजना के जरिए 11 करोड़ महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन देकर धुएं से आजादी दी गई है। गांव के विकास के लिए जल जीवन मिशन के तहत 16 करोड़ से ज्यादा घरों तक नल से साफ पानी पहुंचाया जा चुका है। वहीं स्वच्छ भारत मिशन के तहत 12 करोड़ से ज्यादा शौचालय बनाकर देश में स्वच्छता की एक नई क्रांति लाई गई है। पीएम स्वनिधि योजना से 74 लाख से ज्यादा लोगों को बिना किसी परेशानी की लोन मिला है। मुद्रा योजना के तहत छोटे काम धंधा के लिए बिना गारंटी के 57 करोड़ से ज्यादा लोन बांटे गए हैं। वहीं छोटे कारीगरों को बढ़ावा देने के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना से 30 लाख लोगों को फायदा दिया गया है। जनजाति समाज के लिए 15000 करोड़ का बजट और धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 79 हजार करोड रुपए आवंटित किए गए हैं। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 11 करोड़ से ज्यादा किसानों को रुपए 4.3 लाख करोड रुपए सीधे उनके खातों में भेजे जा चुके हैं। जन धन योजना के तहत 58 करोड़ से ज्यादा बैंक खाता खोले गए हैं जिसमे 32 करोड़ से ज्यादा खाते सिर्फ महिलाओं के हैं। कोरोना जैसी महामारी के मुश्किल वक्त से लेकर अब तक 81 करोड़ से ज्यादा देशवासियों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। इलाज के खर्चे से गरीब को बचाने के लिए आयुष्मान भारत योजना में 60 करोड़ से ज्यादा हेल्थ कार्ड बने। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से 58 करोड़ से ज्यादा लोगों को एक मजबूत सुरक्षा कवच मिला है। किसान क्रेडिट कार्ड योजना के जरिए 7 करोड़ से ज्यादा किसानों को करीब 10 लाख करोड़ का सस्ता कर्ज दिया गया है। लखपति दीदी योजना के तहत हमारी माता बहनों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए 3 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को फायदा मिला है। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 4.5 करोड़ से ज्यादा खाता खोले जा चुके हैं। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से एक करोड़ घरों की छतों में सोलर सिस्टम लगाए गए हैं। सशक्त समृद्ध सुरक्षित भारत का जो संकल्प लिया गया था आज वह पूरी तरह से साकार हो रहा है। अब किसान अपनी मेहनत की फसल आसानी से बड़े बाजारों तक पहुंचा रहे हैं। बच्चों और विशेष कर बेटियों का स्कूल जाना सुरक्षित हो गया है।



इस प्रकार प्रभारी मंत्री ने भारत सरकार उत्तर प्रदेश सरकार जनपद की नीति एवं संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की उपलब्धियां सेवा संस्कार सुशासन एवं सम्मान तथा आम जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तन के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर सांसद ने भी केंद्र सरकार के 12 वर्षों के शासन काल में देश के नवनिर्माण आर्थिक सुधारणीकरण वैश्विक गौरव और अंत्योदय को समर्पित देश के आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर जैसे ऐतिहासिक कदमो के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रेस वार्ता के समापन के पश्चात प्रभारी मंत्री द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कर हरित पर्यावरण का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह विधायक सदर पंकज गुप्ता विधायक पुरवा अनिल सिंह विधायक भगवंत नगर आशुतोष शुक्ला जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अनुराग अवस्थी पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह मुख्य विकास अधिकारी कृतिराज अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड़ परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी जनप्रतिनिधि व भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## जिलास्तरीय बैठक में कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहने का आग्रह, जनसंपर्क अभियान पर जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में रविवार को जिला बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, काशी क्षेत्र प्रभारी व राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य, जिला प्रभारी कौशलेंद्र सिंह पटेल तथा विशिष्ट अतिथि सदर विधायक राजेंद्र मौर्य और पूर्व विधायक रानीगंज धीरज ओझा उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री राजेश मिश्र राजन ने किया।प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सभी कार्यकर्ता, जिला एवं मंडल पदाधिकारी और मंडल अध्यक्ष अपने दायित्वों का ईमानदारी से पालन करें। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही शिक्षक एमएलसी तथा स्नातक एमएलसी के चुनाव होने हैं, इसलिए जनसंपर्क अभियान अभी से मजबूत तरीके से चलाया जाए ताकि पार्टी जिले में विजय सुनिश्चित कर सके।काशी क्षेत्र प्रभारी व राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य ने नए पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए संपर्क अभियान की बारीकियों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि जनपद प्रतापगढ़ प्रति व्यक्ति आय के मामले में उत्तर प्रदेश में पिछड़ा हुआ है और उस स्थिति को सुधारने की जिम्मेदारी उन्होंने उठाई है। मौर्य ने स्पष्ट किया कि प्रतापगढ़ जब तक अग्रणी पंक्ति में नहीं आ जाता, वे अपने संकल्प से पीछे नहीं हटेंगे।जिला प्रभारी कौशलेंद्र पटेल ने निर्देश दिए कि आगामी सभी शक्ति केंद्रों पर निश्चित तिथि पर बैठकों का आयोजन किया जाए और प्रत्येक मंडल प्रभारी अपने-अपने मंडलों में बैठक कर मजबूती से कार्ययोजना बनवाएं।जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने सचेत किया कि बिना खुद बैठकों में शामिल हुए गलत रिपोर्टिंग करने से संगठन कमजोर होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रभारी स्वयं बैठकों में उपस्थित होकर सटीक विवरण भेजें।बैठक में प्रमुख रूप से अजय वर्मा जिला महामंत्री, विशाल विक्रम सिंह नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि, रुचि केसरवानी, पूर्व जिला अध्यक्ष के.के. सिंह, बृजेश पांडे, अशोक मिश्रा, अशोक सिंह, अशोक सरोज, राघवेन्द्र शुक्ल, देवेश त्रिपाठी, आशीष तिवारी सहित सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी एवं जिला कार्यसमिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## महंगाई के खिलाफ सपा नेता हफीज मलिक ने प्रदर्शन कर रैली निकाल के सौंपा ज्ञापन




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मनकापुर (गोंडा)** बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस के बढ़ते दामों के विरोध में समाजवादी पार्टी के नेता हफीज मलिक ने कार्यकर्ताओं के साथ गौरा विधानसभा क्षेत्र में प्रदर्शन किया। सपा नेता हफीज़ मलिक के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता सड़क पर उतरे और पी डी ए कार्यालय गौरा चौकी से पदयात्रा निकालकर बभनजोत ब्लॉक तक सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में नायब तहसीलदार चंद्र प्रकाश को ज्ञापन सौंपकर महंगाई पर नियंत्रण लगाने की मांग की गई।प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर और गैस सिलेंडर को सिर पर रखकर प्रदर्शन के माध्यम से बढ़ती कीमतों के खिलाफ अपना विरोध जताया। सपा कार्यकर्ताओं का कहना था कि लगातार बढ़ रही महंगाई से आम जनता का जीवन कठिन होता जा रहा है।सपा नेता हफीज़ मलिक ने कहा कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। किसानों, मजदूरों, व्यापारियों और मध्यम वर्गीय परिवारों पर इसका सबसे अधिक असर पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार महंगाई पर नियंत्रण पाने में विफल रही है और जनता को राहत नहीं मिल पा रही है।प्रदर्शन के समापन पर सपा नेताओं ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने, पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस के दाम कम करने तथा आम जनता को राहत देने की मांग की। सपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि महंगाई पर जल्द नियंत्रण नहीं किया गया तो पार्टी आंदोलन को और तेज करेगी। इस मौके पर अनिल गुप्ता,सुनील शर्मा, शशांक यादव, विजय यादव, राहुल यादव, अखिलेश यादव, मुलायम यादव, गुफरान, किसन पासवान, सैकड़ो महिला व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय एकता विकास मंच ने धूमधाम से मनाया विधायक विनय वर्मा का जन्मदिन, प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित



**सिद्धार्थनगर।** प्रदेश की राजधानी स्थित गोमती नगर लखनऊ में विधायक आवास पर राष्ट्रीय एकता विकास मंच के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में मंच के संरक्षक विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा का जन्म दिन हर्षोल्लास से मनाया गया। लोगों ने पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र, फूल माला, प्रतीक चिन्ह भेंटकर आशिर्वाद एवं शुभकामनाएं दी। जन्मदिन को मनाते हुए कहा कि विधायक विनय वर्मा के नेतृत्व में शोहरतगढ़ का ऐतिहासिक विकास हो रहा है। राष्ट्रीय एकता विकास मंच को विधायक ने हर स्तर पर सहयोग का आश्वासन दिया। विधायक विनय वर्मा ने आएं हुए समस्त जनों का आभार व्यक्त किया। विधायक के 44 वे जन्मदिवस के शुभ कार्यक्रम पर मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्य कुमार सोनी,राष्ट्रीय संयोजक जेपी वर्मा, राष्ट्रीय संगठन प्रभारी विपिन सोनी, कोषाध्यक्ष विनोद वर्मा, राष्ट्रीय सचिव संतोष कुमार सोनी, लखनऊ के पूर्व पार्षद शैलेंद्र स्वर्णकार, मनीष रस्तोगी, दिनेश सोनी,हरीश वर्मा, बब्बू सोनी, विवेक सोनी, देवेंद्र सोनी, आशीष सोनी बब्बू, सतीश स्तोगी डब्बू , अर्जुन सोनी, महेंद्र सोनी,रमेश कुमार वर्मा, विजय रास्तोगी, रितेश रास्तोगी, गोपाल रास्तोगी डॉ संजय रास्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

## सिद्धार्थनगर से लापता 3 किशोरियां गोंडा में बरामद

● मुंबई जाने वाली ट्रेन से मिली, पिता की डांट-फटकार से नाराज होकर घर छोड़कर निकली थी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के मोहाना थाना क्षेत्र से रविवार सुबह लापता हुई तीन किशोरियों को पुलिस ने कुछ ही घंटों के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। मोहाना पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की संयुक्त कार्रवाई में तीनों बालिकाओं को गोंडा रेलवे स्टेशन पर मुंबई जाने वाली ट्रेन से मिली। बरामदगी के बाद उन्हें चाइल्ड केयर की निगरानी में रखा गया है। जानकारी के अनुसार, रविवार भोर करीब चार बजे शिवपति नगर टोला महगूचक निवासी चांदनी रावत (14), अंजलि रावत (17) और डफालीपुर निवासी खुशी रावत (15) शौच के लिए घर से निकली थी। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद मामले की सूचना मोहाना पुलिस को दी गई । मामले की गंभीरता को देखते हुए मोहाना थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने तत्काल चार पुलिस टीमों का गठन किया। पुलिस ने जांच शुरू करते हुए संभावित ठिकानों, रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर निगरानी बढ़ा दी। जांच के दौरान मिले इनपुट के आधार पर रेलवे अधिकारियों और आरपीएफ से संपर्क किया गया। संयुक्त प्रयासों के बाद तीनों किशोरियों को गोंडा रेलवे स्टेशन पर पनवेल जाने वाली सुपरफास्ट ट्रेन से बरामद कर लिया गया।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, किशोरियों के पास से मुंबई जाने का टिकट भी मिला है। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे पिता की डांट-फटकार से नाराज होकर घर छोड़कर मुंबई जाने के लिए निकली थी। समय रहते पुलिस और आरपीएफ की सक्रियता के चलते उन्हें सुरक्षित बरामद कर लिया गया। बरामदगी के बाद आरपीएफ के सहायक उपनिरीक्षक संजय कुमार ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर तीनों किशोरियों को चाइल्ड केयर के सुपुर्द कर दिया। अब उनके अभिभावकों को बुलाकर काउंसलिंग कराई जाएगी। इसके बाद नियमानुसार उन्हें परिजनों को सौंपा जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि त्वरित कार्रवाई और विभिन्न एजेंसियों के समन्वय से तीनों बालिकाओं को बरामद कर लिया गया, जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली।

## ऑपरेशन के बाद मरीज की मौत का मामला




**सिद्धार्थनगर।** बर्डपुर स्थित विद्या हास्पिटल पर इलाज में गंभीर लापरवाही और अवैध वसूली का आरोप लगा है। कूल्हे की हड्डी टूटने के बाद भर्ती कराए गए मरीज की आपरेशन के कुछ समय बाद मौत हो गई। स्वजन के अनुसार शिकायतकर्ता रामप्रकाश के पिता बसंत 10 जून को सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। हादसे में उनके कूल्हे की हड्डी टूट गई थी। उपचार के लिए उन्हें बर्डपुर स्थित विद्या हास्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां आपरेशन किया गया। आरोप है कि मरीज का आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद अस्पताल संचालक ने इलाज के नाम पर 72 हजार रुपये वसूल लिए।

स्वजन का कहना है कि अस्पताल संचालक ने उन्हें बताया कि आयुष्मान योजना के तहत केवल 30 हजार रुपये तक का ही इलाज संभव है, जबकि शेष धनराशि अलग देना पड़ेगा। अस्पताल संचालक डॉ.अजय यादव का कहना है कि सारे आरोप झूठे और बेबुनियाद हैं कुछ विरोधियों की चाल है जो अस्पताल को बदनाम करना चाहते है। दुर्घटना में बुजुर्ग बसंत की फीमर टूट गई थी। जांच करने पर पता चला कि उन्हें अन्य कई गंभीर बीमारियां हैं और हार्ट के मरीज हैं दो बार हार्ट अटैक आया है।मरीज के स्वजन बता रहे थे की गोरखपुर से दवा चल रहा है। आपरेशन के आठ घंटे बाद बुजुर्ग की मौत हो गई लापरवाही की बात पूरी तरह से झूठ है। आयुष्मान कार्ड से कोई भुगतान नहीं लिया गया है। मरीज की मौत हार्ट अटैक से हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### शहर में लूटपाट करने वाले 3 युवक गिरफ्तार, 13 मोबाइल फोन और 5 मोटरसाइकिल बरामद

**लुधियानाः** पुलिस कमिश्नर लुधियाना के निर्देश पर चलाए जा रहे स्पेशल ऑपरेशन के तहत फोकल पॉइंट थाने की पुलिस ने शहर में लूटपाट करने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस द्वारा अपर मंगली इलाके में की गई नाकाबंदी के दौरान मोटरसाइकिल पर सवार तीन संदिग्ध युवकों को रोका गया। पूछताछ और तलाशी के दौरान उनके पास से 13 मोबाइल फोन और 5 मोटरसाइकिल बरामद की गई, जिनमें 3 बिना रजिस्ट्रेशन वाली मोटरसाइकिलें शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मनजिंदर सिंह उर्फ विक्की, दीपक सिंह उर्फ दीपू और मनप्रीत सिंह उर्फ पप्पू के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी बरामद सामान के बारे में कोई कानूनी दस्तावेज नहीं दिखा सके। इस संबंध में फोकल पॉइंट थाने में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों से गहराई से पूछताछ की जा रही है और और भी अहम खुलासे होने की संभावना है।

### शहर में लूटपाट करने वाले 3 युवक गिरफ्तार, 13 मोबाइल फोन और 5 मोटरसाइकिल बरामद



**लुधियानाः** पुलिस कमिश्नर लुधियाना के निर्देश पर चलाए जा रहे स्पेशल ऑपरेशन के तहत फोकल पॉइंट थाने की पुलिस ने शहर में लूटपाट करने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस द्वारा अपर मंगली इलाके में की गई नाकाबंदी के दौरान मोटरसाइकिल पर सवार तीन संदिग्ध युवकों को रोका गया। पूछताछ और तलाशी के दौरान उनके पास से 13 मोबाइल फोन और 5 मोटरसाइकिल बरामद की गई, जिनमें 3 बिना रजिस्ट्रेशन वाली मोटरसाइकिलें शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मनजिंदर सिंह उर्फ विक्की, दीपक सिंह उर्फ दीपू और मनप्रीत सिंह उर्फ पप्पू के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी बरामद सामान के बारे में कोई कानूनी दस्तावेज नहीं दिखा सके। इस संबंध में फोकल पॉइंट थाने में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों से गहराई से पूछताछ की जा रही है और और भी अहम खुलासे होने की संभावना है।

### दिल्ली में स्पा की आड़ में चल रहा था सेक्स रैकेट का कारोबार, पुलिस ने 5 महिलाओं को छुड़ाया; संचालक गिरफ्तार

**दिल्ली।** स्पा की आड़ में चल रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ कर पहाड़गंज थाना पुलिस की टीम ने स्पा संचालक को गिरफ्तार करते हुए पांच महिलाओं को मुक्त कराया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान रामपुर के सावेद अली उर्फ शब्बीर के रूप में हुई है। जांच में सामने आया कि वह डीबीजी रोड स्थित ग्लैमर यूनिसेक्स सैलून एंड स्पा का संचालन और प्रबंधन कर रहा था और वहीं से देह व्यापार की गतिविधियों को संचालित किया जा रहा था। पुलिस ने मौके से कई आपत्तिजनक सामान बरामद किया है और मामले में आगे की जांच कर रही है। उपायुक्त रोहित राजबीर सिंह के मुताबिक, 13 जून को पहाड़गंज पुलिस को सूचना मिली थी कि डीबीजी रोड स्थित एक स्पा सेंटर में सेक्स रैकेट चलाया जा रहा है। सूचना के बाद तुरंत टीम बनाई गई। कांस्टेबल ललित को सादे कपड़ों में नकली ग्राहक बनाकर स्पा में भेजा गया। स्पा के भीतर कर्मचारियों ने उनसे पैसे की पेशकश की। इसके बाद कांस्टेबल ललित ने पहले से चिन्हित 1,800 की राशि स्पा संचालक को दी। जैसे ही तय संकेत मिला, पुलिस टीम ने मौके पर छापा मार दिया।

छापेमारी के दौरान पुलिस को स्पा में अवैध गतिविधियों के संचालन के प्रमाण मिले। उसके बाद मामला दर्ज कर सावेद अली उर्फ शब्बीर को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने पांच महिलाओं को मुक्त कराया, जिनमें दो महिलाएं कोलकाता, एक बिहार के चंपारण और दो दिल्ली की रहने वाली हैं। मौके से पुलिस ने 4,200 नकद और कई आपत्तिजनक सामान बरामद किया है। फिलहाल यह पता लगाया जा रहा है कि इस रैकेट में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

# अब एसआईटी करेगी श्रीराम मंदिर में चढ़ावे में घोटाले की जांच

● योगी सरकार ने गठित की टीम



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावे की रकम में कथित गड़बड़ी का मामला अब गंभीर होता जा रहा है। मंदिर ट्रस्ट ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पूरे मामले की जांच विशेष जांच दल (एसआईटी) से कराने की मांग की थी। इसके कुछ ही घंटों बाद राज्य सरकार ने तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन कर दिया। एसआईटी में लखनऊ मंडल के आयुक्त विजय विश्वास पंत (आईएएस), आईजी रेंज किरन एस. (आईपीएस) और वित्त विभाग के विशेष सचिव नीलरतन को शामिल किया गया है। टीम को 7 दिनों के भीतर प्रारंभिक रिपोर्ट और 15 दिनों के अंदर अंतिम रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही भविष्य में ऐसी किसी भी संभावित अनियमितता को रोकने के लिए सुझाव भी देने होंगे। राम मंदिर के दानपात्र से धन के कथित गबन के मामले में जांच एजेंसियों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रुदौली क्षेत्र के मीनापुर ठकुरन फगौली गांव में छापेमारी की। इस दौरान आरोपी लवकुश मिश्रा के घर से करीब 10 लाख रुपये बरामद किए जाने की बात सामने आई है। कार्रवाई राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में की गई। बताया जा रहा है कि कुछ रकम गोबर में दबाकर छिपाई गई थी, जबकि बाकी पैसे एक बक्से में रखे मिले। लवकुश के पिता ने भी पैसे मिलने की पुष्टि की है। सूत्रों के अनुसार, लवकुश मंदिर में चढ़ावे की राशि की गणना करने का काम करता था। लवकुश के पिता बच्चूलाल मिश्रा ने बताया कि राम मंदिर ट्रस्ट से जुड़े तीन-चार लोग उनके घर पहुंचे और ताला खोलकर नकदी अपने साथ ले गए। उनका कहना है कि उन्हें इस धन के बारे में कोई जानकारी नहीं थी क्योंकि वे लंबे समय से गाजियाबाद में रह रहे हैं। बच्चूलाल ने यह भी कहा कि फैजाबाद में बन रहे मकान को लेकर जो चर्चाएं हो रही हैं, उनका उनके बेटे से कोई संबंध नहीं है। उनके अनुसार, मकान निर्माण के लिए उन्होंने पहले से खरीदी गई जमीन और लगभग 10-12 बीघा कृषि भूमि गिरवी रखी है। उन्होंने कहा, 'मेरा बेटा पिछले पांच-छह महीने से राम मंदिर में काम कर रहा था। उसे वहां नौकरी रवि मिश्रा ने दिलवाई थी, जो हमारे समधी हैं। फैजाबाद में बन रहा मकान हमारी मेहनत और जमीन गिरवी रखकर जुटाए गए पैसों से बन रहा है, उसका बेटे से कोई लेना-देना नहीं है।' लवकुश पहले कार मिस्त्री का काम करता था। शादी के बाद करीब एक वर्ष पहले उसे मंदिर ट्रस्ट में नौकरी मिली थी। गांव के लोगों का कहना है कि नौकरी मिलने के बाद उसकी आर्थिक स्थिति में अचानक बदलाव दिखाई देने लगा था। गांव में यह चर्चा भी है कि लवकुश ने कथित तौर पर कुछ नकदी गांव के एक घूर (कूड़े के ढेर) में छिपाकर रखी थी। स्थानीय लोगों का दावा है कि पुलिस ने वहां से भी एक बोरी में भरे रुपये बरामद किए हैं। हालांकि पुलिस की ओर से इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि लवकुश के बाबा जगदंबा मिश्रा अक्सर लोगों से कहते थे कि उनका नाती मंदिर में काम करता है और काफी पैसा कमा रहा है। इसी वजह से गांव में उसकी आर्थिक स्थिति को लेकर लंबे समय से चर्चा होती रही। उत्तर प्रदेश के अयोध्या जनपद में स्थित भव्य राम मंदिर के चढ़ावे में हुए कथित गबन और वित्तीय अनियमितता का मामला अब थमने के बजाय और अधिक तूल पकड़ता जा रहा है। मंदिर की साख, व्यवस्था और वित्तीय पारदर्शिता को लेकर अब राष्ट्रीय स्तर पर मंथन और बैठकों का दौर शुरू हो गया है। सूत्रों से मिली बेहद बड़ी जानकारी के अनुसार, इस पूरे मामले में चल रही प्रशासनिक जांच के बीच अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने भी सीधे हस्तक्षेप करते हुए पूरे घटनाक्रम की विस्तृत रिपोर्ट तलब कर ली है।इस कथित घोटाले की आंच अब मंदिर परिसर में तैनात अमले पर भी पहुंचती दिख रही है। इस महाविवाद के बीच, बुधवार को अयोध्या के गलियारों में एक और सनसनीखेज चर्चा जोरों पर रही कि गबन की गई कुल राशि में से करीब डेढ़ करोड़ (1.5 करोड़) की नगदी कथित तौर पर बरामद कर ली गई है। इसके साथ ही, पकड़े गए संदिग्धों से पुलिस व खुफिया एजेंसियों की पूछताछ और उनके व्यक्तिगत बैंक खातों की डिटेल्स खंगालने का काम भी तेजी से जारी है। हालांकि, इस गबन के मामले में जब सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के स्थानीय शाखा प्रबंधक (मैनेजर) से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कैमरे पर कुछ भी बोलने से साफ इनकार कर दिया।सूत्रों का कहना है कि दान पेटियों से निकले पैसों की गिनती और उन्हें सीधे बैंक चेस्ट में जमा करने के काम में लगे कुछ बैंक कर्मियों की भूमिका की भी अंदरूनी जांच की जा रही है। फिलहाल, इस पूरे घटनाक्रम और डेढ़ करोड़ की बरामदगी की चर्चाओं पर राम मंदिर ट्रस्ट के मुख्य पदाधिकारियों ने अभी तक पूरी तरह से चुप्पी साध रखी है।

## दिल्ली दंगों की साज़िश मामले में उमर खालिद और शरजील इमाम ने फिर दायर की ज़मानत अर्ज़ी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** उमर खालिद और शरजील इमाम ने दिल्ली कोर्ट में ज़मानत की अर्ज़ी दाखिल की। यह अर्ज़ी 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के पीछे एक बड़ी साज़िश के मामले में है, जो UAPA के तहत दर्ज किया गया। कड़कड़डूमा कोर्ट के वेकेशन जज डॉ. सुमेध कुमार सेठी ने ज़मानत याचिकाओं पर नोटिस जारी किया और दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा। इस मामले की सुनवाई 4 जुलाई को होनी है। इमाम और खालिद ने नियमित ज़मानत याचिकाएं तब दाखिल कीं, जब सुप्रीम कोर्ट की एक बेंच ने उन्हें ज़मानत न देने के फैसले पर सवाल उठाए। इमाम की ज़मानत याचिका में कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के छह महीने से ज़्यादा समय बीत जाने के बाद भी ट्रायल की कार्यवाही में कोई खास प्रगति नहीं हुई। उनका तर्क है कि आरोप तय करने (चार्ज फ्रेमिंग) पर बहस अभी पूरी नहीं हुई। इस मामले में इमाम को लगभग छह साल की लंबी कैद का सामना करना पड़ रहा है। FIR 59/2020 की जांच दिल्ली पुलिस का स्पेशल सेल कर रहा है। यह मामला भारतीय दंड संहिता (IPC), 1860 और गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (UAPA), 1967 के तहत विभिन्न अपराधों के लिए दर्ज किया गया। इस मामले में आरोपी ताहिर हुसैन, उमर खालिद, खालिद सैफी, इशरत जहां, मीरान हैदर, गुलफिशा फातिमा, शिफा-उर-रहमान, आसिफ इकबाल तन्हा, शादाब अहमद, तस्लीम अहमद, सलीम मलिक, मो. सलीम खान, अतहर खान, सफूरा ज़रगर, शरजील इमाम, फैज़ान खान और नताशा नरवाल हैं।

## गौहाटी उच्च न्यायालय बेंच की मांग को लेकर मेहरपुर में जागरूकता बैठक और हस्ताक्षर अभियान आयोजित





● 'मजबूत बराक वैली, मजबूत न्याय व्यवस्था' के नारे के साथ हाई कोर्ट बेंच स्थापना की मांग तेज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि-** असम के बराक वैली में लंबे समय से चल रही गौहाटी उच्च न्यायालय की बेंच स्थापना की मांग को लेकर शुक्रवार को जागरूकता बैठक एवं विशाल हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र में न्यायिक सुविधाओं को सुलभ बनाना तथा आम नागरिकों की न्याय तक पहुंच को और अधिक सशक्त करना बताया गया। यह कार्यक्रम डिमांड इम्प्लीमेंटेशन कमेटी, काछार जिला द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि बराक वैली की भौगोलिक दूरी, बढ़ते मुकदमों का दबाव तथा न्यायिक प्रक्रियाओं में आने वाली कठिनाइयों को देखते हुए यहां गौहाटी उच्च न्यायालय की स्थायी अथवा वैकल्पिक बेंच की स्थापना अत्यंत आवश्यक है। इससे न केवल समय और धन की बचत होगी, बल्कि न्याय प्रणाली अधिक प्रभावी और सुलभ बनेगी। कार्यक्रम के दौरान 'मजबूत बराक वैली, मजबूत न्याय व्यवस्था' के नारे लगातार गूंजते रहे। उपस्थित लोगों ने हस्ताक्षर अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए इस मांग को अपना समर्थन दिया। कार्यक्रम का आयोजन दुर्गा मंडप, शिवालिक पार्क, मेहरपुर में शाम लगभग 7 बजे किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। आयोजकों ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और इस मांग को सरकार एवं संबंधित न्यायिक प्राधिकरणों तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जाएगा। यह मांग लंबे समय से क्षेत्र में उठाई जा रही है और स्थानीय लोगों के अनुसार यह न्यायिक सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है। कार्यक्रम में अधिवक्ता ध्रुव कुमार साहा, उदय शंकर गोस्वामी, महावीर जैन, रसराज दास, हारान दे, धर्मानंद देब, तुहिना शर्मा, अंजन स्वामी, अनिर्बान भोमिक सहित विशिष्ट व्यक्ति वर्ग मौजूद थे।

## 'किनारा चमकाने से यमुना का पानी नहीं होगा साफ',AAP ने BJP के सफाई अभियान पर कसा तंज



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने यमुना का किनारा साफ करने जमीन पर उतरे मंत्री प्रवेश वर्मा समेत पूरी भाजपा सरकार पर तंज कसा है। आप ने यमुना का किनारा साफ कर रहे प्रवेश वर्मा का वीडियो एक्स पर साझा कर कहा कि मां यमुना का सिर्फ किनारा चमकाने से दूषित पानी साफ नहीं होगा। पार्टी ने कहा कि गत दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने यमुना का पानी साफ करने का वादा किया था, सिर्फ किनारा करने की बात नहीं कही थी। आप ने आरोप लगाया कि दिल्ली में सरकार बनते ही भाजपा ने युद्ध स्तर पर यमुना की सफाई करने का खूब प्रचार करके वाहवाही लूटी थी, लेकिन डेढ़ साल में यमुना को जरा भी साफ नहीं कर पाई है। आज भी पानी काला ही है। आप ने कहा है कि जब भाजपा चुनाव जीतकर आई, तो मीडिया में बढ़-चढ़कर दिखाया गया कि सफाई का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। लेकिन हकीकत यह है कि जिस किनारे पर यह तथाकथित सफाई चल रही है, वहीं पर मां यमुना का पानी बेहद काला, दूषित और मैला है।

# नारनौल पुलिस ने लुधियाना से पकड़ा हथियार सप्लायर

● 2024 में युवक को उपलब्ध कराए, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट में फरार चल रहा था







स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लुधियाना-** महेंद्रगढ़ जिला पुलिस ने अवैध हथियार तस्करों और वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। सीआईए नारनौल की टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे एक अवैध हथियार सप्लायर और घोषित अपराधी (पीओ)को पंजाब के लुधियाना से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कुलताजपुर निवासी भारत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार वर्ष 2024 में अवैध हथियार रखने के मामले में गिरफ्तार एक आरोपी से पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ था। कि उसे हथियार लुधियाना के भारत ने उपलब्ध कराया था। इसके बाद से ही सीआईए नारनौल की टीम आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस टीम ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उसके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी और तकनीकी व गुप्त सूचनाओं के आधार पर आखिरकार उसे लुधियाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।

**दो मामलों में था पीओ घोषित**

जांच में सामने आया कि आरोपी का अपराधिक रिकॉर्ड काफी पुराना है और वह लंबे समय से कानून से बचने के लिए फरार चल रहा था। थाना सदर नारनौल में दर्ज दो अलग-अलग मामलों में कोर्ट उसे पहले ही पीओ(पोक्लेम्ड ऑफेंडर) घोषित कर चुकी थी।

**हत्या के प्रयास का भी मामला**

पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ वर्ष 2020 में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज हुआ था।

इसके अलावा वर्ष 2021 में हत्या के प्रयास और आर्म्र्स एक्ट से संबंधित एक अन्य मामला भी दर्ज है। इन दोनों मामलों में आरोपी अदालत में पेश नहीं हुआ और लगातार फरार रहा, जिसके चलते अदालत ने उसे पीओ घोषित कर दिया था।

## यूथक्रिया संस्थापक राघब चंद्र नाथ ने कराटे खिलाड़ियों को दिया 'फिट बॉडी, फिट वर्ल्ड' का संदेश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

यूथक्रिया ग्लोबल ऑर्गेनाइजेशन के संस्थापक एवं गवर्निंग बॉडी प्रेसिडेंट राघब चंद्र नाथ ने जलपाईगुड़ी में कराटे खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें संगठन के विभिन्न सामाजिक एवं जनजागरण अभियानों की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने युवाओं से स्वस्थ, नशामुक्त, स्वच्छ और पर्यावरण-संरक्षण आधारित जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में राघब चंद्र नाथ ने संगठन के चार प्रमुख अभियानों–यूथक्रिया फिट वर्ल्ड रिवोल्यूशन, यूथक्रिया ड्रग फ्री रिवोल्यूशन, यूथक्रिया ट्रैश क्लीन रिवोल्यूशन तथा यूथक्रिया ग्रीन रिवोल्यूशन–के उद्देश्यों और गतिविधियों पर प्रकाश डाला। यूथक्रिया ग्लोबल ऑर्गेनाइजेशन की गवर्निंग बॉडी सेक्रेटरी मानसी शर्मा ने बताया कि श्री नाथ ने खिलाड़ियों को नियमित व्यायाम कर शारीरिक रूप से फिट रहने, पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण करने, नशे से दूर रहने तथा स्वच्छता अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, 'पहले स्वयं को फिट बनाएं, फिर समाज और दुनिया को फिट एवं स्वस्थ बनाने में अपनी भूमिका निभाएं।' कार्यक्रम में उपस्थित कराटे खिलाड़ियों ने यूथक्रिया के अभियानों से जुड़कर गांव-गांव तक स्वास्थ्य, स्वच्छता, नशामुक्ति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश पहुंचाने का संकल्प लिया। आयोजन के दौरान युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी और सकारात्मक बदलाव के प्रति उत्साह देखने को मिला। यह संस्करण राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों की औपचारिक रिपोर्टिंग शैली के अनुरूप तैयार किया गया है।

## नेपाल में मादक पदार्थों की तस्करी का शक, दो भारतीय गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल में मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें दो भारतीय नागरिक हैं। नेपाल पुलिस ने शनिवार को बिहार के सीतामढ़ी जिले के रहने वाले दो भारतीय नागरिकों अहमद लादन और मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार किया। पुलिस ने एक नेपाली नागरिक जितेंद्र पासवान को भी गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा जांच के दौरान न रुकने पर पुलिस ने संदिग्धों पर गोली चलाई, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। संदिग्धों के पास से ट्रॉमाडोल (एक तरह की दवा जिसका इस्तेमाल दर्द निवारक और नशे के लिए किया जाता है) के लगभग 30,000 कैप्सूल बरामद किए गए। संदिग्धों द्वारा इस्तेमाल कार और मोटरसाइकिल के साथ-साथ पांच मोबाइल फोन जब्त किए गए।

## 'हैरी बॉक्सर गिरोह', जो स्पेशल सेल और हरियाणा STF के लिए बन रहा चुनौती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दिल्ली।** पश्चिम दिल्ली और हिसार में बीते बृहस्पतिवार को कुख्यात गैंग्सटर हैरी बाक्सर के शूटरों द्वारा दो जिम के बाहर अंधाधुंध फायरिंग कराने के मामले में चार दिन बाद भी पुलिस के शूटरों को नहीं पकड़ पाई है। अमेरिका में छिपे हैरी के निर्देश पर उसके दो शूटरों ने पहले पश्चिम विहार में तड़के 4.45 बजे बालीवुड सिंगर गुरु रंधावा के जिम के बाहर सात राउंड फायरिंग की थी। उसके कुछ ही देर बाद तड़के करीब 5.25 बजे बाइक सवार दो बदमाशों ने हिसार के हांसी में जिम ट्रेनर कपिल रेधू की जिम के बाहर नौ गालियां मारकर हत्या कर दी थी। घटना के कुछ घंटे के बाद हैरी के फरार शूटर अनिल पंडित और फिर बाक्सर ने खुद तीन मिनट का आडियो मैसेज भेजकर दोनों वारदात कराने की जिम्मेदारी ली थी। इन दोनों घटनाओं से यह साफ है कि हैरी बाक्सर गिरोह एक बार फिर हरियाणा एसटीएफ और स्पेशल सेल के लिए चुनौती बन गया है। हांसी में कपिल रेधू जब सुबह के समय जिम पर पहुंचा था तभी बाइक से अए दो बदमाशों ने उनपर दस गालियां चला दी थी, नौ गोलियां लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। हिसार पुलिस ने दोनों शूटरों की पहचान भी कर ली है। वे दोनों हिसार के ही रहने वाले हैं। बाइक चोरी की थी जिसे बरामद कर ली गई है। वारदात के बाद राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर बाइक छोड़कर वे जयपुर की तरफ भाग गए थे। पश्चिम दिल्ली में गोलियां चलाने वाले शूटरों की पुलिस पहचान नहीं कर पाई है।

**हैरी का असली नाम हरि चंद जाट**

जानकारी के मुताबिक हैरी का असली नाम हरि चंद जाट है जो राजस्थान के अलवर जिले का रहने वाला है।

सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि लारेंस के जेल में होने के कारण वह विदेश से गिरोह को चला रहा है। पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मामले में दायर आरोपपत्र में नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने कहा था कि लॉरेंस गिरोह के पास पूरे भारत में लगभग 800 शूटर है। उस समय, गोल्डी बराड़ को लारेंस का दाहिना हाथ माना जाता था और वह मूसेवाला की हत्या की साज़िश रचने में शामिल था। पुलिस अधिकारी का कहना है कि हांसी और पश्चिमी दिल्ली के बीच की दूरी करीब 130 किलोमीटर है। इसलिए दोनों मामले में दो अलग-अलग शूटर हो सकते हैं।

**अभिनेता सलमान खान से दूर रहने की चेतावनी दी**

बृहस्पतिवार को हैरी के तीन मिनट के आडियो मैसेज में उसने दावा किया कि रंधावा को बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान से दूर रहने की चेतावनी दी थी, और सिंगर द्वारा उसकी सलाह को नज़रअंदाज़ करने के बाद फायरिंग कराने की बात कही थी। उसी मैसेज में बाक्सर ने यह भी दावा किया था कि कपिल





रेधू की हत्या इसलिए की गई क्योंकि वह शेखपुरा और धानी पूर्णिया में हाल ही में हुई गोलीबारी की साज़िश में शामिल था। पुलिस अभी ऑडियो रिकार्डिंग की सच्चाई का पता लगा रही है। दोनों राज्यों की पुलिस टीमें शूटरों के बारे में पता लगाने में जुटी हुई हैं। बाक्सर दिल्ली में छह मामलों में वांटेड है, जिनमें व्यापारियों और जिम मालिकों को निशाना बनाकर रंगदारी मांगने और फायरिंग की घटनाएं शामिल हैं।

**एक बिजनेसमैन से पांच करोड़ की रंगदारी मांगी**

पिछले साल अगस्त में भी हैरी ने दिल्ली के एक बिजनेसमैन से पांच करोड़ की रंगदारी मांगी थी, जिसके बाद स्पेशल सेल ने उसके दो शूटरों को गिरफ़्तार कर लिया था। बाक्सर पर पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में 25 से ज़्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। कनाडा में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफे पर गोलीबारी के बाद पहली बार अगस्त में बाक्क्सर का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में आया था।

## पार्किंग विवाद में ट्रक ड्राइवर ने लात-घूंसों से पीटा, पीड़ित ने 4 दिन बाद तोड़ा दम

**दिल्ली।** बाहरी दिल्ली में सिरसपुर के धर्मकांटा पर दो ट्रक ड्राइवर के बीच पार्किंग को लेकर हुए विवाद ने हिसंक रूप ले लिया। एक ड्राइवर ने दूसरे को लात-घूंसों से इस कदर पीटा कि चार दिन बाद अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी ट्रक ड्राइवर को लोनी (गाजियाबाद) से गिरफ्तार कर लिया। मृतक मूलतः उत्तर प्रदेश के कासगंज और अब लंबे समय से दिल्ली के सिरसपुर के चंदन विहार में रह रहे थे। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त शोभित डी. सक्सेना ने बताया कि सात जून को पुलिस को रोहिणी के बाबा साहेब अंबेडकर से एक व्यक्ति के घायलावस्था में भर्ती होने की सूचना मिली। अस्पताल की ओर से बताया गया कि सिरसपुर के चंदन पार्क के रहने वाले 35 वर्षीय बब्लू को पेट में चोट को लगी है। घायल बयान देने की स्थिति नहीं पाया गया। उन्होंने बताया कि 10 जून को अस्पताल से बबलू की मृत्यु होने की सूचना मिली। इसके बाद मृतक के चचेरे भाई वीरेश ने पुलिस को बताया कि छह जून रात करीब 8:30 बजे बबलू ने उन्हें बताया कि सिरसपुर के महादेव धर्म कांटा पर पार्किंग को लेकर हुए झगड़े के बाद कैंटर के ड्राइवर ने उस (बब्लू) पर हमला किया। हमले के दौरान आरोपी ने बबलू को घूंसे और लात मारी, जिससे उसके पेट में गंभीर चोटें आईं। उपचार के दौरान उसकी हालत बिगड़ गई, इमरजेंसी सर्जरी की जरूरत पड़ी।

## 370 बिरयानी कॉन्ट्रोवर्सी में प्रणित मोरे की माफी पर कुणाल कामरा ने कसा तंज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दिल्ली।** कॉमेडियन प्रणित मोरे के शो में 370 रुपये की बिरयानी वाली टिप्पणी पर हुए विवाद के बीच, कॉमेडियन कुणाल कामरा ने मोरे की माफी पर तंज कसा है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब प्रणित के शो में हिमांशु जांगरा ने कहा कि वह एक महिला के साथ डेट पर गए थे, उन्होंने चिकन बिरयानी की एक प्लेट के लिए 370 रुपये चुकाए थे और इसलिए उन्हें अपने निवेश का 'रिटर्न' मिलना चाहिए था।

**प्रणित मोरे ने मांगी माफी**

इस टिप्पणी पर सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया हुई; शो के दौरान हंसने और जांगड़ा को बोलने का मंच देने के कारण मोरे की भी आलोचना हुई। इस प्रतिक्रिया के बाद, मोर ने एक वीडियो बयान के जरिए दूसरी बार माफी मांगी और एक व्यक्ति के तौर पर खुद को बेहतर बनाने के लिए एक और मौका मांगा।

**कुणाल कामरा ने कसा तंज**



माफी पर प्रतिक्रिया देते हुए कामरा ने 𝕏 पर लिखा, 'कॉमेडियन को इन चीजों का सहारा लेना बंद कर देना चाहिएः 1. कहानी सुनाना, 2. क्राउड वर्क, 3. कड़ी मेहनत, 4. बैंक बैलेंस, 5. माता-पिता'। एक अलग पोस्ट में कामरा ने यह भी ट्वीट किया, 'प्रणित मोरे के सामने हर्ष गुजराल बराक ओबामा जैसे लगते हैं'।

**गुरुग्राम स्टैंड-अप शो विवाद के बारे में**

गुरुग्राम में प्रणित मोरे के स्टैंड-अप शो का एक क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस क्लिप में वे दर्शकों में शामिल हिमांशु जांगड़ा से बात कर रहे थे, जो अपनी एक 'डेट' का अनुभव बता रहे थे। क्लिप में जांगड़ा ने कहा कि डेट के दौरान चिकन बिरयानी की एक प्लेट पर 370 खर्च करने के बाद, उन्हें उस महिला से बदले में कुछ उम्मीद थी। उन्होंने कहा, 'मैंने कहा कि 370 लगे हैं तो उसे वसूल तो करूंगा ही'। आलोचना के बाद, प्रणित और हिमांशु ने 370 रुपये की बिरयानी वाले विवाद पर अलग-अलग वीडियो बयानों में माफी मांगी।